| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 74,244.90 |
| निफ्टी | ~ | 22,519.40 |
| सोना | ~ | 66,500 |
| चांदी | ~ | 85,500 |
| डॉलर | ~ | 83.61 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
सोमवार 15 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल 08 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 203
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

PMG

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

## खास खबर

### सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग

मुंबई। सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। 2 बाइक सवारों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे। इस घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर से भी बात करते हुए सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा है। सलमान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खान को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी।

### ट्रक पर लदे 622 किलो गांजा को एनसीबी ने किया जब्त

औरंगाबाद। औरंगाबाद में मुफस्सिल थाना क्षेत्र में जीटी रोड से ट्रक पर लदे बड़ी मात्रा में गांजा को पटना की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने पकड़ा है। एनसीबी की टीम ने ट्रक चालक और सहचालक को मौके से ही गिरफ्तार किया है। ट्रक से करीब 622 किलो गांजा जब्त किया गया है। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। एनसीबी के अधिकारियो ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में जीटी रोड से ट्रक पर लदे बड़ी मात्रा में गांजा को पटना की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने रविवार की रात पकड़ा है। ट्रक को जप्त कर मुफस्सिल थाने में लाया गया है। एनसीबी की इस कार्रवाई से जिला पुलिस की सूचना और लोकसभा चुनाव को लेकर मादक पदार्थ और शराब के खिलाफ की जा रही नियमित कार्रवाई पर अब सवाल भी उठ रहा है। चर्चा है कि एनसीबी की टीम को गांजा की सूचना मिल गई और पकड़ भी लिया, पर जिला पुलिस की टीम को कोई जानकारी नहीं मिली। यह कार्रवाई एनसीबी की टीम ने की है, गांजा लदे ट्रक को कहां से पकड़ा गया है और किन लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। इस कार्रवाई के बारे में कोई विशेष जानकारी तहा पुलिस को नहीं है। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए ट्रक चालक और सहचालक को एनसीबी की टीम अपने साथ पटना ले गई है।

### एयर इंडिया तेल अवीव के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कीं

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने तेल अवीव के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया है। यह फैसला इजराइल और ईरान में बढ़ते तनाव को देखते हुए किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली से तेल अवीव के लिए सीधी उड़ानें फिलहाल निलंबित रहेंगी। एयर इंडिया दिल्ली और इजराइल के शहर के बीच चार साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी ने लगभग पांच महीने के अंतराल के बाद तीन मार्च को तेल अवीव के लिए सेवाएं बहाल की थीं। इजरायल के शहर पर हमास के हमले के बाद एयर इंडिया ने पिछले साल सात अक्टूबर से तेल अवीव के लिए उड़ानें निलंबित कर दी थीं।

### हॉस्टल में लगी भीषण आग, कई झुलसे

कोटा। राजस्थान के कोटा शहर में एक हॉस्टल में आग लग गई जिसमें कई छात्र हॉस्टल के अंदर ही फंस गए। जिससे कई छात्र घायल हो गए। छात्र अपनी जान बचाने के लिए एक छात्र हॉस्टल की खिड़की कूद गया जिससे उसका पैर फैक्चर हो गया। सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों और पुलिस अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और सीढ़ी के जरिए दूसरे और तीसरे माले में मौजूद 70 छात्रों को बचाया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र...

# पांच साल राशन, फ्री बिजली, 10 करोड़ किसानों को पेंशन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मैनिफेस्टो जारी किया। इसे भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया।

76 पेज के संकल्प पत्र में भाजपा ने पांच साल तक प्रधानमंत्री राशन योजना के जारी रहने, 70 साल तक के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना का लाभ देने, उज्जवला योजना को आगे बढ़ाने, लखपति दीदी-ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने और 10 करोड़ किसानों को आर्थिक सहायता जारी रखने की बात कही गई है। यानी संकल्प पत्र में लोकलुभावन मुद्दों को भी शामिल करने की कोशिश की गई है। इसके साथ ही पार्टी ने संवेदनशील मुद्दों जैसे एक राष्ट्र, एक चुनाव और समान नागरिक संहिता को लाने का वादा भी किया है। जिस तरह भाजपा ने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राम मंदिर के अपने मुद्दे को पूरा करके दिखाया है, माना जा सकता है कि यदि वह सत्ता में आती है, तो वह अपना वादा पूरा करने में कोई कमी नहीं रखेगी। भाजपा का यह मुद्दा एक विशेष वर्ग खासकर युवाओं के बीच उसकी लोकप्रियता का कारण बन सकता है।

## संकल्प पत्र के बड़े वादे-




### युवाओं के लिए

पेपर-लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा ने कहा कि हमने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। अब, हम इस कानून को सख्ती से लागू करके, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे। भाजप ने कहा कि उसकी सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं का पारदर्शी आयोजन कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया है। हम आगे भी सरकारी भर्तियां समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करते रहेंगे। हम सरकारी परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए इच्छुक प्रदेश सरकारों को भी सहयोग देंगे।

### -महिलाओं के लिए

एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। महिला एसएचजी को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा, महिला एसएचजी उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रख-रखाव। एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता से दूर किया जाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन।

### रेलवे के लिए

नई रेलवे पटरियों का निर्माण। यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार। अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ी जाएंगी। टिकट की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता। कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार। विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण। आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार। विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार। आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन की शुरुआत। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए ट्रेनों का विस्तार। 1,300+ रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास हो रहा है। इस परियोजना का विस्तार अन्य सभी बड़े और मध्यम आकार के स्टेशनों तक किया जाएगा। मेट्रो नेटवर्क का विस्तार। पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी किया जाएगा। नागरिकों को ट्रेनों से संबंधित सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए सुपर एप। भारत की समृद्ध विरासत के अनुभव के लिए भारत गौरव रेल सेवा आरंभ की गई है। इसका विस्तार देश के सभी प्रमुख आस्था एवं सांस्कृतिक केंद्रों तक होगा।

### - किसानों के लिए

पीएम किसान योजना से किसानों को मजबूती- किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती लाई जाएगी। प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी। सहकारिता के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत पीएचएस में पर्यात भंडारण क्षमता विकास। कीटनाशक के प्रयोग, सिंचाई, सॉइल हेल्थ, मौसम पूर्वानुमान जैसी कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए एक स्वदेशी भारत कृषि डीटेलाइट की लॉन्चिंग। कृषि में सूचना की विसंगति को हटाना और किसान केंद्रित समाधान एवं सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम

भाजपा ने कहा कि पिछली सरकारों की अपेक्षा, हमने नागरिकों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान किया है। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का प्रौद्योगिकी के माध्यम से सख्ती से पालन करेंगे।

### -समान नागरिक संहिता

भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परम्पराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए।

### -संस्कृति के लिए

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से प्रेरित होकर धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। अयोध्या में विश्वभर से करोड़ों बद्दालु श्री रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं। अयोध्या नगरी कर सर्वांगीण विकास किया जाएगा। भास्तीय पांडुलिपियों का संरक्षण और अध्ययन।प्राचीन भारतीय सभ्यता, शास्त्रीय भाषाओं, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए एक फंड स्थापित किया जाएगा। भारतीय साहित्यिक रचनाओं का विदेशी भाषाओं में अनुवाद। भारतीय ज्ञान परंपराओं पर एक त्रिवार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को तैयार करने के उद्देश्य से एएसआई स्मारकों का जीर्णोद्धार और संरक्षण। पर्यटन स्थलों के व्यापक विकास के लिए स्वदेश दर्शन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए राज्य सरकारों के साथ काम किया जाएगा। महत्वपूर्ण संतों और दार्शनिकों की जीवन यात्राओं को शामिल किया जाएगा। पर्यटन के लिए थीनेटिक सर्किट का विकास। लक्षद्वीप एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में द्वीप पर्यटन केंद्र। नॉर्थ-ईस्ट भारत और अन्य पहाड़ी राज्यों में एडवेंचर पर्यटन। वेड इन इंडिया का प्रोत्साहन।

### छत्तीसगढ़ में शाह बोले

## 3 साल में खत्म कर देंगे नक्सलवाद

राजनांदगांव। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ का व्यापार करती है। उन्होंने पूर्व सीएम और राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर भी निशाना साधा। शाह ने कहा कि, भूपेश कका इतना सारा भ्रष्टाचार करके पेट नहीं भरा है अभी भी यहां से सांसद बनना चाहते हैं। शाह ने कहा कि, मैं आज राजनांदगांव की जनता को कहने आया हूं कि आप लोगों ने भूपेश बघेल को विधानसभा में हराया है, इससे भी बड़े मार्जिन के साथ इनको फिर से घर पर भेजने का काम करिए। केंद्रीय गृहमंत्री रविवार को खैरागढ़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रत्याशी और सांसद संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार करते करने पहुंचे अमित शाह ने कहा कि, आप तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाइए, छत्तीसगढ़ में 3 साल में नक्सलवाद खत्म कर देंगे। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की हाई प्रोफाइल सीट मानी जा रही है। यहां दूसरे



चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

#### ऐसा बटन दबाएं कि करंट इटली तक जाए

शह ने कहा कि खैरागढ़ की जनता इस बार बीजेपी को जिताने के लिए कमल के निशान पर ऐसा बटन दबाएं कि करंट इटली तक जाए। संतोष पांडे को जिताएंगे फिर से एक बार मोदी सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सोनिया मनमोहन की सरकार में पाकिस्तान से आकर आलिया, जमालिया यहां बम धमाके करते थे। मोदीजी ने देश को आतंकवाद से बचाने का काम किया। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक पाकिस्तान पर बीजेपी की सरकार में हुआ।

#### वन नेशन, वन इलेक्शन जमीन पर लाएंगे

अमित शाह ने कहा कि, पूरे भारत में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। वन नेशन, वन इलेक्शन को बीजेपी जमीन पर लाएगी। बुजुर्गों का 5 लाख तक का इलाज फ्री में होगा। सस्ता गैस, मुफ्त इलाज और 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का काम हम करेंगे। शाह ने कहा मैं आज राम के ननिहाल में आया हूं। आप बताइए राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं? आप लोगों ने मोदीजी को दूसरी बार पीएम बनाया। हमने राम मंदिर बनाने के लिए केस भी जीता भूमिपूजन भी किया और मंदिर भी बनवाया। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई है। कांग्रेस ने इस मुद्दे को सालों से लटकाया और भटकाया था। रामनवमी आ रही है पहली बार रामलला अपने मंदिर में बर्थडे मनाएंगे।

## केजरीवाल की याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल यानी सोमवार को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने विगत मंगलवार को गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने ईडी की दलील पर गौर करते हुए कहा था कि ईडी के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त सबूत हैं। इसमें कुछ बयान और शराब नीति के निर्माण में केजरीवाल के शामिल होने के सबूत शामिल हैं। केजरीवाल ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### पिपरिया की जनसभा में पीएम मोदी की गर्जना

## जहां दूसरों की उम्मीदें खत्म वहां से मोदी की गारंटी शुरू

पिपरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के पिपरिया नगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए चुनावी गर्जना की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर करारा प्रहार किया। उन्होंने होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वहां से शुरु होती है, जहां से दूसरों की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार दोपहर मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पिपरिया नगर पहुंचे और यहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। यहां बतलाते चलें कि पिछले एक हफ्ते के अंदर पीएम मोदी का यह तीसरा मध्य प्रदेश दौरा है। इससे पहले पीएम मोदी ने बीते रविवार संस्कारधानी जबलपुर में एक रोड शो कर चुनाव प्रचार किया था। यहां पिपरिया में पीएम मोदी ने मंच पर नर्मदा मैया की जय के साथ ही अपना संबोधन शुरू किया। जनसभा के दौरान मंच पर छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत?याशी विवेक बंटी




साहू भी मौजूद थे। सभा में पीएम मोदी ने कहा कि आप इंडिया गठबंधन की स्थिति को देखिये। वो यह भी तय नहीं कर पा रहे कि घोषणापत्र एक जिम्मेवारी होती है, देश की जनता के लिए प्रतिबद्धता होती है। उनकी सरकार क्या करना चाहती है, कैसे करना चाहती है, यह भी उनकी बातों में कहीं दृष्टव्य नहीं होता है। उन्होंने कहा कि उनके घोषणापत्र में एक से बढ़कर एक खतरनाक वादे हैं। उनके एक साथी का घोषणापत्र तो यह भी कहता है कि देश से परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। कोई देश ऐसा सोच भी सकता है क्या?... जैसी इनकी घातक सोच, वैसा ही उनका धातक घोषणापत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के रूप में आप सभी के सामने है। गांव हो या शहर, सरकार हर गरीब के पक्के घर का सपना पूरा करेगी। यह मोदी की गारंटी है।

होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया नगर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने

## तमिलनाडु में 1 हजार करोड़ का 1,425 किलो सोना जब्त

चेन्नई। लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में एक बड़ी जब्ती हुई। चुनाव आयोग (ईसी) के फ्लाइंग स्क्वाड ने तमिलनाडु में एक ट्रक से लगभग 1,000 करोड़ रुपये का 1,425 किलो सोना जब्त किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारियों ने कुंद्राथुर के पास वंडालूर-मिजिनूर आउटर रिंग रोड पर एक ट्रक और कार को रोका, जिससे भारी मात्रा में कीमती धातु जब्त की गई। ट्रक की जांच के दौरान डिब्बों में सोना होने का पता चला। ट्रक के पीछे चल रही कार में सवार लोगों ने अधिकारियों को बताया कि उनके पास सभी कागजात हैं और सोना श्रीपेरंबदूर की एक फर्म में ले जाया जा रहा है। हालांकि, ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारी पेश किए गए दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं थे और ट्रक के साथ-साथ उन्होंने कार को भी रोक लिया। सूत्रों के अनुसार दोनों वाहनों को श्रीपेरंबुदूर राजस्व कार्यालय ले जाया गया। कांचीपुरम जिला राजस्व अधिकारी और आयकर अधिकारी जब्त किए गए सोने की सही कीमत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरुआत में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। तमिलनाडु और पुडुचेरी में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, इसलिए चुनाव आयोग ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है और वाहनों की जांच भी तेज कर दी है।

### राजस्थान में प्रियंका गांधी बोलीं

## मोदीजी ने लॉटरी बेचने वालों और वैक्सीन बनाने वालों तक से पैसे लिए

जालोर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को राजस्थान के भीनमाल (जालोर) में प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मोदी जी भ्रष्टाचार और इमानदारी की बात करते हैं लेकिन उन्होंने लॉटरी बेचने वालों और वैक्सीन बनाने वालों तक से पैसे लिए हैं। पीएम मोदी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है। इन बातों से आपके जीवन का



क्या मतलब है, जो सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी है, उस पर कोई बात नहीं करता।

उन्होंने कहा कि चुनाव का समय हिसाब लेने का होता है। राजस्थान में हो सकता है आपको गहलोत सरकार से थोड़ा गिला शिकवा हो, इसलिए आपने सरकार बदल दी। हालांकि इसके बाद क्या हुआ, आपने देखा जो स्कीमें कांग्रेस सरकार ने शुरू की थीं, उसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। कांग्रेस सरकार के समय जनता को 25 लाख की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रहीं थीं, जिसे भाजपा सरकार ने आते ही बंद कर दिया। आज राजस्थान की भाजपा सरकार जनता के हित में काम नहीं कर रही है। अब देश का चुनाव है, इसलिए आपको सोच समझ कर वोट करना होगा। आज चुनाव के वक्त देश में अजीब माहौल बन गया है, जनता के ध्यान के भटकाने वाली बातें हो रही हैं।

#### बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या है। मुझे लगता है कि पीएम मोदी को कुछ हो गया है, वो समझ नहीं पा रहे हैं। इनके अधिकारी पीएम को सच्चाई बताने से डर रहे हैं।

## सीनियर को थप्पड़ मारना गलत, कर्मचारी की सेवा बहाली रद्द

### -बॉम्बे हाई कोर्ट के जज ने कहा-ट्रिब्यूनल का आदेश चौकाने वाला

मुंबई। एक कर्मचारी को अपने सीनियर को थप्पड़ मारना महंगा पड़ा गया। कंपनी ने कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया था फिर ये मामला हाईकोर्ट पहुंचा गया। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कर्मचारी द्वारा सीनियर को थप्प्ड़ मारने की गंभीर करतूत मानते हुए कर्मचारी की सेवा बहाली रद्द कर दी है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुपरवाइजर को थप्पड मारने वाले हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कर्मचारी की सेवा बहाल करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने माना कि कार्यस्थल पर अनुशासन बनाए रखने के लिए बर्खास्तगी के आदेश को कायम रखना ज़रूरी है। इससे पहले सेंट्रल गवर्मेंट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल (सीजीआईटी) ने इस मामले को गंभीर मानने से इनकार कर दिया था उनका कहना था यह इतना बड़ा मामला नहीं है कि कर्मचारी को नौकरी से बर्खास्त दिया जाए, क्योंकि सुपरवाइजर को कोई गंभीर चोट नहीं आई थी। मामले की विभागीय जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं और जांच रिपोर्ट में काफी विसंगतियां मिली थी। ट्रिब्यूनल ने कर्मचारी का एक इन्क्रीमेंट रोकने और 20त्न बैकवेज का भुगतान करने का निर्देश दिया था। इस फैसले को एचपीसीएल और कर्मचारी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। बॉम्बे हाई कोर्ट के जज ने ट्रिब्यूनल के आदेश की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि प्रकरण में उसका आदेश चौकाने वाला है। गलत हरकत करने वाले कर्मचारी के प्रति ऐसी उदारता अन्य कर्मचारियों को प्रोत्साहित करेगी।

# नपा के फायर कर्मियों ने नहीं बनाया अग्निशमन दिवस

## कहां जान जोखिम में डालकर दे रहे हैं सेवाएं, टैंक फूटा होने से दो फायर ब्रिगेड से 24 घंटे बहता है पानी, संसाधनों की है बहुत कमी, फायर कर्मियों का नहीं हुआ है बीमा - दीपक मोगरे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर पालिका के अग्निशमन विभाग जो की अति आवश्यक सेवा में आता है उस विभाग की यदि बात करें तो यहां काफी अव्यवस्थाओं का बोलबाला है तो वहीं बालाघाट नगर पालिका के पास तीन फायर ब्रिगेड और एक रेस्क्यू वाहन है जिसमें से दो फायर ब्रिगेड के पानी टैंकरों से 24 घंटे टैंक फूटा होने की वजह से पानी बहते रहता हैं और इन फायर ब्रिगेड की स्थिति अत्यधिक खराब हो चुकी है, यह वाहन बहुत अधिक पुराने होने की वजह से कभी भी बंद हो सकते हैं, तो वहीं विभाग की बात करें तो यहां कार्य करने वाले फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को किसी प्रकार की कोई व्यवस्थाएं नहीं दी गई है, जबकि आग बुझाने वाले इन फायर कर्मचारी को ना ही फायर सेफ्टी सूट दिए गए हैं और ना ही उनके हाथों में दस्ताने नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं, आज भी यह अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी सेवाएं नगर पालिका में दे रहे हैं, वहीं बताया जा रहा है की इन फायर कर्मचारी का बीमा तक नगर पालिका द्वारा नहीं किया गया है, जबकि 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस मनाया जाता है और सप्ताह भर जागरूकता को लेकर कार्यक्रम किए जाते हैं किंतु बालाघाट नगर पालिका में ना ही अग्निशमन दिवस मनाया गया और ना ही जागरूकता को लेकर कोई कार्यक्रम किया जा रहा हैं और नौकरी के डर से कोई भी नगर पालिका का कर्मचारी कैमरे के सामने कुछ भी कहने से परहेज कर रहा है। आपको बता दे की 14 अप्रैल 1944 यानी अग्निशमन के इतिहास का वह काला दिन था, जिसमें होमगार्ड, अग्निशमन व पुलिस विभाग से 231 कर्मी शहीद हो गए थे। इस तिथि को अग्निशमन विभाग काला दिवस के रूप में मनाता है और इसके साथ ही अग्निशमन सप्ताह का शुभारंभ हुआ था। इस सप्ताह के दौरान फायर ब्रिगेड द्वारा विभिन्न कारखानों, शैक्षणिक संस्थाओं, ऑइल डिपो आदि जगहों पर अग्नि से बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिया जाता है। फायर सर्विस सप्ताह के तहत नागरिकों को आग से बचाव और सावधानी बरतने के मकसद से लोगों को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। किंतु बालाघाट नगर पालिका की बात करें तो यहां पर किसी प्रकार का कोई ना ही अग्निशमन दिवस मनाया गया और ना ही जागरूकता को लेकर कोई कार्यक्रम करने की कार्य योजना नगर पालिका ने अभी तय की है, जबकि हमने नगर पालिका के अग्निशमन विभाग की व्यवस्थाएं देखी, तो यहां व्यवस्था बहुत ही अधिक बद से बदतर नजर आई, यहां मात्र तीन ही फायर ब्रिगेड है जिसमें से दो फायर ब्रिगेड के टैंक फूटे होने की वजह से 24 घंटे टैंकों से पानी बहते रहता है और फायर कर्मचारी को जो व्यवस्थाएं और सुविधा मिलना चाहिए वह व्यवस्था और सुविधा नहीं मिल रही है, जिस कारण से नगर पालिका के अग्निशमन में काम करने वाले कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर आज शहर में लगी आग को बुझा रहे हैं।

### फायर ब्रिगेड के फूटे हुए हैं टैंक बहते रहता है 24 घंटे पानी

नगर पालिका के पास तीन फायर ब्रिगेड है और एक रेस्क्यू वाहन है जिसमें से तीन फायर ब्रिगेड में से दो फायर ब्रिगेड की स्थिति काफी अधिक खराब है और इन फायर ब्रिगेड के टैंको से 24 घंटे पानी बहता रहता है, बालाघाट नगर पालिका पर अधिकतर गांवों और नगर परिषद निर्भर रहती है और जब भी कोई बड़ी घटना दुर्घटना होती है तो यही से दमखाल वाहन जाते हैं लेकिन यहां पर तीन में से दो फायर ब्रिगेड तो बहुत अधिक खस्ताहाल हो गई है और उनके टैंको से 24 घंटे पानी बहता रहता है और यह जानकारी उच्च अधिकारी को भी दे दी गई है पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।





### फायर कर्मी जान जोखिम में डालकर बुझाते हैं आग

नगर पालिका फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी गई है, जबकि आग बुझाने जैसे अति आवश्यक सेवाओं में काम करने वाले फायर कर्मचारी के पास आज सुविधाओं के साथ-साथ उपकरणों की भी कमी बनी हुई है, जबकि आग बुझाने के समय फायर कर्मचारी को फायर सूट दिए जाते हैं, किंतु इन कर्मचारियों के पास ना ही फायर सूट है, ना ही हाथों में विशेष प्रकार के दस्ताने, जबकि नगर पालिका द्वारा फायर कर्मचारी को फायर सूट, जूते, दस्ताने, नेट और अन्य संसाधनों के साथ उपकरण देना चाहिए, पर नगर पालिका द्वारा वर्षों से फायर कर्मचारी को कोई भी सुविधा और ना ही वर्षों से नगर पालिका द्वारा ड्रेस तक नहीं दी गई है।

### नगर पालिका ने फायर कर्मियों का आज तक नहीं कराया बीमा

आपको बता दे कि जिस प्रकार से फायर कर्मचारी की अति आवश्यक सेवाओं में गिनती होती है और इन अति आवश्यक सेवाओं में घटना, दुर्घटना कभी भी किसी के साथ हो सकती है, हम नहीं चाहते कि किसी कर्मचारी के साथ कोई घटना या दुर्घटना हो, किंतु देखा जाए तो नगर पालिका को फायर कर्मचारी का बीमा करवाना चाहिए, यदि भविष्य में कोई घटना, दुर्घटना इन कर्मचारियों के साथ होती है, तो उनके परिवार वालों को आर्थिक सहायता या मदद मिल सके, किंतु अभी तक नगर पालिका में फायर कर्मियों के बीमा तक नगर पालिका ने नहीं करवाई है।

### सफाई व्यवस्था देखने वाले कर्मी को बना दिया फायर ब्रिगेड का प्रभारी

कुछ फायर कर्मचारी के द्वारा अनौपचारिक चर्चा में यह भी बताया गया कि जिस प्रकार से फायर ब्रिगेड में कार्य करने के लिए उन्हें अनुभव होना चाहिये की वह किस प्रकार से आग बुझाते है और आग के समय क्या सावधानी रखना है, इन सब बातों के लिए विशेष ट्रेनिंग और जानकारी दी जाती है किंतु अभी नगर पालिका द्वारा एक विभाग के कर्मी दीपक मोगरे जो की गार्डन की व्यवस्थाएं देखते थे उन्हें ही नगर पालिका द्वारा फायर ब्रिगेड शाखा का प्रभारी बना दिया गया है और जब उनसे फायर विभाग के कर्मचारियों की संख्या पूछी गई तो वह हड़बड़ा गए और उनका कहना है कि उन्हें बहुत सी जानकारी अभी नहीं है, अब आप यह अंदाजा लगा सकते हैं कि कैसे इस अति आवश्यक सेवा के साथ नगरपालिका मजाक कर रही है और कोई घटना दुर्घटना होती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा।

### दो फायर ब्रिगेड के टैंकर फूटे होने से बहता है पानी संसाधन और व्यवस्थाओं की है कमी - दीपक मोगरे

फायर ब्रिगेड शाखा के प्रभारी दीपक मोगरे द्वारा बताया गया कि उनके पास तीन फायर ब्रिगेड के बड़े वाहन है और एक रेस्क्यू वाहन है जिसमें से एक वाहन सही है और दो फायर ब्रिगेड वाहनों से 24 घंटे पानी गिरते रहता है और उन दो वाहनों की स्थिति भी काफी खराब है और इसे कई बार टैंकर भी खाली हो जाते हैं, सुधारने का प्रयास किया गया पर वह सुधर नहीं रहे हैं वही फायर कर्मचारी के लिए किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है इस प्रश्न पर उन्होंने कहा कि सही में कर्मचारियों को सोने की व्यवस्था नहीं है और वह उनकी व्यवस्था बनाने में लगे हैं और उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी है जबकि फायर कर्मी कह रहे हैं कि फायर सूट से लेकर दस्तानों की कमी है पर प्रभारी खुलकर कैमरे के सामने बोल नहीं पा रहे हैं, पर उन्होंने भी माना की कमियां तो है और उन्होंने अभी कुछ महीने पहले ही चार्ज लिया है, इसलिए अभी उन्हें पूरी जानकारी पता नहीं है, किंतु यदि वर्तमान में अभी कहीं आग लग जाए तो उनके कर्मचारियों के पास फायर सूट नहीं है और बहुत सारी कमियां उनके विभाग में है, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने उच्च अधिकारियों को दे दी है और वह भी चाहते हैं कि उनके विभाग में सारी सुविधा हो।

# ग्राम पंचायत भरवेली में भी रामनवमी पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। इस वर्ष भी रामनवमी 17 अप्रैल को पूरे धूमधाम के साथ मनाई जाएगी इसके लिए अभी से ही अलग-अलग समिति और श्रद्धालुओं द्वारा अपने अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है, जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में भी रामनवमी को लेकर एक अलग ही धूम चल रही है जिसमें सभी राम भक्तों के द्वारा रामनवमी को लेकर कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है, वहीं जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत भरवेली में भी इस वर्ष प्रतिवर्ष के अनुसार रामनवमी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी, इसके लिए भरवेली के राम भक्तों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। आपको बता दे की हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन भगवान राम संग माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा की जाती है। जिसको लेकर अभी से ही ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरों में राम भक्तों द्वारा इसकी तैयारी बड़े ही धूमधाम के साथ की जा रही है, वहीं जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत भरवेली के सरपंच प्रतिनिधि अनिल बिसेन द्वारा बताया गया कि उनकी ग्राम पंचायत में भी प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष रामनवमी का त्यौहार बड़े ही भक्ति भाव और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, क्योंकि इस बार रामनवमी अयोध्या में राम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ऐसा अवसर आ रहा है की यह रामनवमी पहली बार मनाई जाएगी और यह एक बहुत अच्छा योग है और इस बार उनकी ग्राम पंचायत भरवेली में विष्णु धाम हीरापुर के मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो की हीरापुर होते हुए पंचायत के प्रमुख चौक, चौराहा एवं मुख्य मार्ग से होते हुए हनुमान मंदिर भरवेली में समाप्त होगी, जिसको लेकर राम भक्तों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है और अभी से ही सभी मंदिर और मार्ग में साज सज्जा का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है।



# बालाघाट निर्वाचन कार्यालय ने बनाया आपदा में संचार और उपचार का फूल प्रूफ प्लान

## नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों के अमले को मिलेगी विशेष मेडिकल किट, सेवा के लिए रोजगार सहायक और सचिव को भी प्राथमिक उपचार के लिए ट्रेंड किया गया

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जिला देश के उन 12 जिलों में तथा प्रदेश के एकमात्र जिलों में शामिल है जहां नक्सल गतिविधियां प्रभावी है। ऐसी स्थिति में यहां की 8 में से 3 विधानसभा बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक तथा अन्य विधानसभाओं में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक 19 अप्रैल को मतदान होना है। नक्सल गतिविधियों की हरकतों पर पुलिस विभाग नजर रख रहा है। लेकिन किसी अप्रिय घटना में किसी भी मतदान दल या निर्वाचन कार्य में कोई बाधा न पहुँचे और ऐसा कुछ हो तो सम्भवत: तत्काल प्राथमिक उपचार मिले। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आपदा प्रबंधन के लिए संचार और उपचार के सारे बंदोबस्त कर रहा है। इसी सिलसिले में रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत और राजस्व विभाग/एआरओ विभागों के साथ एक बैठक आयोजित की जिसमें ऐसी ही किसी अप्रिय घटना के बाद किसकी क्या जिम्मेदारी होगी ? संचार कैसे होगा ? उपचार कैसे और कौन करेगा ? इस सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारियां साझा की गई। वही कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने ऐसे शासकीय कर्मी जो मतदान दिवस के दिन केंद्र पर रहेंगे, उन्हें भी विशेष रूप से निर्देशित किया गया है। जिले में ऐसे 58 मतदान केंद्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी ऐतिहात बरती जाएगी। मतदान केंद्रों पर ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार किया जा सके। इसके लिए केंद्रों पर विशेष मेडिकल किट उपलब्ध रहेगा।



साथ ही कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा ने मतदान केंद्रों के आस पास के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर तथा पीएचसी व एसएचसी पर सूचीबद्ध की गई दवाइयों को जांचने क्र निर्देश दिए है। अगर केंद्रों पर उपलब्ध नही है तो डिमांड कर ले। बैठक में जिपं सीईओ डीएस रणदा, एडीएम जीएस धुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडे, सिविल सर्जन डॉ. दबड़गांव, समस्त बीएमओ, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सचिव व जीआरएस उपस्थित रहे।

### सचिव/जीआरएस को मतदान शीघ्रता से कराने का प्लान बताया

बैठक सह प्रशिक्षण में डीईओ डॉ. मिश्रा ने उन सभी सचिवों व जीआरएस को मतदान जल्दी कराने के तरीके सुझाये गए। उन्हें बताया गया कि दल के पहुँचने पर ही सारी तैयारियां रात में ही कर लेंगे। अभिकर्ताओं और गांव वाले मतदाताओ को पूर्व से ही जल्द मतदान के लिए सूचित करेंगे। यदि मतदान दलों की गति धीमी है तो सेक्टर को इन्फॉर्म करके अतिरिक्त अधिकारी की मांग करेंगे। साथ ही शाम का भोजन तैयार करके बसों में ही रखेंगे।

### जिला अस्पताल सहित गोंदिया, जबलपुर और नागपुर के अस्पताल किये आरक्षित

डीईओ डॉ. मिश्रा ने सीएमएचओ डॉ. पांडे और एडीएम श्री धुर्वे को निर्देश दिए है जिन अस्पतालों को आरक्षित रखा जा रहा है, उन्हें आज ही पत्र भेजे। जबलपुर मेडिकल कॉलेज के अलावा सहयोग अस्पताल, मेडिट्रीना इंस्टिट्यूट और प्लेटिना हार्ट हॉस्पिटल को आकस्मिक उपचार के लिए आरक्षित किया गया है। साथ ही उन अस्पतालों के लिए पुलिस व अधिकारी को लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे सम्बंधित अस्पतालों के प्रबंधन से चर्चा करेंगे। इनके अलावा जिला अस्पताल में भी 10 आईसीयू बेड आरक्षित रखें जाएंगे। साथ ही तहसीलों के सिविल अस्पतालों व जनपद स्तरीय सामुदायिक केंद्रों में 5-5 बेड आरक्षित रखें जाएंगे। पूरे समय डॉक्टर्स नियुक्त रहेंगे।

### सामान्य सेक्टर अधिकारी के अलावा मेडिकल सेक्टर अधिकारी भी होंगे नियुक्त

डीईओ डॉ. मिश्रा के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. पांडे ने सामान्य सेक्टर अधिकारियों के अलावा एक-एक मेडिकल सेक्टर अधिकारी भी नियुक्त किये है। जिसमें आयुष अधिकारी और मेडिकल ऑफिसर के साथ फार्मासिस्ट, लेब टेक्नीशियन और एमपीडब्ल्यू भी उपस्थित रहेगा। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर आवश्यक उपकरण और कुछ विशेष दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। वहीं मतदान केंद्रों पर विशेष दवाइयों के अलावा आशा और एएनएम भी मौजूद रहेगी। सभी बीएमओ को निर्देश है कि ऐसे मतदान केंद्रों के सचिवों जीआरएस के नम्बर मोबाइल में सेव करेंगे। कोई सूचित करता है और बाद में कॉल नही कनेक्ट हो तो इमरजेंसी के लिए एआरओ/सेक्टर या पुलिस को सूचित करेंगे। अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए चिकित्सा व्यवस्था के लिए अलग से इन्फर्मेशन सूची भी बनाई गई है।

# महिलाओं ने सजाया आमां तालाब दिया वी फॉर वोट का संदेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में हर तरह से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के प्रयास लगातार जारी है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी डीएस रणदा के निर्देशन में सभी विभाग नवाचारों के माध्यम से 19 अप्रैल मतदान दिवस का संदेश दिए जा रहें है। शनिवार देर शाम को वारासिवनी जनपद सीईओ दीक्षा जैन के मार्गदर्शन में अंसेरा पंचायत के आमां तालाब पर आजीविका मिशन, सचिव, रोजगार सहायक और ब्लॉक स्तरीय स्वीप टीम एकत्रित होकर घाट पर सुंदर रंगोली बनाई गई। इसके बाद दीप जलाकर ऐसे रेखांकित किया गया जिसमें दीपों की छवि वोट के रूप में उभर कर आयी। इसके पश्चात दीप प्रवाहित कर दीपदान किया गया। इसमें जनपद के स्वीप प्लान नोडल शैलेन्द्र सिंह अडमे, सहा. नोडल अनुपमा तिवारी, समग्र सामाजिक विस्तार अधिकारी दिव्या गणवीर, उपयंत्री मनोज मेश्राम, सहायक प्रबंधक ललित चिचखेड़े व अन्य मौजूद रहे।



# सड़क हादसे में युवक सचिन उइके की मौत

रामपायली/वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना रामपायली अंतर्गत ग्राम अमई मार्ग पर १४ अप्रैल को कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में सचिन उइके की गंभीर चोट आने से मौत हो गई। जिसमें बताया जा रहा है कि युवक अपनी चाची को लेने के लिए जा रहा था। तब यह हादसा हो गया जिसमें पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सचिन उइके निवासी डोके उम्र लगभग ३२ वर्ष है जो रविवार को अपनी चाची सुनीता मर्सकोले को लेने चिखला जा रहा था। तभी अमई रोड़ पर रामपायली के समीप रेंगझरी मोड़ से थोड़े दुर कन्हार टोला मार्ग पर पहुंचा ही था कि अज्ञात कार एवं उसकी बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे बाईक सवार युवक छिटक कर जमीन पर गिर गया। जो कार की चपेट में आने से सचिन उइके निवासी डोके की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही रामपायली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसका शव १०० डायल पर रखकर रामपायली अस्पताल लाया गया। पुलिस ने शव का मर्च्युरी में आवश्यक शव पंचनामा कार्यवाही व पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।



लामता में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927


परसवाड़ा में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती

## 133 वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए आयोजन, संविधान निर्माता बाबा साहब को किया गया याद, प्रतिमा माल्यापर्ण, जयघोष रैली, उदभोदन सहित अन्य कार्यक्रम सम्पन्न

**बालाघाट( पदमेश न्यूज़ )। संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव आम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल रविवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । जहां जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर सामाजिक बंधुओं ने बाबासाहेब आंबेडकर को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।जहां डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की 133 वी जयंती पर नगर मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक बंधुओं द्वारा रैली निकालकर बाबासाहेब डॉ आंबेडकर का जयघोष किया।तो वहीं जगह जगह मंचीय कार्यक्रमों के आयोजन कर संविधान रचयिता डॉ भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भारतीय समाज में दिए गए उनके योगदान और संविधान में प्रदत्त शक्तियों की जानकारी आम लोगों को देते हुए भारतीय संविधान का अनुसरण करने की बात कही गई। जहां 14 अप्रैल रविवार सुबह से शुरू हुए कार्यक्रमों का यह दौर देर रात तक चल जारी रहा।**



### त्रिशरण पंचशील ग्रहण कर हुई कार्यक्रमों की शुरूवात

बाबासाहेब आबेडकर की 133 वी जयंती पर जिले भर में सुबह से लेकर देर रात तक कार्यक्रमों का दौर जारी रहा। जहां नगर में बाबा साहेब आम्बेडकर के अनुयायियो ने सुबह आंबेडकर चौक पहुचकर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर पुष्प अर्पित कर ,शीश वंदन के साथ विशेष उपासना की। तो वही बौध्य अनुयायियों द्वारा जगह-जगह दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। जहां नगर में कार्यक्रमों की शुरुआत में पूज्य भंते जी द्वारा आंबेडकरवादियों को त्रिशरण पंचशील ग्रहण करवाया और बाबा साहब एवं गौतम बुद्ध के भी सामाजिक लोगों के प्रति दिखाई गये भाव से अवगत कराया।वही पूर्व से निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की गई।

### माल्यार्पण कर वक्ताओं ने डॉ बाबासाहेब आंबेडकर को किया याद

इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब आम्बेडकर को याद कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला, तो वहीं उन्होंने बाबासाहेब आम्बेडकर के किए गए संघर्षों का वर्णन करते हुए भारतीय संविधान का निर्माण, समाज सुधार के लिए किए गए कार्य सहित देशवासियों को दिए गए हक अधिकार के बारे में अवगत कराते हुए समाज संगठन को एक रूप कर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। वही उपस्थित जन समूह ने डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर का जय घोष किया गया तो वही प्रसाद वितरण सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न कराए गए।

### भीम गीतों पर जमकर थिरके युवा

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जहां प्रात: 8 बजे आंबेडकर चौक पर स्थित डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत प्रात: 9 बजे अम्बेडकर चौक से एक रैली निकाली गई। जिसमें महामानव बाबा साहब की जीवंत झांकी और डीजे पर बजते भीमगीतों पर युवाओं और हर वर्ग के लोगो ने झूमकर बाबा साहब आम्बेडकर की जन्मजयंती की खुशी मनाई।आंबेडकर चौक से रैली निकाली यह रैली गोंदिया रोड से हनुमान चौक मेन रोड होते हुए महावीर चौक राजघाट चौक कालीपुतली चौक होते हुए वापस आंबेडकर चौक पहुंची जहाँ रैली का समापन किया गया । जिसके बाद दोपहर 1 बजे से कमला नेहरू प्रांगण में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।जिसका समापन देर रात्रि विविध कार्यक्रमों के आयोजन कर किया गया।

# रामनवमी पर नगर में निकाली गई बाईक रैली

## भगवा रैली में श्री राम के नारे से गुंजा शहर

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। श्री राममंदिर ट्रस्ट व विश्व हिन्दु परिषद द्वारा प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव प्रति वर्षानुसर इस वर्ष भी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस वर्ष रामनवमी पर्व 17 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस अवसर पर विश्व हिन्दु परिषद और श्री राममंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में 14 अप्रैल रविवार शाम 5 बजे उत्कृष्ट स्कूल मैदान से भव्य भगवा बाईक रैली निकाली गई। जिसमें हजारों लोगों ने शामिल होकर जयश्रीराम का जयघोष किया। इस दौरान एक ही नारा, एक ही नाम- जयश्रीराम, जयश्रीराम का उद्घोष गुंजामान हो उठा। इस भगवा बाइक रैली का उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से आगाज किया गया।जो संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए देर शाम वापस उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में समाप्त हुई। इस दौरान हजारों की तादाद में युवा डीजे में बज रहे भक्ति गीतों पर झूमते गाते नजर आए।



### भगवा रंग से सजा शहर

आपको बताए कि इस वर्ष श्री राममंदिर ट्रस्ट और विश्व हिन्दु परिषद द्वारा प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है, पूरे शहर को भगवा रंगो से रंगने के साथ ही आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है, वहीं भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आकर्षक झांकियों को, चौक-चौराहो पर बनाया गया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव, रामनवमी को धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 अप्रैल को विश्व हिन्दु परिषद द्वारा शाम 4 बजे उत्कृष्ट स्कूल मैदान से भव्य बाईक रैली निकाली गई। जबकि आगामी 17 अप्रैल को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव, रामनवमी पर प्रात: 08 बजे सुंदरकांड पाठ, दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी वितरण और शाम 5 बजे से प्रभु श्रीराम की दिव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। इस अवसर पर सभी सनातन धर्म प्रेमियों से उपस्थिति होकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने की अपील श्रीराम मंदिर ट्रस्ट और विहिप के पदाधिकारियों ने की है।

# मजदूरो ने कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का लिया निर्णय

## वैनगंगा मज़दूर यूनियन ने दिया सम्राट सरस्वार को समर्थन, सरस्वार से चर्चा कर गिनाई मजदूरो की समस्याए

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे बालाघाट की राजनीति में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जहां अब विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठन खुलकर प्रत्याशियों के समर्थन में आकर अपनी बात रख रहे हैं। तो वही कई संगठन प्रत्याशियों को दिए गए अपने समर्थन को वापस ले रहे हैं। बालाघाट की राजनीति में चल रहे इसी उतार चढ़ाव के बीच अब मजदूरों ने कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का निर्णय लिया है। जिन्होंने वैनगंगा मजदूर यूनियन के बैनर तले कांग्रेस पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार से मुलाकात कर उन्हें अपना समर्थन दिया।इसके पूर्व वैनगंगा मजदूर यूनियन से जुड़े मजदूरों ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराकर उन समस्याओं का निराकरण किया जाने की बात कही तो वही प्रत्याशी सम्राट सरस्वार ने भी सांसद बनने पर लघु उद्योग खोलने ,माल वाहन व वाहन चालको की समस्याओं को दूर करने ,मजदूरो का पलायन रोकने सहित मजदूर की विभिन्न मांगों व समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाने की बात कही। जहां सम्राट सरस्वार के इस आश्वासन पर वैनगंगा मजदूर यूनियन के अध्यक्ष विशाल बिसेन सहित अन्य मजदूरों ने सरस्वार को लाल गमछा पहनकर उनका स्वागत किया और उन्हें समर्थन देने का ऐलान किया है।इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल बिसेन, संगठन उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, प्रदेश सचिव प्रह्लाद ठाकुर,जिला अध्यक्ष




सत्यम वाघे, वैनगंगा किसान यूनियन प्रभारी पवन बोपचे, जिला सचिव नरेंद्र पटले सहित सैकड़ों मज़दूर साथी उपस्थित रहे।

### मजदूरो के बीच पहुचे सरस्वार, मागा आशीर्वाद

देश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में संपन्न होने बालाघाट संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन का प्रचार चरम पर है। इसीबीच रविवार को बालाघाट जिले में चुनावी परिदृश्य से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम हुआ, जिसमे वैनगंगा मज़दूर यूनियन द्वारा इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार को यूनियन का समर्थन प्रदान किया गया है। बताया गया कि रविवार को वैनगंगा मज़दूर यूनियन के पदाधिकारियों एवं मज़दूर साथियों के बीच लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार पहुँचे, जिनका मज़दूर साथियों ने पुष्पमाला से सम्मान किया और उपरांत यूनियन से जुड़े मजदूरो और पदाधिकारियों द्वारा लाल गमछा पहनाकर समर्थन कर औपचारिक ऐलान किया गया।

### सभी समस्याओं से मिलेगा छुटकारा- सरस्वार

जय हिंद टाकीज के समीप अयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार में वैनगंगा मज़दूर यूनियन का धन्यवाद करते हुए सभी मज़दूर साथियों से उन्हें वोट देने की अपील की साथ ही भविष्य में सांसद सदस्य निर्वाचित होने के पश्चात क्षेत्र में मज़दूरों के पलायन को रोकने के लिए जिले में उद्योग स्थापना किए जाने का वादा भी किया।इसके अलावा मज़दूरों, मालवाहकों, वाहन चालकों की समस्याओं का समाधान करने का भी आश्वासन दिया हैं।जिन्होंने सांसद बनने पर मजदूरों से जुटी सभी समस्याए से छुटकारा दिलाने की बात कही है।

### वर्तमान परिस्तिथियों को दृष्टिगत रखते हुए किया सरस्वार का समर्थन - विशाल

वही अयोजित कार्यक्रम को लेकर की चर्चा के दौरान वैनगंगा मज़दूर यूनियन अध्यक्ष विशाल बिसेन ने बताया कि जिले में यूनियन के पदाधिकारियों एवं मज़दूर साथियों से चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया की बालाघाट जलि की वर्तमान परिस्तिथियों को दृष्टिगत रखते हुए इस लोकसभा चुनाव में व्यक्तिगत तौर पर सम्राट सिंह सरस्वार का समर्थन करना ही उचित है, इसी लिये आज यूनियन पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार का सत्कार किया गया एवं समर्थन किया गया है।

# हनुमान जयंती पर हनुमान स्वरूप को निकलते नहीं देखा तो फिर अब क्यो ?

## हम पाठ के खिलाफ नहीं पर नियमो से हो पाठ, ईमलीटेकरा के ग्रामीणों ने की बैठक, मनमर्जी से काम करने का दूसरे पक्ष पर लगाया आरोप

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़)। जिले के मॉयल नगरी भरवेली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हीरापुर ईमलीटेकरा में धार्मिक आयोजन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने है, जहां गत दिवस कुछ लोगों ने गत दिनों प्रशासन को अनुमति के लिए ज्ञापन दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने बीती रात्रि बैठक कर वस्तुस्थिति से मीडिया को अवगत कराया है। गौरतलब हो कि गत दिनों हनुमान जन्मोत्सव पर एक पक्ष हनुमान स्वरूप निकलना चाहता है, जिसके चलते उसने एसडीएम अनुमति की मांग की थी, लेकिन अनुमति नहीं मिलने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर लोगों ने प्रशासन से अनुमति की मांग के साथ ही दशहरा उत्सव समिति पर आयोजन में रूकावट पैदा करने का आरोप लगाया था।जिसके बाद ग्रामीणों ने गत रात्रि बैठक की और हनुमान जयंती पर हनुमान स्वरूप निकालने को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया। मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई ग्रामीणों की बैठक में राजेन्द्र शिववंशी, प्रेमप्रकाश भारद्वाज, मनीष राउत, रामेश्वर देवांगन, दानिश शिववंशी, मनीष भारद्वाज, राजा हिरेन्द्रवार, शुभम नागेश्वर, मनोज साहु, गायत्री शिववंशी, मोंटु बरमैया, प्रमिला भारद्वाज सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।



### मनमर्जी से काम नही होना चाहिए

आयोजित बैठक के दौरान महिला समिति अध्यक्ष श्यामबाई ने बताया कि अब तक हनुमान जयंती पर हनुमान स्वरूप को निकलते नहीं देखा है।जो महिलाएं, वहां गई थी, वह महिला मंडल में शामिल भी नहीं है।उन्हें बहला-फुसलाकर लेकर गए थे। ग्रामीण रामराज परिमल ने बताया कि वर्तमान में डब्बुलाल नागेश, मंदिर के स्व-अध्यक्ष है। चूंकि इससे पहले मैं भी मंदिर समिति में था, लेकिन मेरे आगे बढ़ना, उन्हें रास नहीं आया है और उन्होंने मुझे अलग कर दिया।यही नहीं बल्कि उनके द्वारा मंदिर के आय-व्यय को भी पारदर्शी तरीके से नहीं रखा जाता है। साथ ही मनमर्जी से वह काम करते है और वह मंदिर में ही निवास करते है, जिन्होंने मंदिर को मंदिर नहीं बल्कि अपना घर समझ लिया है। जो मंदिर में लगे सीसीटीव्ही से देखा जा सकता है।

### 40 दिनों का पाठ और नियमो का पालन करना जरूरी है- अंकित शिववंशी

आयोजित बैठक को लेकर की गई चर्चा के दौरान रामकृष्ण बजरंग मंदिर विष्णुधाम के सेवादार अंकित शिववंशी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान स्वरूप का विरोध नहीं है, चूंकि यह परंपरा कभी गांव में रही नहीं है और हम नई परंपरा को विधिवत और नियमों के तहत चाहते है, चूंकि भगवान हनुमान का स्वरूप धारण करना, कोई आसान नही है, इसके लिए 40 दिनों का तप और नियमों का पालन करना होता है, लेकिन वर्तमान में विकास धानेश्वर (लालु) जो हनुमान स्वरूप धारण करना चाहते है, वह नियमो का पालन नहीं कर रहे है। जो हम सभी सनातनियों की आस्था और विश्वास के विपरित है और दूसरी बात कि गर्मी का मौसम है, इस गर्मी में हनुमान स्वरूप धारण करना, काफी मुश्किल होता है, चूंकि जो हनुमान स्वरूप धारण करने का दावा कर रहे है, वह अक्सर बीमार रहते है। जिसके साथ स्वरूप धारण करने के दौरान कोई अनहोनी घटना, बालाघाट की तरह ना हो जाए, इसलिए ग्रामीण चितिंत है और वह नहीं चाहते है कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना के कारण गांव और मंदिर का नाम खराब हो और दशहरा में निकलने वाले हनुमान स्वरूप पर किसी प्रकार का कोई विघ्न पैदा हो। यही कारण है कि गांव के लोग, हनुमान जयंती पर हनुमान स्वरूप धारण करने को लेकर एकमत नहीं है।

# मोटरसाइकिल जंगली सूअर से टकराई खैरी निवासी बसेने दंपति घायल

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़)। शादी में शामिल होने के लिए जा रहे बसेने दंपति मोटरसाइकिल जंगली सूअर से टकराने से घायल हो गए। 14 अप्रैल को 9:30 बजे करीब यह दुर्घटना खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम खैरी से टेमनी के बीच हुई । दोनों घायल जिनमें छगनलाल पिता गना जी बसेने 45 वर्ष और उनकी पत्नी श्रीमती राजवंती पति छगनलाल बसेने ग्राम खैरी बालाघाट निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छगनलाल बसेने अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 14 अप्रैल को छगनलाल बसेने ने अपनी पत्नी राजवंती बसेने के साथ मोटरसाइकिल में खैरलांजी क्षेत्र में वाले ग्राम ग्राम टेमनी अपनी रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जब छगनलाल बसेने अपनी पत्नी राजवंती बसेने के साथ मोटरसाइकिल में ग्राम खैरी से टेमनी के लिए जा रहे थे। तभी खैरी और ग्राम टेमनी के बीच मोटरसाइकिल के सामने अचानक जंगली सूअर आ जाने से मोटरसाइकिल जंगली सूअर से टकरा गई। जिससे दोनों पति-पत्नी मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए । दो लोग घायल पति-पत्नी को खैरलांजी के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।



# महाराष्ट्र राज्य के कत्लखाने पहुंचा जा रहे मवेशियों से भरी पिकअप जप्त

## चालक गिरफ्तार- न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़)। खैरलांजी पुलिस ने महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खान पहुंच जा रहे मवेशियों से भरी एक पिकअप को जप्त किया और इन मवेशियों को पिकअप में भरकर ले जा रहे पिकअप चालक पंकज पिता राम प्रसाद बोपचे 24 वर्ष ग्राम मुरमाड़ी थाना रामपायली निवासी को गिरफ्तार किया है। पिकअप में भरे पाए गए पांच मवेशी में चार गाय ,एक बैल की कीमत 45 हजार रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी पंकज उपजेल वारासिवनी में भिजवा दिया गया है। खैरलांजी पुलिस के मुताबिक 13 अप्रैल को सूचना मिली कि ग्राम मुरमाड़ी के कुछ लोग पशुओं को पिकअप में भरकर बेचने के लिए नवेगांव के रास्ते महाराष्ट ले जा रहे हैं। इस सूचना पर नवेगांव के पास पिकअप वाहन को रोके। पिकअप वाहन एमपी 50 जी 1104 का चालक भागने का प्रयास करने लगा। जिसे घेराबंदी कर पक ? पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पंकज पिता राम प्रसाद बापचे 24 वर्ष ग्राम मुरमाड़ी निवासी बताया और उसने इन मवेशियों को बेचने के लिए महाराष्ट्र लेकर जाने के भी संबंध में बताया। पिकअप में पांच नग मवेशी को क्रूरता पूर्वक ठूस ठूस कर भरे हुए थे और यह मवेशी आपस में रस्सी से कसकर बंधे हुए थे। सहायक उपनिरीक्षक सतीश गेडाम ने पंकज बापचे के विरुद्ध धारा 4 6 9 गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, धारा 4 6 मध्य प्रदेश कृषक पशु परीक्षण अधिनियम और धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर इस अपराध में पंकज बोपचे को गिरफ्तार किये। जिसे वारासिवनी की विद्वान अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल भिजवा दिया गया है। इस मामले में प्रयुक्त पिकअप को भी जप्त किया गया है जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई गई है।

# मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति 58 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

## गिरफ्तार दोनों व्यक्ति न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए जिला जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली पुलिस ने ग्राम धापेवाड़ा रेलवे अंडरपास के पास मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति को 58 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किये। गिरफ्तार व्यक्ति गांधी पिता भीखराम मर्सकोले 40 वर्ष और सुरेंद्र पिता हंसलाल मोहरे 40 वर्ष ग्राम धापेवाड़ा बालाघाट निवासी है। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। दोनों से जप्त की गई शराब की कीमत 5800 रुपए बताई गई है कोतवाली पुलिस के मुताबिक 13 अप्रैल की शाम उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह अपने स्टाप के साथ चुनावी अभियान कार्रवाई हेतु देहात भृमण पर निकले थे। इस दौरान सूचना मिली कि एक बिना नंबर की काले रंग की हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति, दो जरीकेन में हाथ भट्टी की कच्ची शराब भरकर ग्राम पंचेरा की ओर से बालाघाट की ओर आ रहे हैं। इस सूचना उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह ने थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले के मार्गदर्शन में धापेवाड़ा रेलवे अंडरपास के पास घेराबंदी की। इस दौरान पंचेराकी ओर से मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर और मोटरसाइकिल घूमाकर भगाने का प्रयास करने लगे थे। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़े पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम गांधी पिता भीखराम मर्सकोले 40 वर्ष और सुरेंद्र पिता हंसलाल मोहरे40 वर्ष ग्राम निवासी बताये। जिनके पास रखी जरीकेन में 29-29लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब पाई गई। जो इस हाथ भट्टी कच्ची शराब का अवैध रूप से अपने कब्जे में रखी हुए थे। कुल 58 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब और इस मामले में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई। गांधी मर्सकोले और सुरेंद्र मोहरे को धारा 34(2 )आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया और उन्हें 14 अप्रैल को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिए जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। दोनों व्यक्ति से जप्त की गई हाथ भक्ति की कच्ची शराब की कीमत 5800 रुपए बताई गई है।

# विधानसभा चुनाव की गलती को सुधारने का मौका है, भाजपा को वोट दे - गौरीशंकर

## खमरिया में पूर्व विधायक गौरीशंकर बिसेन ने भारती पारधी ने लिए मांगा आशीर्वाद

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत खमरिया के साप्ताहिक बाजार के दिन १४ अप्रैल को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी के समर्थन में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा पार्टी के पदाधिकारियों ने उपस्थितजनों को केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर आगामी १९ अप्रैल को बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी को विजयश्री दिलवाकर तीसरी बार केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की है। नुक्कड़ को संबोधित करते हुए बालाघाट के पूर्व विधायक गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि हमारा संकल्प है कि अबकी बार ४०० पार तो विपक्ष कहता है कि यदि भाजपा को ४०० सीट मिली तो वे देश का संविधान बदल देंगे इस तरह अपवाह फैला रहे है। जबकि देश के प्रधानमंती नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश को विकास की ओर बढ़ाया जा रहा है और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो संविधान, दो झंडा नहीं चलेंगे और दो प्रधानमंत्री नहीं चलेंगे, कांग्रेस के समय में कश्मीर में जाने के लिए परमिट लगता था परन्तु भाजपा सरकार में वह परमिट समाप्त कर दिया है। अब कोई भी कश्मीर जा सकता है, घूम सकता है और कोई भी पार्टी संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकता है। श्री बिसेन ने कहा कि कांग्रेस





के लोग नुक्कड़ सभा में कहते है कि कांग्रेस को वोट दो और अब कहने लगे है कि हम महिलाओं को प्रतिमाह ८५०० रूपये देगें यानि एक साल में १ लाख रूपये देगें और भाजपा को कहते है कि महिलाओं को जो १२५० रूपये मिल रहा है उसे बंद कर देगें खजाना खाली हो चुका है, तो हम उनसे कहना चाहते है कि जब खजाना खाली है तो फिर ८५०० रूपये कहा से दोगें और लाड़ली बहना योजना कभी बंद नही होगी। श्री बिसेन ने कहा कि यह देश की अखंडता, एकता, संप्रभुता का चुनाव है और मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनते है तो देश बुलंदियों की ऊंचाईयों पर पहुंचेगी, आज हम अन्य देशों को अनाज निर्यात करने की क्षमता रखते हैं यह बदलाव भाजपा के शासनकाल में आया है एवं भाजपा सरकार में क्षेत्र में सड़क का निर्माण हुआ है एवं अन्य विकास कार्य भी किये गये है, हर घर में नल का प्रबंध करने जा रहे है, खेतों तक पानी पहुंचा रहे है, किसान की फसल को समर्थन मूल्य दे रहे है, बेटियों की पढ़ाई की व्यवस्था कर रहे है, स्कूल, कालेज, सीएम राईस स्कूल खोल रहे है और बालाघाट में अब मेडिकल कालेज भी खुल रहा है। साथ ही यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव में जो गलती हुई है उसे सुधारने का अवसर (मौका) है और मैं पार्टी के नेताओं से अपील करता हूं कि गांव-गांव जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें और आगामी १९ अप्रैल को भाजपा के कमल निशान पर मतदान कर भारती पारधी को विजयश्री दिलवाकर केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाये। जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे ने कहा कि हमारे देश को समृध्द और गौरवशाली बनाना है तो भाजपा को वोट दे, सभी ने पूर्व की सरकार को देखा है और वर्तमान में १० वर्षों से मोदी जी की सरकार को देख रहे हैं, मनमोहन जी जब देश के प्रधानमंती थे तो विदेशों में निवेदन भेज रहे थे कि हमारी संसद में हमला हो गया हमें सहायता करें। लेकिन वर्तमान में जो देश के प्रधानमंत्री हैं मोदी जी उनके शासनकाल में इतनी हिम्मत नहीं है की कोई हमारे देश को आंख उठाकर देख सके। साथ ही यह भी कहा कि कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है, कांग्रेस के साथी पार्टी छोड़कर आ सकते है, जिला पंचायत सदस्य राजा लिल्हारे, केशर बिसेन ने भी भाजपा का दामन थाम लिये है। साथ ही यह भी कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो सड़क, पुलिया तक नही थे परन्तु भाजपा के शासनकाल में सड़कों का जाल बिछ गया है और बालाघाट में ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। श्री ठाकरे ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम भाजपा कर रही है एवं किसानों से जो वादा किया गया है वह निश्चित रूप से पूरा करेगें इसलिए आगामी १९ अप्रैल को भाजपा के पक्ष में मतदान कर श्रीमती भारती पारधी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजना है। भाजपा मंडल खमरिया अध्यक्ष कन्हैया चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंती नरेन्द्र मोदी जी की वजह से रूस और यूक्रेन की लड़ाई में यदि किसी भारतीय के हाथ में राष्ट्रीय ध्वज भेजा जाता है तो वह पर युध्द रूक जाता है। साथ ही यह भी कहा कि भाजपा की सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत घर-घर गैस कनेक्शन पहुंचाया गया है, एक दौर था जब सिर्फ पूंजीपति लोगों के घर गैस कनेक्शन होते थे परन्तु अब हर घर में गैस कनेक्शन मिलेगा, वर्ष २००९ के पहले भारत में संचार व्यवस्था बदहाल थी। आज हमारा देश समृध्द है, हर हाथों को काम मिल रहा है और विधानसभा चुनाव के पूर्व किसानों से कहा गया था कि ३१०० रूपये क्विंटल में धान खरीदेगें वह घोषणा पूरी होगी और मुख्यमंती जी ४ जून के बाद किसानों के खातों में धान की शेष राशि डालेगें। इस नुक्कड़ सभा को अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

### ये रहे उपस्थित

खमरिया में आयोजित नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में पूर्व विधायक गौरीशंकर बिसेन, जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे, खमरिया मंडल अध्यक्ष कन्हैया चौहान, सरपंच श्रीमती ज्योति टेंभरे, साहेबलाल देशमुख, डॉ. युवराज परिहार, दिलीप हरिनखेड़े सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्तीयजन उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ महात्मा ज्योतिबाराव फुले एवं भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के हद्यस्थल बस स्टैण्ड स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा स्थल में समस्त फुले, अम्बेडकर अनुयायी लालबर्रा के द्वारा १४ अप्रैल को राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबाराव फुले एवं भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम फुले एवं अंबेडकर अनुयायियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम बस स्टैण्ड से डीजे की धुन एवं जय भीम के नारों के साथ भव्य बाईक रैली निकाली गई। यह बाईक रैली नगर मुख्यालय सहित ग्राम मानपुर, बकोड़ा, अमोली, पांढरवानी, लालबर्रा सहित अन्य ग्रामों के चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल बस स्टैण्ड पहुंची। जिसके बाद उपस्थितजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबाराव फुले के छायाचित्र एवं बाबा साहेब के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और केक काटकर दोनों महापुरूषों की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई तत्पश्चात त्रि-शरण का पाठ किया एवं महात्मा फुले, बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थितजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब के जीवनगाथाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबाराव फुले ने समाज में फैली कुरीतियों






को दूर करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में एक अलख जगाकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया है जो एक सराहनीय पहल है। जिसके माध्यम से आज हर कोई शिक्षा अध्ययन कर आगे बढ़ रहा है और बाबा साहेब ने भारत में आजादी के बाद २६ जनवरी १९५० को देश का संविधान लिखकर पिछड़े एसटी, एससी, ओबीसी एवं सभी वर्गों को अधिकार दिलवाया, देश की सुरक्षा की, भाईचारा स्थापित किया ऐसे महामानव की जयंती आज लालबर्रा में ही नहीं बल्कि विश्व के कोने-कोने में मनाई जा रही है इसलिए हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलकर समाज व देशहित में काम करना चाहिए। चर्चा में बालाघाट जिला बौध्द संघ तहसील लालबर्रा महासचिव ताराचंद कावड़े ने बताया कि १४ अप्रैल को महात्मा ज्योतिबाराव फुले, बोधिसत्व डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम बस स्टैंड से भव्य बाईक रैली निकाली गई जो विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल पहुंची जहां महात्मा ज्योतिबाराव फुले व बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया और उनके बताये मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। श्री कावड़े ने बताया कि महापुरुषों की जयंती के अवसर पर समाज को यही संदेश देना चाहते है कि हमारे देश के महापुरुषों ने समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित समाज की संरचना की, परिकल्पना की जिसको बोधिसत्व डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से समाज में इसका प्रावधान किया है इसलिए सभी को संविधान का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में खीर एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समस्त फुले एवं अंबेडकर अनुयायी उपस्थित रहे।

# बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में नही है मोदी लहर - बालकृष्ण

## खमरिया साप्ताहिक बाजार में कांग्रेसियों ने सम्राट सरस्वार के लिए मांगा जनसमर्थन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से १० किमी. दूर ग्राम पंचायत खमरिया के साप्ताहिक बाजार के दिन रविवार १४ अप्रैल को शाम ५ बजे बाजार चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी सम्राटसिंह सरस्वार के पक्ष में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर आगामी १९ अप्रैल को कांग्रेस के पंजा निशान पर मतदान कर श्री सरस्वार को सांसद बनाकर केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की है। इस नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी जिला सचिव बालकृष्ण बिसेन ने कहा कि भाजपा के लोग मोदी के नाम पर चुनाव लड़ रहे है, हमारा उनसे कहना है कि हमारे क्षेत्र की समस्या देखने मोदी जी नही आयेगें बल्कि हमारे क्षेत्र के स्थानीय नेता आयेगें जिन्हे हमारी समस्या का पता है, हमारी समस्या मोदी जी हल नही करेगें बल्कि सांसद, विधायक करेगें इसलिए हम लोग सांसद, विधायक व सरपंच चुनते है ताकि वे हमारी समस्या व मांगों को सरकार तक पहुंचाकर उसे पूरा सके। वर्ष २०१९ में डॉ. ढालसिंह बिसेन सांसद बने तो हम लोगों ने उन्हे सर्राठी नहर की समस्या बताये तो उन्होने कहा कि मेरे बस का काम नही है कहकर टाल दिये। जबकि उनकी केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भी हमारे बस का काम नही बता रहे थे यह बड़ी शर्म की बात है। साथ ही यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी के नाम से भाजपा ने घोषणा की थी कि धान ३१०० रूपये, गेंहू २७०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदेगें, गैंस ४५० रूपये में देने की बात कही गई थी परन्तु उन्होने अपनी घोषणा को पूरा तक नही किये है इस तरह से मोदी की गारंटी फैल हो चुकी है। श्री बिसेन ने कहा कि हम सांसद इसलिए चुनते है कि अपनी समस्या व मांगों को वह दिल्ली तक लेकर जाये परन्तु सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन जी रटेगांव, कोसमी, कनकी सहित अन्य पंचायतों में अब तक नही आये है, सिर्फ एक ही बार आये थे सर्राटी जलाशय के विश्रामगृह में जब उनसे मुलाकात हुई थी तब हमें पता चला था कि ये सांसद महोदय है परन्तु उन्होने क्षेत्र में ऐसा कोई काम नही किया है कि उनके कार्यकाल को याद रखा जाये। साथ ही यह भी कहा कि हम कांग्रेसी बाद में है पहले किसान है इसलिए किसान व जनता की समस्या को सुने एवं दिल्ली तक पहुंचाये ऐसे सांसद को चुनना है और बालाघाट सिवनी लोकसभा में कोई मोदी लहर या लाडली बहना की लहर नहीं है इसलिए आगामी १९ अप्रैल को कांग्रेस के प्रत्याशी सम्राटसिंह सरस्वार को वोट देकर विजयी बनाकर दिल्ली भेजे तभी वे हमारे स्थानीय मुद्दों को उठायेंगे, समस्या सरकार के सामने रखेंगे और हमारे हक की लड़ाई लड़ेंगे। आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार को आप लोग लोकसभा चुनाव में जीताकर दिल्ली भेजते है तो उन्होने हम लोगों से वादा किया है कि बेरोजगारों को रोजगार के साधन उपलब्ध करवायेगें, विभिन्न उद्योग धंधे होगें जिससे हमारे बेरोजगार युवा रोजगार की ओर अग्रसर होगें साथ ही किसानों से भाजपा ने जो वादा किया है ३१०० रूपये धान व गेंहू का २७०० रूपये वह किसानों को दिलवाने का पूरा प्रयास करेगें। श्री धुर्वे ने कहा कि देश में १० एवं प्रदेश में १७ से १८ वर्ष से भाजपा की सरकार है इनके शासनकाल में भ्रष्टाचार, महंगाई चरमसीमा पर है और लोगों पर अत्याचार हो रहा है, एक मानव, दूसरे मानव के ऊपर पेशाब कर रहा है जिसे आप सभी ने सोशल मीडिया के माध्यम से सींधी की घटना को देखे है इसी तरह सिवनी सहित अन्य स्थानों पर आदिवासियों के साथ अत्याचार की घटना घटित हुई है इन सभी पर प्रतिबंध लगाने के लिए हमें सम्राटसिंह सरस्वार को सांसद बनाकर लोकसभा भेजना है ताकि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बन सके। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमेन्द्र पटले ने कहा कि चुनाव हर पांच साल में होते हैं जिसमें सभी राजनीतिक दल विभिन्न प्रकार की घोषणाएं करते हैं इसी तरह से भाजपा के द्वारा भी चुनाव में किसानों, महिलाओं, युवाओं सहित सभी वर्ग के हित में काम करने की घोषणा करती है। लेकिन भाजपा उसे पूरा नही करती है, पिछले २५ सालों से हमारे क्षेत्र में भाजपा का सांसद है और हमारा जिला वन एवं खनिज संपदा में संपन्न है उसके बाद भी हमारे सांसद ने ऐसा कोई काम नही किये है कि लोगों को यह रोजगार मिल सके। साथ ही यह भी कहा कि यह चुनाव जल, जंगल, जमीन को बचाने वाला चुनाव है और भाजपा के लोग देश के राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं पर राजनीतिक दबाव बनाते हैं ईडी, सीबीआई का डर बताकर उन्हें अपने पार्टी में शामिल करना चाहते हैं और जो उनकी बात नहीं मानता उन्हें जेल पहुंचा देते है उनके द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य नेताओं को जेल पहुंचा दिया है। इस तरह से भाजपा तानाशाही कर रही है जिससे देश की जनता परेशान है इसलिए अब उन्हे सबक सीखाने का समय आ चुका है इसलिए आगामी समय में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें। इस नुक्कड़ सभा को अन्य कांग्रेसीगणों ने भी संबोधित किया।

### ये रहे उपस्थित

खमरिया के साप्ताहिक बाजार में कांग्रेस के नुक्कड़ सभा में कांग्रेस कमेटी खमरिया ब्लाक अध्यक्ष दमनसिंह रहांगडाले, कांग्रेस कमेटी जिला सचिव बालकृष्ण बिसेन, किसान कांग्रेस संगठन जिलाध्यक्ष सुमेन्द्र पटले, म.प्र. आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष दिनेश धुर्वे, शेरसिंह देशमुख, श्री कारे, कनकी सरपंच दुर्गा पगरवार सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्तीयजन उपस्थित रहे।

# पाथरशाही से कन्हारटोला पहुंच मार्ग का खस्ताहाल

## सड़क खराब होने से आवागमन में हो रही परेशानी, जिम्मेदार मौन, ग्रामीणों ने जल्द नवीन सड़क का निर्माण करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत पाथरशाही से कन्हारटोला पहुंच मार्ग का खस्ताहाल होने के कारण ग्रामीणजनों को आने-जाने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं मार्ग में बने गड्डों के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा सड़क की इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे



ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत पाथरशाही से कन्हारटोला पहुंच मार्ग का विगत वर्ष पूर्व सीमेन्टीकरण सड़क का निर्माण कार्य लाखों रूपयों की लागत से किया गया था परन्तु यह निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण कुछ ही सालों में सड़क खराब हो चुकी है एवं जगह-जगह गड्डे भी बन चुके है। जिसके कारण ग्रामीणजनों व स्कूली बज्चों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सड़क की समस्या से कई बार ग्रामीणों के द्वारा सड़क विभाग व पंचायत के जिम्मेदारों को भी अवगत करवा चुके है परन्तु उनके द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जबकि यह पाथरशाही से कन्हारटोला पहुंचने का एक मात्र मार्ग है और इसी मार्ग से कन्हारटोला के ग्रामीणजन आना-जाना करते है परन्तु सड़क खराब होने के कारण उन्हे बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणजनों ने सड़क की चौड़ीकरण करने के साथ ही नवीन सड़क का जल्द निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

### आवागमन में हो रही परेशानी - तिलकचंद

तिलकचंद रहांगडाले ने बताया कि पाथरशाही से कन्हारटोला पहुंच मार्ग खराब हो चुकी है एवं जगह-जगह गड्डे बन गये है जिसके कारण आने-जाने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है और सबसे अधिक परेशानी पढ़ाई करने वाले बच्चों को होती है, सुबह उठकर जब वे लालबर्रा स्कूल व ट्यूशन जाते है तो कई बार उनकी साइकिल के पार्टस खराब होने के साथ ही पंजर भी हो जाती है और कई बार गिरकर चोटिल भी हो चुके है। श्री रहांगडाले ने बताया कि कई बार पंचायत के साथ ही क्षेत्तीय जनप्रतिनिधियों को भी सड़क की समस्या से अवगत करवा चुके है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है।



### सड़क का जल्द किया जाये निर्माण - गीता

पंच श्रीमती गीता पारधी ने बताया कि ग्राम कन्हारटोला तक आने वाली सड़क खराब हो चुकी है और नुकीले गिट्टिया निकल जाने के कारण स्कूली बच्चों के साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र जाने वाले नौनिहाल बच्चें एवं ग्रामीणजनों को आने-जाने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटनाएं घटित हो रही है परन्तु मार्ग का मरम्मत या नवीन निर्माण कार्य नही करवाया जा रहा है। श्रीमती पारधी ने बताया कि सड़क की चौड़ाई भी बहुत कम है जिसके कारण अगर दो वाहन आमने-सामने से आ जाती है तो क्रास होने में परेशानी होती है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि पाथरशाही से कन्हारटोला पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण कर नवीन सड़क का जल्द निर्माण करवाये ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# जय भीम के नारों से गूंजा नगर : डॉ बी आर आंबेडकर को किया गया याद







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर में १४ अप्रैल को भारत रत्न डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के नेतृत्व में डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर की १३३ वीं जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्वजातिय बंधुओं ने रैली निकालकर भव्य आयोजन कर नगर का भ्रमण किया। इस दौरान पूरे नगर में जय भीम के उद्घोषों से गूंजते रहे। वहीं पूरे सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हर्ष उल्लास के साथ जयंती कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें समापन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें स्वजातीय बंधु ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाया।**

## बाइक रैली का हुआ आयोजन

बौद्ध अनुयायियों के द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर सुबह ८.३०बजे एफ सीआई मैदान से बाइक रैली निकाली गई । जो नगर के दीनदयाल चौक ,बस स्टैंड ,जय स्तंभ चौक ,आंबेडकर चौक ,गोलीबारी चौक, रामपायली चौक का भ्रमण करते हुए लालबर्रा रोड ,बालाघाट रोड ,रामपायली रोड के बाद ग्राम सिकंदरा के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण कर वापस महात्मा ज्योतिबा राव फु ले चौक पहुंची जहां पर बाइक रैली का समापन किया गया। इस दौरान युवाओं के द्वारा जमकर जय भीम जय भीम सहित अन्य नारों का उद्घोष किया गया। वहीं डीजे की धुन पर भीम गीत बजाकर सभी को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी।

## पैदल मार्च में जमकर थिरके आंबेडकर अनुयायी

दलितों के मसीहा और अछूतो के उद्धारकर्ता बाबा साहेब की इस जयंती पर आंबेडकर अनुयायियों ने जमकर उत्साह बिखेरा। पूरा नगर सफेद और नीले रंग से रंगा हुआ दिखाई दिया। स्थानीय महात्मा ज्योतिबा राव फुले चौक से सुबह ११ बजे पैदल रैली निकाली। जिसमें डीजे की धुन पर बाबा साहेब आंबेडकर के नाम से समर्पित कव्वालियों और गीतों पर झूमते हुए भीम पुत्र पुत्रियों ने पूरे जोश और खरोश के साथ भाग लिया। जो दीनदयाल चौक होते हुऐ यह जुलूस कटंगी रोड़ होते हुए सब्जी बाजार से गोलीबारी चौक से होते हुए स्थानीय आंबेडकर चौक पहुंचा जहां । पर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक त्रिशरण पंचशील का पाठ किया गया। जिसके बाद रैली वापस नेहरू चौक बस स्टैंड दीनदयाल चौक होते हुए यह जुलूस एफसीआई मैदान पहुंचा जहां पर मंचीय व पुरूष्कार वितरण भोजन दान का कार्यक्रम किया गया।

## एफसीआई मैदान में हुआ वक्तव्य

दिन भर चले इस कार्यक्रम के बाद दोपहर से एफसीआई मैदान में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नागपुर से पहुंचे उषा ताई बौध्द के मुख्य आतिथ्य आयोजन समिति अध्यक्ष उत्तमदास मेश्राम की अध्यक्षता एमसी संभारकर बालाघाट के आनंद खोब्रागड़े के विशेष आतिथ्य व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम क्रांति सूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार विश्वरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित वक्ताओं के द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला और उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करने की बात कही। वहीं समाज की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा की ओर अग्रसर होने प्रेरित कर आधुनिकता के साथ स्वयं को आगे बढ़ाने की बात कही। पद्मेश से चर्चा में उत्तम मेश्राम ने बताया कि राष्ट्रपिता ज्योतिबा राव फुले एवं भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की १३३ वीं सार्वजनिक जयंती समारोह कार्यक्रम सार्वजनिक फुले आंबेडकर जयंती समारोह समिति के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ७ अप्रैल से प्रारंभ किया गया जिसका समापन आज १४ अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर किया गया है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उत्तमदास मेश्राम ,उपाध्यक्ष निर्दोष टेम्भूरने ,प्रयास मेश्राम ,संगीता शिन्दे ,सचिव राजेश दरवडे ,सहसचिव सुचिता डोंगरे ,रघुवीर मेश्राम, शैलेन्द्र दरवडे ,कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र घोडेश्वर, उपकोषाध्यक्ष सूर्यकुमार खोब्रागडे ,सुमता बंसोड ,राहुल गजभिये ,संयोजक मनोज भालाधरे ,प्रवक्ता अरविन्द मेश्राम, अभिराज मेश्राम ,मिलिंद चौरे ,विनय उके सहित समिति सदस्यों सहित बौध्द अनुयायियों का सराहनीय योगदान रहा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डॉ. बाबा साहेब की जयंती की पूर्व संध्या में १३ अप्रैल की शाम ६ बजे एक शाम भीम के नाम में बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत कविता डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके बाद रात में बौध्द अनुयायियों के द्वारा केक काटकर डॉ.बाबा साहेब का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। एवं १४ अप्रैल को संगीतमय प्रबोधन आर्केष्ट्रा कार्यक्रम रखा गया जिसमें बाहर से पहुंचे कलाकारों ने शानदार प्रस्तुती दी।

## विधायक विवेक पटेल रैली में हुए शामिल

नगर के जय स्तंभ चौक पर विधायक विवेक पटेल के द्वारा जुलूस का स्वागत कर सभी को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती की शुभकामनाएं देकर फ्रूटी का वितरण करवाया गया । इस दौरान विधायक पटेल के कार्यकर्ताओं के द्वारा जुलूस में शामिल लोगों को फ्रूटी का वितरण कर भीषण गर्मी में राहत देने का कार्य किया गया। इसके बाद विधायक विवेक पटेल रैली में शामिल होकर रैली के साथ भ्रमण किया।

## मुस्लिम समाज ने पानी का किया वितरण

डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर जयंती समारोह के तत्वाधान में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई । और इस भव्य रैली का मुस्लिम समाज के द्वारा पुलिस थाने के सामने पानी का वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज अध्यक्ष इकबाल खान सहित अन्य मुस्लिम उपस्थित रहे जिन्होंने रैली में शामिल सभी को जयंती की बधाई दी।

## जगह जगह शर्बत व पानी का हुआ वितरण

बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर बौध्द अनुयायियों के विशाल जुलुस का स्वागत जगह जगह स्टॉल लगाकर किया गया । जिसमें राहुल गांधी विचार मंच एवं कांग्रेस बेरोजगारी प्रकोष्ठ के द्वारा दीनदयाल चौक के पास शरबत वितरण कर किया गया। इसी तरह टैक्सी स्टैंड ,बस स्टैंड ,जय स्तंभ, आंबेडकर चौक सहित अन्य स्थानो पर अनेकों समाजसेवी द्वारा पानी व शर्बत पुलाव का वितरण किया गया।

## नगर में पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

डॉ बी आर आंबेडकर की जयंती के अवसर पर १४ अप्रैल की सुबह से पुलिस प्रशासन नगर के चप्पे चप्पे पर मुस्तैदी से खड़ा दिखाई दिया। ऐसे में आंबेडकर अनुयायियों के द्वारा बाइक रैली पैदल रैली मंचीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम किये गये। इस दौरान बड़ी मात्रा में पुलिस बल ने रैली के साथ कार्यक्रम स्थल पर नगर के चौक चौराहों पर और संवेदनशील इलाकों में मुस्तैद रहा। वहीं थाना प्रभारी बिभेन्द्रु व्यंकट टांडिया पूरे नगर की व्यवस्था का समय समय पर निरीक्षण करते रहे।

# ४२ मनोकामना ज्योति से जगमगा रहे वैष्णोदेवी मंदिर में कलश

## नवमी के दिन होगा विशाल भंडारा

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। चैत्र नवरात्र पर्व भक्ति



भाव से ग्रामीण क्षेत्र में भी मनाया जा रहा है। इस दौरान माता रानी के भक्त गण लगातार नौ दिवस तक माता रानी की आराधना में तल्लीन दिखाई दे रहे है। १४ अप्रैल को षष्ठी दिवस के अवसर पर नगर मुख्यालय से करीब ४ किलोमीटर दूर बनिया टोला छोटी कायदी में मॉ वेष्णेदेवी के समक्ष भक्त गणों ने ३४ तेल के व ८ कलश घी के जलाये है। प्रतिदिन कोई न कोई धार्मिक आयोजन मंदिर में हो रहे है। यह कार्यक्रम वैष्णोदेवी के मंदिर में हो रहे है जहां मूर्ति की कई वर्ष पूर्व विधि विधान से स्थापना की गई है। यह मंदिर छोटी कायदी में स्थित है जहां माता रानी की प्रतिमा को ग्रामीणों ने स्थापित किया है। माता रानी की यह प्रतिमा जबलपुर के भेड़ाघाट से लायी गईहै।

## अष्टमी के दिन होगा कन्या भोज - यमुना मड़ावी

पद्मेश को जानकारी देते हुये सेवादार श्रीमती यमुना मड़ावी ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व पूरी धार्मिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। १६ अप्रैल अष्टमी के दिन हवन पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन होगा व नवमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रृध्दालु भक्त उपस्थित होंगे। उन्होने बताया कि इस मर्तबा बालाघाट जिले के सभी तहसील से मनोकामना ज्योतिकलश भक्तों के द्वारा रखे गये है। जिसका विसर्जन दशमी के दिन विधि विधान से किया जायेगा।

## पहाड़ी पर मूर्ति के रूप में हुई थी प्रकट माता वैष्णोदेवी - शांताबाई टेकाम

इसी तरह सेवादार श्रीमती शांताबाई टेकाम ने पद्मेश को बताया कि इस चैत्र नवरात्र पर भक्तों द्वारा ४२ मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना भक्तगणों ने की है। वही माता रानी के सामने एक अलग से कलश रखा गया है। जिसका विसर्जन हमारे द्वारा शाम की आरती पश्चात एक लौटे में चल रखकर कर दिया जायेगा। वही बाकी के कलश का विसर्जन हम लोग वैनगंगा नदी में करेंगे। उन्होने बताया कि आज से करीब ३० से ३२ वर्ष पूर्व माता वैष्णोदेवी स्वयं पहाड़ी में एक मूर्ति के रूप में प्रकट हुई थी। जिन्हे वही स्थापित किया गया है। वही एक मूर्ति की स्थापना पहाड़ी के नीचे बसे छोटी कायदी में मंदिर का निर्माण कर किया गया है। भक्तों की दोनों ही मंदिर में मॉ वैष्णोदेवी के दर्शन के लिये नवरात्र पर्व पर भक्तों का जमावड़ा रहता है।

# कायदी के कुछ हिस्से में नही पहुॅच रहा नल जल योजना का पानी

## भरी गर्मी में ग्रामीणजन परेशान





वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत कायदी में नल जल योजना मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से मुख्य बस्ती के कुछ हिस्से जिसमे वार्ड क्रमांक ७,८,११ में पानी की सप्लाई नही हो पा रही है। जिससे ग्रामीणजन काफी परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित रूप से उन्हे पानी नही मिल पा रहा है। जिसकी वजह से उन्हे हेडपंप से पानी लाने मजबूर होना पड़ रहा है। वही ग्राम में जिनके कुऐं है अब वो भी गर्मी का मौसम देखते हुये पानी देने में आनाकानी करते है। ऐसे मे ग्राम पंचायत को इस समस्या की ओर देखना चाहिये।

## पंचायत नही कर रही समस्या का समाधान - राजकुमार नेवारे

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्रामीण राजकुमार नेवारे ने बताया कि कायदी की मुख्य बस्ती के कुछ भाग में नल जल योजना का पानी नही मिल रहा है। जबकि हम समय पर मकान कर जलकर पटाते है। नल जल योजना का जो पानी है वो नियमित रूप से हमे नही मिल रहा है। जिससे हम काफी परेशान है। हम दूर के नल से पानी लाने मजबूर है। पंचायत को हमारी इस समस्या का समाधान करना चहिये।

## नल जल योजना का ठीक ढ़ंग से नही हो रहा क्रियान्वयन - राजेश भादरे

इसी तरह ग्रामीण राजेश भादरे ने पद्मेश को बताया कि वर्तमान समय में बारिश होने के बाद धूप खिली हुई है। जिसकी वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी हो गई है। मगर कायदी में नल जल योजना का पानी समय पर नही मिल पा रहा है। यह प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका ठीक ढ़ंग से क्रियान्वयन नही हो पा रहा है। हम लोग पानी के लये इधर उधर भटकते है। हम यही चाहते है कि हमे हमारे द्वार पर पानी मिले। इस बात की शिकायत हमारे द्वारा मौखिक रूप से पंचायत व पीएचई विभाग को कर दी गई है।

## अन्य स्त्रोत से ला रहे पानी - कलाबाई

ग्रामीण कलाबाई गीते ने पद्मेश को बताया कि कई बार नल जल योजना का पानी मिलता है वरना कई कई दिन पानी नल से नही आता जिसकी वजह से हमारे ग्राम में पानी की समस्या है। वही जो हेडपंप है वे भी लाल पानी उगल रहे है। ऐसे में हमारे सामने पानी की काफी समस्या है। कुछ दिन पूर्व सरपंच प्रतिनिधि आये थे जिन्होने हमे आश्वासन दिया था कि आपकी समस्या का शीघ्र समाधान कर दिया जायेगा। मगर ऐसा होते नही दिख रहा है। आज भी हम ग्राम के अन्य स्त्रोत से पानी लाने मजबूर है। हम यही चाहते है कि हमारी इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाये। ताकि गर्मी के मौसम में हमे पानी के लिये इधर उधर भटकना न पड़े। जबकि हमारे घर में नल जल योजना का कनेक्शन भी लगा हुआ है मगर यह कनेक्शन कुछ काम का नही है। जब इस संबंध में दूरभाष पर ग्राम पंचायत कायदी के सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र नगरगड़े से दूरभाष पर चर्चा करनी चाही गई तो उनसे संपर्क थापित नही हो पाया ।

## भाजपा कार्यालय में याद किए गए डॉ आंबेडकर



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के भाजपा कार्यालय में १४ अप्रैल को संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर आंबेडकर की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, अभय कोचर ,श्रीमती सरिता दांदरे ,दीप चौहान, नरेंद्र शुक्ला , विनोद लिल्हारे सहित अन्य लोगो की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा डॉक्टर बी आर आंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित जनों ने डॉ बीआर आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक बताया कि किस प्रकार उनका संघर्ष रहा और उन्होंने भारत के संविधान को तैयार करने में क्या भूमिका निभाई। वहीं इस दौरान डॉक्टर भीमराव आंबेडकर अमर रहे अमर रहे के उद्घोष लगाये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर भारतीय बहुज्ञ विधिवेत्ता अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। वह हमारे संविधान निर्माता रहे क्योंकि प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष थे जिनका भारत निर्माण में बहुत बड़ा सहयोग रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# जोखिम भरा आधार

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने गुरुवार को ठोस सार्वजनिक व निजी निवेश के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार के चलते उपभोक्ता मांग में क्रमिक बेहतरी की उम्मीदों का हवाला देते हुए 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी में वृद्धि के अनुमान को 6.7 फीसदी से बढ़ाकर सात फीसदी कर दिया। इस क्षेत्रीय बहुपक्षीय ऋणदाता ने यह भी अनुमान लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी तक बढ़ेगी। हालांकि, भारत की जीडीपी में बढ़ोतरी का एडीबी का ताजा पूर्वानुमान अभी भी भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 31 मार्च को समाप्त हुए 12 महीनों के लिए लगाये गए 7.6 फीसदी के अनुमान के मुकाबले धीमा ही है। पिछले साल का विस्तार भी मजबूत निवेश से प्रेरित था, जबकि उपभोग कम रहा था। हालांकि, एडीबी ने आगाह किया है कि तेल की कीमतों में तेज उछाल या मुद्रास्फीति से निपटने के लिए पश्चिम में लंबे समय तक जारी रहने वाले उच्च ब्याज दरों सहित विभिन्न वैश्विक जोखिमों की वजह से उसका पूर्वानुमान गलत भी साबित हो सकता है। इसने अनुमान लगाया है कि पश्चिमी ब्याज दरों के प्रति रुपये के अपेक्षाकृत ज्यादा संवेदनशील होने की वजह से भारत की अर्थव्यवस्था उच्च ब्याज दरों से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली एशियाई अर्थव्यवस्था होगी। एडीबी के अनुमान में यह भी कहा गया है कि जब केंद्र का पूंजीगत व्यय मजबूत था तथा बढ़ते बजटीय आवंटन के साथ इसमें और बढ़ोतरी होने का अनुमान लगाया था, निजी क्षेत्र में परियोजनाओं के पूरा होने की रफ्तार बढ़ती परियोजना संबंधी घोषणाओं के साथ मेल खाने में विफल रही थी। हालांकि, एडीबी की इस रिपोर्ट में भारत के राष्ट्रीय आय के आंकड़ों की विश्वसनीयता से जुड़े विवादों या अंतिम जीडीपी पर सरकारी कर प्राप्तियों के भारी प्रभाव के बारे में उठाई गई चिंताओं पर किसी भी किस्म की टिप्पणी सिरे से ही नदारद है। यह ऋणदाता भारत में खासकर कोविड-19 महामारी के बाद से महत्वपूर्ण संरचनात्मक सुधारों के अभाव का जिक्र करने में भी विफल रहा। सरकार द्वारा बताए गए मजबूत विकास के आंकड़ों पर सवाल उठाए जाने की एक वजह यह है कि ये आंकड़े ऐसे समय में आए हैं जब आर्थिक सुधार पीछे रह गए हैं। वर्ष 2024-25 के विकास के अपने अनुमान का समर्थन करने के लिए उपभोक्ता खर्च में संभावित उछाल की एडीबी की धारणा के भी कमजोर पड़ने का खतरा है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के जोखिम के बारे में अनुसंधान करने वाली फर्म बीएमआई ने हाल ही में विस्तारित घरेलू बचत, जो अब तक के सबसे निचले स्तर के करीब है, से होने वाले उपभोग व्यय के जोखिम को चिन्हित किया है। बहरहाल, निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आसान नीतिगत माहौल के साथ-साथ बड़े पैमाने पर विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाने के एडीबी के सुझाव पर गौर करना केंद्र के लिए अच्छा रहेगा। पश्चिम एशिया में जारी बेहद ही नाजुक हालातों और लाल सागर से गुजरने वाले सामान्य पूर्व-पश्चिम नौवहन मार्ग में व्यवधान सहित इस ऋणदाता द्वारा बताई गई वैश्विक व्यापार की विभिन्न चुनौतियों के मद्देनजर, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ बेहतर समन्वय बनाने और अपने संचालन एवं क्रियान्वयन (लॉजिस्टिक्स) से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार करने से जुड़ी एडीबी की सिफारिशों पर ध्यान देना चाहिए।

# क्या यह सभी टुकड़े 'टुकड़े गैंग' के 'राष्ट्र विरोधी' व 'राम द्रोही' हैं ?

18 वीं लोकसभा के लिये होने जा रहे आम चुनावों में सभी राजनैतिक दल चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन डी ए) को जहाँ अपने दस वर्ष के शासनकाल के दौरान उपजी सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है वहीँ विपक्ष भी इस बार एकजुट होकर ढ्ढह्लष्ठद्ध नामक गठबंधन बनाकर भाजपा का मुक़ाबला करते हुए देश की अधिकांश लोकसभा सीटों पर भाजपा व उसके सहयोगी एन डी ए घटक दलों के एक उम्मीदवार के सामने ढ्ढह्लष्ठद्ध गठबंधन का भी एक ही उम्मीदवार चुनौती दे रहा है। यानी स्थिति कुछ 1977 के चुनाव जैसी दिखाई दे रही है। भाजपा चूंकि अपने संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ बहुसंख्यकवादी राजनीति करते हुये अपने दूरगामी हिंदूवादी एजेंडे पर काम कर रही है इसलिये वह किसी भी सूरत में सत्ता से हटना नहीं चाहती। इससे निपटने के लिये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ऐसे अनेक हथकंडे अपना रही है जो भारतीय राजनीति के इतिहास में यहाँ तक कि आपातकाल के उस दौर में भी नहीं



देखे गये जिसे कांग्रेस की तानाशाही का दौर कहा जाता था। भाजपा सरकार अपने विपक्षी नेताओं व विरोधी दलों को राजनैतिक प्रतिद्वंदी समझने के बजाय उनके साथ व्यक्तिगत दुश्मन जैसा बर्ताव कर रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अनेक नेताओं को यहाँ तक कि अनेक भ्रष्ट नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय ई डी,सी बी आई या इनकम टैक्स का भय दिखाकर तो किसी को कथित तौर पर धन या पद की लालच देकर अपनी पार्टी में शामिल किया जा रहा है। जो नेता इनके इस जाल में नहीं फंसता उसे किसी न किसी बहाने जेल भेजा जा रहा है। कई विपक्षी पार्टियों में फूट डलवाई जा रही है। और इन सबके बावजूद भी जो इनके पक्ष में नहीं आता उसे तरह तरह की संज्ञाओं से नवाज़ा जा रहा है। किसी को राष्ट्रविरोधी बताया जाता है तो किसी को राम विरोधी। कोई टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य तो कोई पाकिस्तान परस्त। कोई भ्रष्ट तो कोई परिवारवादी। कोई हिन्दू विरोधी तो कोई अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करने वाला। कोई %ख़ालिस्तानी तो कोई %रेवड़ी बाँटने वाला। यहाँ तक कि भाजपा नेता विशेषकर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोकि कभी अपनी छाती 56 इंच की बताते हैं वही मोदी भावनात्मक कार्ड खेलने से भी नहीं चूकते। भाजपा नेता कभी गाँधी-नेहरू का अपमान करते हैं तो कभी गोडसे-सावरकर का महिमामंडन करते हैं और कभी संविधान बदलने की बात करते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि विपक्षी दलों के नेताओं को जिन %विशेषणों % से प्रधानमंत्री व उनकी पार्टी के तमाम नेता नवाज़ते रहते हैं और स्वयं को ही भारतीय राजनीति का अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजनीतिज्ञ बताने की कोशिश करते हैं तो क्या उनका विरोध केवल कांग्रेस या ढ्ढह्लष्ठद्ध गठबंधन के ही नेता करते हैं या करते रहे हैं ?

किसी ज़माने में वरिष्ठ अधिवक्ता स्व0 राम जेठमलानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे। जेठमलानी मोदी के इतने बड़े समर्थक थे कि 2015 में उन्होंने नरेंद्र मोदी को विष्णु का अवतार तक बता डाला था। जेठमलानी को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी काले धन की वापसी करेंगे। वह सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन देंगे। भ्रष्टाचार और विदेश नीति पर अच्छा काम करेंगे। परन्तु जल्द ही जेठमलानी को मोदी की राजनीति की सच्चाई का पता चल गया। आख़िरकार उनको कहना पड़ा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की मांग का समर्थन करना उनकी सबसे बड़ी नासमझी थी। उन्होंने खुद को इसके लिए गुनहगार और ठगा हुआ बताया था। उन्होंने यह कहना भी शुरू कर दिया था कि प्रधानमंत्री की बातों का भरोसा ना करें। आख़िरकार % 9 जून 2015 को राम जेठमलानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को %तोड़ने% की घोषणा भी कर दी थी। इसके बाद कई मामलों वे खुलकर मोदी व उनकी सरकार के ग़लत फ़ैसलों के विरुद्ध अदालत में भी पेश हुये।


उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के ही यशवंत सिन्हा,सुब्रमण्यम स्वामी व शत्रुघ्न सिन्हा जैसे वरिष्ठ नेताओं व पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने नरेंद्र मोदी की अनेक ग़लत नीतियों का खुलकर विरोध करना शुरू कर दिया। यशवंत सिन्हा व शत्रुघ्न सिन्हा जैसे नेता तो पार्टी छोड़कर भी चले गये परन्तु मोदी हमेशा इसी ग़लत फ़हमी का शिकार रहे कि उनसे अच्छी राजनीति की समझ कोई भी नहीं रखता। इस आशय की स्वप्रशंसा वाली कई बातें स्वयं मोदी संसद से लेकर जनसभाओं तक में कहते भी रहते हैं। सुब्रमण्यम स्वामी तो अभी भी भाजपा में ही रहकर मोदी व उनकी सरकार को आईना दिखते रहते हैं। ख़ासकर वित्तीय व विदेश नीति को लेकर और अति विशेष रूप से चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर किये गये हालिया अतिक्रमण को लेकर। उसके बाद भाजपा के ही सांसद वरुण गांधी और भाजपा नेता व पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के बयानों को सुन लीजिए। किसान विरोधी नीतियों को लेकर इन भाजपा नेताओं ने अक्सर प्रधानमंत्री मोदी को खरी खोटी सुनाई। वरुण गांधी ने किसानों व बेरोज़गारी व मंहगाई के मुद्दे उठाये। जनसमस्याओं से जुड़ी आवाज़ें बुलंद कीं। तो पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक ने संघ के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने से लेकर पुलवामा में हुये चालीस भारतीय जवानों की शहादत जैसे अति गंभीर विषय पर मोदी को कटघरे में खड़ा किया। परन्तु इसके जवाब में भाजपा ने वरुण गांधी को लोकसभा का प्रत्याशी नहीं बनाया तो सतपाल मलिक के राज्यपाल का कार्यकाल नहीं बढ़ाया। उल्टे सतपाल मलिक से सम्बंधित 29 ठिकानों पर सी बी आई के छापे ज़रूर मारे गये।

और अब इन्हीं लोकसभा चुनावों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति प्रसिद्ध अर्थशास्त्री परकला प्रभाकर के बयानों से पूरे देश में सनसनी फैली हुई है। उन्होंने दावा किया है कि %अगर बीजेपी को इस बार भी लोकसभा चुनाव में जीत मिलती है तो देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे%। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि 卐मणिपुर जैसी स्थिति पूरे देश में पैदा हो सकती है।अर्थशास्त्री प्रभाकर के अनुसार 2024 में अगर फिर से मोदी प्रधानमंत्री बने और यह सरकार वापस आई तो देश में फिर कभी भी चुनाव नहीं होंगे। देश का संविधान बदल जाएगा। मोदी ख़ुद ही लाल क़िले से नफ़रती भाषण देंगे और लद्दाख-मणिपुर जैसी स्थिति पूरे देश में बन जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि अभी आपके पास जो देश का संविधान और नक़्शा है, यह पूरी तरह से बदल जाएगा। आप इसे पहचान भी नहीं पाएंगे। अभी आपको पाकिस्तान भेजने, इसे मारने या भगाने की बातें जो धर्म संसद जैसी जगहों से सुनाई दे रही हैं, वो बातें आप लाल क़िले से सुनेंगे। इस तरह की बातों को लेकर एकदम खुला खेल होगा। यही सबसे बड़ा ख़तरा है। 卐 अर्थशास्त्री प्रभाकर के अनुसार अभी आपको लग रहा है कि हिंसा मणिपुर में हो रही है, इसलिए हमारे यहां होने की कोई संभावना नहीं है? ऐसा आपको सोचने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि जो आज मणिपुर में हो रहा है, वो कल को आपके या हमारे राज्य में भी हो सकता है। अभी लद्दाख़, मणिपुर में जैसे हालात हैं या फिर किसानों के साथ जैसा व्यवहार हुआ है, वैसा पूरे देश में हो जाएगा।卐 निर्मला सीतारमण के इन्हीं अर्थशास्त्री पति ने मोदी सरकार पर कोरोना काल प्रबंधन को लेकर भी बड़ा हमला बोलते हुये कहा था कि 卐उस समय भी मोदी सरकार लोगों को कोरोना से बचाने के उपाय करने के बजाय हेडलाइन मैनजमेंट में लगी हुई थी।卐 सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा करने और उनसे सवाल करने वाले उपरोक्त सभी लोग भी क्या टुकड़े टुकड़े गैंग के सदस्य हैं? क्या यह सब भी पाक परस्त,भ्रष्ट, 'राष्ट विरोधी' व राम द्रोही हैं ?

- तनवीर जाफ़री

# मतदान की अनिवार्यता और लोकतंत्र की दृढ़ता

**सबको करना चाहिए, निश्चित ही मतदान।**
**लोकतंत्र मजबूत हो,बढ़े लोक की शान।।**



मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में भी मदद करता है। बहुत से लोग यह सोचते हुए वोट नहीं करते कि एक वोट से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन जैसा कि यह तथ्य है। एक राष्ट्र की राजनीतिक नींव का उपयोग चुनावों के लिए किया जाता है। मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यह नागरिकों को अपनी सरकार चुनने में सक्षम बनाता है। यह लोगों को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने की भी अनुमति देता है। प्रत्येक सरकार का उद्देश्य अपने नागरिकों के लाभ के लिए विभिन्न नीतियों का विकास और कार्यान्वयन करना है। यह मुद्दों और स्पष्टीकरण के बारे में सरकार से सवाल करने के अधिकार वाले व्यक्ति को भी सक्षम बनाता है। मतदान एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में एक नागरिक की राय व्यक्त करने का तरीका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए मतदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।

बहुत से लोग मतदान करना चाहते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इसकी आवश्यकता और इसे डालने के तरीके के बारे में जानकारी नहीं होती है। यहीं पर मतदान जागरूकता काम आती है। मतदान जागरूकता का विचार लोगों को मतदान के महत्व को समझने में मदद करना है। मतदाताओं के लिए अपनी सरकार को नियंत्रित करने के लिए मतदान एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह नागरिकों के लिए मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाकर यह व्यक्त करने का एक तरीका है कि वे अपने नेताओं से क्या चाहते हैं। इससे बेहतर शासन मिलेगा और हर कोई चाहता है - एक ऐसा लोकतंत्र जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रतिनिधित्वपूर्ण हो। मतदान से नागरिकों को अपनी सरकार में अधिक शामिल होने और उसे जवाबदेह बनाए रखने में मदद मिलती है। मतदान करने के लिए, आपको विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। मतदान के अलावा, कुछ कानून भी हैं जो दुनिया भर में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करते हैं।

मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और लोगों के लिए अपनी बात रखना जरूरी है। सभी को वोट देने का अधिकार है, जिसका अर्थ है कि सभी भारतीय अपनी पसंद के प्रधान मंत्री के लिए वोट कर सकते हैं। मतदान करके, आप बदलाव ला सकते हैं और अपने समुदाय में बदलाव ला सकते हैं। मतदान करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आप किसी कानून को तभी निरस्त कर सकते हैं जब अधिकांश नागरिक उससे सहमत हों। मतदान अपनी सरकार के साथ अधिक नागरिक रूप से जुड़ने का एक तरीका है। अपनी आवाज़ सुनकर और उन लोगों के विचारों का प्रतिनिधित्व करके दुनिया में बदलाव लाना महत्वपूर्ण है जिनके पास कोई आवाज़ नहीं है। यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतरीन तरीका है। चुनाव में मतदान करने से नागरिकों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि देश को बेहतर अधिकार और सुरक्षा प्रदान की जाती है।

मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है

मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारा देश किस दिशा में बढ़े। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह की सरकार हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का सही उपयोग करें। इसी को नैतिक मतदान करना कहा जाता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य, ज़िला, तहसील व खंड स्तर पर व्यापक रूप में मतदाता जागरुकता (स्वीप)अभियान के माध्यम से जागरुकता लाई जा रही है। मेरे महाविद्यालय में भी प्राचार्य के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी व इलेक्ट्रल लिटरेसी क्लब के माध्यम से अनेक गतिविधियों द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने की सतत् कोशिशें हो रही हैं। यह यथार्थ है कि मतदान का प्रतिशत जितना अधिक होगा, लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा।

**लोकतंत्र हमसे कहे,हो नैतिक मतदान।**
**अंधकार सब दूर हो,जनता का हो मान।।**

--प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे

# भूतो न भविष्यति...जब ग्वालियर से अटल जी ने खाई मात...

भारत की सियासत में अनेक नेता अजेय माने जाते है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ऐसे ही नेताओं में से एक थे ,लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 1985 का लोकसभा चुनाव सिंधिया परिवार को टूटने से बचाने के लिए किया गया एक बड़ा बलिदान है। अटल जी ने उस चुनाव में अपने सियासी जीवन की सबसे बड़ी पराजय का सामना किया था। अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।

माधवराव सिंधिया ने 1971 ,77 और 1980 का लोकसभा चुनाव गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से लड़ा था । माधवराव सिंधिया को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों ने पूरी ताकत लगाई लेकिन वो कभी चुनाव नहीं हारे। बाद में माधवराव सिंधिया कांग्रेस में शामिल हो गए और 1985 में कांग्रेस ने भाजपा के सबसे बड़े नेता अटल बिहारी बाजपेयी को हारने के लिए माधवराव सिंधिया को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करते हुए गवालियर सीट सेअटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ ग्वालेऔर सीट से मैदान में खड़ा कर दिया। ये फैसला नामांकन पत्र भरने के अंतिम क्षणों में हुआ बाजपेयी के खिलाफ किसी दूसरी सीट से नामांकन भरने का वक्त ही नहीं बचा था।

मुझे याद है कि उस समय राजमाता और माधवराव सिंधिया के बीच दूरियां बढ़ने लगी थी। माधवराव सिंधिया जनसंघ छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे। जिस कारण से राजमाता नाराज थीं। ऐसे में राजमाता ने भी 1984 का लोकसभा चुनाव ग्वालियर से लड़ने की बात कही थी। अटल बिहारी वाजपेयी को जैसे ही राजमाता के ग्वालियर से चुनाव लड़ने की भनक लगी वो सीधे ग्वालियर आकर राजमाता से मिले और कहा कि मैं कोटा की जगह ग्वालियर से चुनाव लड़ूगा।अटल जी ने ये प्रस्ताव भावुकता में किया था ,उन्हें क्या पता था कि उनका ये फैसलना आत्मघाती साबित होगा। माधवराव सिंधिया ने उन्हें करीब पौने दो लाख वोटों से हराया था।

भाजपा 1984 के लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी के लिए एक सुरक्षित सीट की तलाश में थी। जिसके लिए पहले कोटा और बाद में ग्वालियर सीट पर विचार किया गया,अंत में ग्वालियर सीट से उनका नाम फाइनल किया था क्योंकि ये सीट राजमाता के प्रभाव वाली सीट थी। मजे की बात ये है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्वालियर से चुनाव लड़ने से पहले माधवराव सिंधिया से पूछा था कि आप ग्वालियर से तो चुनाव नहीं लड़ेंगे ? दोनों के रिश्ते बहुत मधुर थे। माधवराव सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे तो गुना से चुनाव लड़ते हैं। ग्वालियर से क्यों लड़ेंगे ?। लेकिन ऐन मौके पर जब राजीव गांधी ने माधवराव सिंधिया की सीट बदल दी तो खुद माधवराव सिंधिया अवाक रह गए।

1984 -85 में अटल बिहारी वाजपेयी वैसे तो माधवराव सिंधिया की उम्मीदवारी सामने आते ही आधा चुनाव हार गए थे ,लेकिन उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। पांव में तकलीफ के बाद भी वे प्लास्टर बांधकर चुनाव प्रचार करते ह्द्ध। भाजपा के कुछ स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अटल जी कि ऊँट पल पर हुई सभा में बम रखे होने की अफवाह उड़ाई और एक नारियल छिपकर रख दिया लेकिन हवा को नहीं बदलना था ,सो नहीं बदली। अटल जी मन मारकर गलीई-गली चुनाव प्रचार करते रह। खुद राजमाता ने सार्वजनिक रूप से अटल जी का प्रचार किया लेकिन उनका दिल आपने बेटे की जीत के लिए धड़क रहा थ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी राजमाता के मन की बात सुनी और अटल जी का साथ छोड़ दिया। अटल जी को चुनाव है=रना था सो चुनाव हार गए। चुनाव परिणामों की अंतिम घोषणा से पहले ही अटल जी ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में एक खीज भरी मुस्कराहट बिखेरते हुए कहा कि - ग्वालियर से चुनाव लड़कर मैंने मां - बेटे की लड़ाई को महल तक सीमित रहने दिया। उसे सड़क पर नहीं आने दिया।

मुझे अच्छी तरह से याद है कि अटल जी ने कहा था कि- अगर मैं इस सीट से चुनाव नहीं लड़ता तो माधवराव सिंधिया के खिलाफ राजमाता चुनाव लड़ जाती और मैं यही नहीं चाहता था। आपको याद होगा कि राजमाता में राजहठ बहुत थ। इससे पहले वे पार्टी के मना करने के बावजूद रायबरेली से इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव लड़कर हार चुकी थी।भाजपा कि सिंधिया परिवार के प्रति भक्ति अटल जी की हार का कारण बनी । कांग्रेस ने जब माधवराव सिंधिया को कांग्रेस से बाहर कर दिया था उस समय भी भाजपा ने सिंधिया को ग्वालियर से वॉक-ओव्हर देते हुए अपने प्रत्याशी को मैदान से हटा लिया था,वो भी केवल राजमाता की वजह से।

1984 -85 के लोकसभा चुनाव में पहली बार ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने पिता माधवराव सिंधिया के समर्थन में रैली की थी। ये उनकी पहली रैली थी। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया की उम्र मात्र 14 साल थी। उन्होंने अपनी मां के साथ अपने माधवराव सिंधिया के लिए चुनाव प्रचार किया था। वहीं, राजमाता ने चुनाव प्रचार में केवल एक रैली को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि एक ओर पूत है, दूसरी ओर सपूत।

-राकेश अचल

# आजाद के बाद गुमनाम हुए आजाद

आजादी दिलाने में जितने भी स्वतंत्रता सेनानी हैं उन्हें नमन करना जरुरी है क्योंकि वह खुद के लिए नहीं भारत माता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी है , भारत को आजादी दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की ऐसी घटना सामने आती है जो गुमनाम हो गए जो देश के आदर्शो पर अपने प्राण कम उम्र में खुद ही लेकर शहीद हो गए । लेकिन जानकारी के अभाव में अक्सर लोग भूल जाते हैं लेकिन देशभक्त जो शहीद हो जाते हैं वो भी खुद गोली अपने सर में चलाकर इतना बड़ा देशप्रेम में कई चेहरे हैं जो पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया ना ही उसपर किसी राजनेता का ध्यान गया अब गुमनाम-सा हो रहें हैं क्योंकि क़ोई भी राजनीति पार्टी को देश के शहीदों को भी अपने हिसाब से याद करते हैं ऐ पुरानी राजनीती परंपरा को बदलने की आवश्यकता है आज से करीब 93साल पहले 27 फरवरी 1931 को, प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से लड़ते हुए वह शहीद हो गए थे। आज भी लोग आजाद का नाम बहुत सम्मान से लिया करते हैं।चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भावरा गाँव में हुआ था। उनका पूरा नाम चंद्रशेखर तिवारी था। देश के लिए उनके बलिदान को देखते हुए उनके गाँव का नाम आजादपुरा रख दिया गया है। 1922 में आजाद की मुलाकात राम प्रसाद बिस्मिल से हुई जिसके बाद उनका जीवन ही बदल गया और उन्होंने देश को अंग्रजों से आजाद करवाने की कसम खाई। उनके नाम से अंग्रेजी हुकूमत थर-थर कांपा करती थी।ब्रिटिश सरकार ने एक बार उन्हें बचपन में 15 कोड़ों की सजा दी थी, तब आजाद ने कसम खाई थी कि वह दोबारा पुलिस के हाथ कभी नहीं आएंगे। वह अक्सर गुनगुनाया करते थे।।।दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे।।।आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे। काकोरी कांड में भी जब सभी क्रांतिकारी पकड़े गए थे, तब भी चंद्रशेखर आजाद को कोई नहीं पकड़ सका था। चंद्रशेखर आजाद ने कसम खाई थी कि चाहें कुछ भी हो जाए लेकिन वह जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे। इसलिए जब 27 फरवरी 1931 को अंग्रेजों ने इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में उन्हें चारों तरफ से घेर लिया था तो उन्होंने अकेले ही ब्रिटिश सैनिकों से मुकाबला किया। जब उनकी रिवाल्वर में आखिरी गोली बची तो उन्होंने खुद पर ही गोली चला दी, जिससे वह जिंदा न पकड़े जाएँ। आजाद को डर था कि अगर वह जिंदा पकड़े गए तो अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से मिटाने का उनका सपना अधूरा रह जाएगा। दरअसल आजाद अल्फ्रेड पार्क में भगत सिंह को जेल से निकालने समेत कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर अपने साथियों के साथ बैठक कर रहे थे लेकिन तभी उन्हें खबर लगी कि अंग्रेजों ने पार्क को चारों तरफ से घेर लिया है। आजाद ने अंग्रेजों से अकेले ही मुकाबला करते हुए अपने साथियों को पार्क से बाहर निकाल दिया, जिससे भारत की आजादी के लिए बनाई उनकी योजनाओं पर कोई प्रभाव न पड़े।

# इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा–

इन्दौर। स्टॉकिस्टों की मजबूत पकड़ से आलौच्य सप्ताह के दौरान दलहनों में चना उछला। तुअर व मसूर में भी बाजार बढ़त पर रहे। खाद्य तेलों में दिसावरी मंदी से बाजार घटाकर बोले गये। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में नारियल आवकों की कमी से चमका।

**किराना** – शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। वर्ष प्रतिपदा व चेटीचंड के चलते कारोबार में धीमापन रहा। शक्कर में उत्पादन को लेकर कोई आंशिका नहीं है। महाराष्ट्र की मिलो का शक्कर उत्पादन 108 लाख टन आंका जा रहा है, जिसके चलते भावों में लम्बी तेजी की संभावना कम ही है। समीक्षा सप्ताह के दौरान शक्कर में बाजार 3815–3890 रू. प्रति क्विंटल बोली गयी। कालीमिर्च में लेवाली ठंडी रहने से बाजार सीमित दायरे में रहे। कालीमिर्च एटम क्वालिटी मालों में 575–580 रू. प्रति किलो बोली गयी। जीरे में फिलहाल बढ़त पर अंकुश है। फुटकर माँग रहने के बावजूद बाजार में तेजी वाली बात नहीं है। जीरा समीक्षा सप्ताह के दौरान 290–380 रू. प्रति किलो के मध्य देखा गया। सूखे मेवों में पूछपरख ठंडी–ठंडी रहने से भावों में सुस्ती बनी हुई है। बादाम मगज में बाजार 670–780 रू. प्रति किलो पर कमजोर ही रहे। वहीं, काजू में बाजार 760–840 रू. प्रति किलो के मध्य रहे। नारियलों में लेवाली रही, जिससे बाजार तेजी के रहे। नारियलों में बाजार 100 रू. प्रति थैले की तेजी से 1900–2000 रू. प्रति थैले पर आ गये।

**तेल तिलहन** – खाद्य तेलों में समीक्षा सप्ताह के दौरान बाजार सीमित दायरे में रहे। बाजार सूत्रों का मानना है कि आयातित मालों में आवक अच्छी है, बाजार भी लगातार भाव टिकाये हुए है। जिससे देशी मालों में बाजार एक दायरे में बने हुये है। बीते सप्ताह के दौरान सींगदाना तेल इन्दौर लाइन पर 20–40 रू. प्रति 10 किलो की नरमी से 1500 रू. प्रति 10 किलो पर आ गया। वहीं, सोया व कपास्या तेलों में बाजार 15–20 रू. प्रति 10 किलो तक टूट गये। सोया तेलों में रिफाइंड माल 980–985 रू. प्रति 10 किलो से घटकर 960–965 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। तिलहनों में सोयाबीन 4700 रू. प्रति क्विंटल पर आ गयी। अन्य तिलहनों में बाजार बने रहे।

**दाल दलहन** – आलौच्य सप्ताह के दौरान दाल दलहनों में व्यापार की मात्रा अच्छी रही। दालों व मोगरों में भाव बेकाबू है। चना अच्छे मालों में स्टॉकिस्टों की मजबूत पकड़ के चलते 6400 रू. प्रति क्विंटल बिक गया। तुअर में भी बाजार सुर्खी पर रहे। मसूर में 50–100 रू. प्रति क्विंटल का सुधार रहा और मसूर बाजार 6100–6200 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। उड़द व मूंग में भी लेवाली अच्छी रही।

# बीते सप्ताह तेल–तिलहन कीमतों में गिरावट का रुख रहा

नई दिल्ली । वैश्विक बाजारों में सोयाबीन डीगम कमजोर होने से आयातित खाद्य तेलों की कीमतें प्रभावित होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल–तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल–तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। इस दौरान सरसों, मूंगफली तेल–तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली जबकि किसानों की अपेक्षा के अनुरूप दाम नहीं मिलने के कारण मंडियों में कम बिक्री करने से सोयाबीन तिलहन तथा बाजार में आवक घटने के बीच बिनौला तेल के दाम तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना हे ?कि बंदरगाह सहित अन्य स्थानों पर खाद्य तेलों के कमजोर स्टॉक के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल के थोक दाम पहले के 1,015–1,020 डॉलर प्रति टन से घटकर 975–980 डॉलर प्रति टन रह गये। इस गिरावट का असर बाकी तेल–तिलहनों पर भी आया और पिछले सप्ताह के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में अधिकांश तेल–तिलहनों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 95 रुपये की गिरावट के साथ 5,340–5,380 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 350 रुपये घटकर 10,075 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश= 45–45 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश= 1,720–1,820 रुपये और 1,720–1,835 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमश= 170–170 रुपये की तेजी के साथ क्रमश= 4,910–4,930 रुपये प्रति क्विंटल और 4,710–4,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसके विपरीत सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमश= 300 रुपये, 400 रुपये और 375 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश= 10,400 रुपये और 10,050 रुपये और 8,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन के दाम 75 रुपये की गिरावट के साथ 6,105–6,380 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमश= 250 रुपये और 40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश= 14,750 रुपये क्विंटल और 2,240–2,505 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 25 रुपये की गिरावट के साथ 9,425 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 125 रुपये की गिरावट के साथ 10,625 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 9,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। गिरावट के आम रुख के ?विपरीत बिनौला तेल 25 रुपये मजबूत होकर 9,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# ईरान और इजराइल में जंग छिड़ी तो कच्चा तेल जा सकता है 100 डॉलर के पार!

मुंबई । ईरान ने इजराइल पर ड्रोन हमले किए हैं, वहीं दूसरी ओर इजराइल और अमेरिका के बीच जवाबी कार्रवाई के लिए बातचीत जारी है। जानकारों का कहना है कि ईरान और इजराइल में जंग की वजह से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। ईरान ओपेक का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। अगर इजराइल भी ईरान पर हमले करता है, साथ ही अमेरिकी सरकार ईरान पर प्रतिबंध लगाता है तो कच्चे तेल के दाम भी तेजी से उछाल आएगा। जानकारों की मानें तो पहले ही कच्चे तेल की सप्लाई और उत्पादन दोनों की समस्या थी। अब मिडिल ईस्ट की टेंशन में ईरान का उतरना और भी ज्यादा क्राइसिस पैदा करेगा। अब दुनिया के उन तमाम देशों को महंगे कच्चे तेल के लिए तैयार रहना होगा।

# आज का राशिफल

**मेष**– आज का दिन आपके लिए पारिवारिक रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा और जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलता दिख रहा है। आप अपने किसी बड़े निवेश पर पूरा फोकस बनाए रखें। विदेश में रह गए किसी परिजन की ओर से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है और आपके खर्चे तो बढ़ेंगे, लेकिन आमदनी बढ़ने से आसानी से पूरा कर पाएंगे।

**वृष** – आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको साझेदारी में किसी काम में बहुत ही सावधानी से आगे बढ़े और आपको आय के अन्य स्रोत प्राप्त होंगे। आप सहजता से किसी काम को करेंगे, तो इसमें आपको सफलता मिल सकती है। बहुमुखी प्रदर्शन आज आपका बना रहेगा।

**मिथुन** – आज का दिन आपके लिए लाभ के अवसर लेकर आने वाला है और आपको वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। व्यापार के दृष्टिकोण से दिन मजबूत रहेगा, जिसके कारण आप अपने महत्वपूर्ण कार्य को भी तेजी से करेंगे, लेकिन आपसे कोई गलती हो सकती है, जिसके लिए आपको तुरंत माफी मांगनी होगी। आपका कोई मित्र आपके घर दावत पर आ सकता है, लेकिन जिससे आपका धन खर्च बढ़ेगा।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के मामले में कुछ नरम गरम रहने वाला है। आप अपनी चल रही समस्याओं को योग व व्यायाम के द्वारा काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे और कारोबार में यदि लंबे समय से समस्या चल रही थी, तो उसमें भी आज कुछ सुधार आएगा। आप अत्यधिक लाभ के चक्कर में गलत योजना में धन ना लगाएं।

**सिंह**– आज आपको शीघ्रता में भावुकता में कोई बड़ा निर्णय लेने से बचना होगा और परिजनों के साथ प्रेम व स्नेह के साथ आप दिन बताएंगे। आप किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखें। कुछ सरकारी योजना में धन लगाने से पहले आप उसके नीति व नियमों को अवश्य जानें। आपको लाभ अधिक होने से आप प्रसन्न रहेंगे और कुछ मामलों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे।

**कन्या** – आज का दिन गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहेगा और विद्यार्थियों को अत्यधिक परिश्रम के बाद सफलता मिलती दिख रही है। आप लोगों पर भरोसा बनाए रखें, नहीं तो समस्या होगी। आपके अंदर सक्रियता की भावना बनी रहेगी। आपको अजनबी लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला**– आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में आप धैर्य बनाए रखें, नहीं तो समस्या हो सकती है और अपने खानपान में संतुलित आहार सम्मिलित करें। आप अपने कामों की एक सूची बनाएं, तभी आप उन्हे समय रहते निपटा पाएंगे।

**वृश्चिक**– आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। घूमने फिरने के दौरान आप किसी से कोई महत्वपूर्ण बात साझा ना करें। लेनदेन के मामले में आप सावधानी बरते, नहीं तो आप किसी गलत व्यक्ति को धन उधार दे सकते हैं। परस्पर सहयोग की भावना आपके अंदर बनी रहेगी और आपको किसी संपत्ति संबंधित मामले में आज जीत मिल सकती है।

**धनु**– आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में किसी से बहसबाजी में ना पड़े नहीं तो समस्या हो सकती है और व्यवसाय सम्बन्धी योजनाएं पर आप पूरा ध्यान देंगे। आपकी कुछ योजनाएं यदि लंबे समय से रुकी हुए थे, तो आप उनकी शुरुवात कब सकते हैं। किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें।

**मकर**– आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे और किसी नए व्यवसाय की शुरुआत करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी मांगलिक उत्सव में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धर्म–कर्म के कार्यों से जुड़कर आपको अच्छा नाम कमाने का मौका मिलेगा।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए अति उत्साहित होकर किसी काम को करने से बचने के लिए रहेगा। घर परिवार मे आपकी बातों को भी मान रखेंगे, जिससे आपको खुशी होगी और रक्त संबंधी रिश्ते में सुधार होगा। आपको आज एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी। आप अपनी जीवनशैली को बेहतर बनाने पर भी पूरा जोर देंगे।

**मीन**– आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपके बढ़ते खर्च आपका सिरदर्द बनेंगे। आपके कुछ रुके हुए कामों को भी गति मिलेगी। सूझबूझ दिखाकर यदि आप किसी काम में आगे बढ़ेंगे, तो इसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी और किसी विदेश में रह रहे परिजन से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। दान धर्म के कार्य में आप पूरा सहयोग देंगे और आपका कार्यक्षेत्र में काम पूरा होने से आत्मविश्वास और मजबूत होगा।

## शब्दजाल - 7509

शब्द जाल में धर्मेंद्र की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीच एवं तिरछे भी हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क | मु | ग | ल | दो | चो | र | म | ल | ध |
| ल | वि | ल | नी | ला | आ | का | श | ह | श | ड़ |
| ल | अ | ल | म | दी | छ | स | आ | दे | ख | क |
| का | स | न | न | दि | वा | स | रा | ल | श | क |
| र | आ | दो | प | ल | ज | मे | तू | ग | झ | न |
| या | क | द | र | ढ़ | व | उ | शी | ण | ल्ता | क |
| ती | या | ल | मी | गां | प | मो | व | सु | जू | बै |
| क | म | ऊ | रा | द | खा | क | या | ए | श | क |
| क | त | मे | प | र्द | गी | जि | री | औ | प | य |
| क | गॉ | ल | प | लि | र | त | ऐ | ओ | प | की |
| क | ड | रा | जा | जा | नी | स | व्य | ब | प | न |

अनपढ़, नीला आकाश, मेरा गांव मेरा देश, खामोशी, यकीन, दो चोर, ललकार, राजा जानी, रजिया सुल्तान, कयामत.

### शब्दजाल - 7508 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | श | त | रं | ज | के | खि | ला | ड़ी | र |
| र | च | ल | प | व | जी | ग | द | इ | मा | ली |
| त | र | र्म | ल | र | छ | पु | रा | ट | ह | क |
| क | स | ज | कु | ह | व | न | लू | ल | म | क |
| क | क | दो | र्बा | म | लं | रि | तू | ग | कि | क |
| जी | क | ल | नी | कि | झ | पू | श | ण | सी | को |
| ती | ज | मा | न | त | प | दे | श | र | से | ल |
| क | ता | दा | ई | से | र | क | फ | लो | क | न |
| ने | बा | चे | न्न | प | जी | ल | री | ग | म | स्ता |
| द | पा | ल | श | व | दा | दा | ऐ | बें | न | शो |
| क | क | दे | प | ची | न | रा | बा | द | हीं | ले |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6453

**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6452

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | यु | ग | | जा | न | ए | म | न |
| भी | | वा | | दि | ल | | ला | | या |
| अ | क्स | | शि | वा | | खा | न | दा | न |
| ल | | ठि | का | ना | | मो | | | शा |
| वि | | | क | | | आ | शी | र्वा | द |
| दा | मि | नी | | भा | ई | | | ह | स्ती |
| ना | | ल | क्ष्य | | ना | ला | य | क | |
| क | स | म | | स | | ट | | | मं |
| ह | | | दौ | ड़ | | सा | थ | सा | थ |
| ना | स्ति | क | | क | री | ब | | | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7977

**बाएँ से दाएँ**

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2


### शब्द पहेली -7976 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | बा | दा | | स | ल | वा | र |
| प | | | न | सी | ब | | | त |
| ल | | र | वी | | क | ल | | ज |
| क | म | त | र | ता | | त | म | गा |
| | द | | ता | | रा | | ग | |
| म | न | का | | मो | ह | त | र | मा |
| र | | ला | र | | दे | र | | म |
| ह | | | प | र | ख | | | ला |
| म | र | घ | ट | | ना | पा | क | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# दैनिक पंचांग

**15 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.39 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृष | 07.19 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.17 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.30 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.47 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.58 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.09 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.24 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.40 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.45 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 02.31 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.04 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 106 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 12.12 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 03.06 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 23.08 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 12.12 बजे तदनन्तर विष्टि 00.43 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 52'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871950
**जूलियन दिन** 2460415.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: बुद्ध का संदेश

एक बार श्रावस्ती में भयंकर अकाल पड़ा। कई लोग भूख से तड़पकर मर गए। सबसे चिंताजनक स्थिति उन माताओं की थी , जिनकी गोद में दुधमुंह बच्चे थे और उनके घर के पुरुष काल के गाल में समा चुके थे। बुद्ध को जब यह पता चला तो वे चिंतित हो गए। उन्होंने तत्काल धनवान लोगों की एक सभा बुलवाई और उनसे कहा, 'आप इन माताओं और इनके बच्चों की रक्षा करें।' वहां उपस्थित लोग बोले, 'हमारे पास अनाज तो है, पर वह एक वर्ष ही चल पाएगा। इसमें से हमने दूसरों को अन्न दिया तो हमारा परिवार भूखों मर जाएगा। दूसरे घर का दीया जलाना भी तभी अच्छा लगता है जब अपने घर का दीया जल रहा हो।' इस पर बुद्ध गंभीर होकर बोले, 'आप लोग अपने स्वार्थ से ऊपर नहीं उठ पा रहे। क्या आपको विश्वास है कि आपके सदस्य की मृत्यु केवल अन्न न मिलने के कारण ही हो सकती है? क्या वे कोई अन्य रोग या दुर्घटना से बचे रहेंगे? क्या आप इस बात के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं कि एक साल में इन पीड़ित व्यक्तियों के अलावा कोई और काल का ग्रास नहीं बनेगा? आपको भविष्य के बारे में सब कुछ कैसे पता?' यह सुनकर सभी ने अपने सिर नीचे कर लिए। इसके बाद बुद्ध बोले, 'भाइयो, आपदाओं से मिलकर ही निपटा जाता है। यदि आज आप इनकी मिलकर सहायता करेंगे, तो अकाल जैसी इस विपत्ति से मुक्ति संभव है। किंतु यदि आप इनकी मदद नहीं करेंगे तो जीवन भर कोई आपकी सहायता करने को भी तैयार नहीं होगा। याद रखिए, विपत्ति में पड़े लोगों की सहायता करना ही सबसे बड़ा धर्म है।' यह सुनकर श्रावस्ती के सभी सेठों और व्यापारियों ने अपने अनाज के भंडार खोल दिए। वे स्वयं भूखे लोगों में अन्न बांटने लगे। कुछ ही समय बाद सब लोगों के प्रयास से अकाल जैसी विपत्ति पर विजय पा ली गई और सब सुखपूर्वक रहने लगे।

## सूडोकु नवताल- 6762

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6761 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | [illegible] | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# सेंसेक्स की प्रमुख सात कंपनियों का मार्केट कैप 59,404 करोड़ बढ़ा

मुंबई । पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 59,404.85 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसमें सबसे अधिक मुनाफा भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,363.23 करोड़ रुपये बढ़कर 7,75,447.63 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये, आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के विपरीत एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये



घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 8,153.08 करोड़ रुपये घटकर 5,24,663.73 करोड़ रुपये रह गया। प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमश: टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, इन्फोसिस, एलआईसी, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# भारत में मस्क की ईवी कार फैक्ट्री खोलने की योजना चीन को पसंद नहीं

नई दिल्ली। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की भारत में इलेक्ट्रिक कार फैक्ट्री खोलने की योजना चीन को पसंद नहीं आई है। इसके शुभारंभ से पहले ही उसने बद्दुआएं देनी शुरू कर दी हैं। टेस्ला का भारत की ओर झुकाव बढ़ने से चीन बुरी तरह खिसिया गया है। उसने कहा है भारत में टेस्ला का कारोबार तबाह हो जाएगा। मस्क इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करने वाले हैं। इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होनी है। उनसे मिलने के बाद टेस्ला अपने कारखाने की योजना के बारे में कोई बड़ा ऐलान कर सकती है। दिग्गज कारोबारी एलन मस्क लंबे समय से सरकार से बातचीत कर रहे हैं। वह भारत में कम ड्यूटी पर कारों का आयात करना चाहते थे। इसके विपरीत सरकार चाहती थी कि वह स्थानीय स्तर पर कारों की मैन्यूफैक्चरिंग करें। सरकार ने पिछले महीने अपनी नई ईवी पॉलिसी की घोषणा की है। इसके बाद टेस्ला के भारत में प्रवेश की बातें चलने लगी हैं। माना जा रहा है मस्क इसके बारे में भारत आने पर घोषणा कर सकते हैं। भारत की नई ईवी पॉलिसी टेस्ला के अनुकूल होने की संभावना है। यह और बात है कि चीन को टेस्ला की भारत में प्रवेश की योजना रास नहीं आई है। चीनी सरकार के एक अखबार में उसने टेस्ला को आमंत्रित करने के भारत के महत्वाकांक्षी कदम पर भविष्यवाणी कर दी है। इस चीनी माउथपीस ने कहा है कि टेस्ला का यह प्लान काम नहीं करेगा। कारण है कि भारतीय बाजार परिपक्व नहीं है। वह इसके लिए बेहद कम तैयार है। भारतीय बाजार के लिए यह बहुत जल्दी है। चीन सरकार के अखबार में कहा गया कि ईवी को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए भारत के सामने एक बड़ी बाधा पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुपस्थिति है। भारत के कई क्षेत्रों में लगातार बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। इसमें कहा गया है कि भारत में बिजली की कमी हो रही है। अधिक बिजली पैदा करने के लिए कोयला खदानों और बिजली संयंत्रों के विस्तार से जलवायु लक्ष्यों को पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। चीन के खिसियाकर इस तरह की अपमानजनक बातें बोलने का कारण है। दरअसल, चीन के कई दिग्गज ईवी मैन्यूक्चरर्स ने पहले भारत में ईवी मैन्यूफैक्चरिंग में दिलचस्पी दिखाई थी। लेकिन, भारत सरकार ने उन्हें मंजूरी नहीं दी थी। सीमा विवाद के कारण भारत-चीन के संबंध खराब हैं। दोनों देशों के सैनिकों के बीच सीमा पर कई झड़पें हो चुकी हैं। भारत ने चीनी निवेश को गहरी जांच के दायरे में रखा है।

# डॉ.बाबा साहेब आम्बेडकर की धूमधाम से मनाई गई जयंती





किरनापुर (पद्मेश न्यूज)। आधुनिक भारत के निर्माता, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, भारतीय संविधान के शिल्पकार ,महामानव, बोधिसत्व, भारतरत्न, विश्वरत्न डॉ.भीमराव अम्बेकर की 133 वीं जयंती नगर के बौद्ध धम्म अनुयायियों द्वारा स्थानीय शॉक्यमुनि बौद्ध विहार मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर पंचशील ध्वाजारोहण करते हुये की गई।तत्पश्चात् रमाताई महिला मंडल उपासिकाओं द्वारा सामूहिक रूप से त्रिशरण का पाठ कराते हुये पूजा वंदना एवं महापरित्राण पाठ सम्पन्न कराया गया। तदुपरांत भीम वंदना के सामूहिक गायन की प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर बौद्ध विहार मे मोमबत्तीयों की जगमगाती रोशनी से समूचा माहौल सुसज्जित हो गया।जयंती अवसर पर बाबा साहब के जय-जयकार के उद्घोष लगाये गये। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के तीन मूलमंत्र शिक्षित बनों, संगठित रहो, और संघर्ष करो पर केन्द्रित अपने विचार रखते हुये स्वयं सुसंस्कारित होकर बाबा साहब के सिद्धांतों समता,स्वतंत्रता, न्याय बंधुत्व को अपनाकर समाज और राष्ट्र के निर्माण मे अपना योगदान दिए जाने की बाते कहीं गई तथा समाज मे सदैव एकजुटता बनाकर कार्य करते हुये बाबा साहब के आंदोलन को सदैव आगे बढ़ाये जाने की प्रेरणा दी गई।कार्यक्रम मे उपासक उपासिकाओं द्वारा भीमगीतों की स्तुति की मनोरम प्रस्तुति दी गई जिसे खूब सराहा गया।इसके अलावा बोधिसत्व बाबा साहब के संघर्षमयी जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये उपासकों से स्वयं के जीवन को सुखमय बनाने बाबा साहब द्वारा दी गई 22 प्रतिज्ञाओं का पालन करने प्रेरित किया गया।इस अवसर पर उपासक-उपासिकाओं द्वारा भीमगीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी गई।तथा बाबा साहब की जयंती पर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे धम्म अनुयायी उपस्थित रहे।

## जयंती पर बौद्ध विहार से निकाली विशाल मोटरसाईकिल रैली

मुख्यालय के शॉक्यमुनि बौद्ध विहार मे जयंती कार्यक्रम उपरांत समता सैनिक दल के युवाओं द्वारा हाथों मे नीला झंडा लिए विशाल मोटरसाईकिल रैली निकाली गई। जो डीजे की धुनों पर भीम गीतों पर थिरकते एवं नाचते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से भ्रमण करते हुए पुन: बौद्ध विहार पहुंचे। तत्पश्चात् सभी को खीर पुड़ी का वितरण किया गया।

## आम्बेडकर नगर किरनापुर मे मनाई गई आधुनिक भारत के निर्माता की जयंती

तहसील मुख्यालय किरनापुर के वार्ड क्रमांक 14 आम्बेडकर नगर मे वार्डवासियों द्वारा ज्ञान के प्रतीक,विश्वरत्न,संविधान शिल्पकार,महामानव एवं आधुनिक भारत के निर्माता डॉ.बाबा साहब भीमरावजी आम्बेडकर की जयंती पर धम्म ध्वजारोहण कर तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब आम्बेडकर के छायाचित्रों के समक्ष मोमबत्ती,अगरबत्ती,धूपबत्ती प्रज्जवलित कर सामूहिक रूप से पुष्प अर्पित कर त्रि शरण पंचशील का पाठ कर पूजा वंदना करते हुए बाबा साहेब आम्बेडकर के जय-जयकार के उद्घोष लगाये गये। इस अवसर पर आम्बेडकर नगर के समस्त वार्डवासियों की मौजूदगी रही।

# नवनिर्मित सुने मकान से चोरों ने की नलों की चोरी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर के भिलाई मार्ग पर नगर परिषद लांजी की पार्षद प्रेमलता संजू खोबरागड़े का नव निर्मित मकान का निर्माण हो रहा है जहां पर 13 अप्रैल की रात्रि में चोरों ने सेंध लगाई है। इस संबध में पार्षद श्रीमती खोबरागड़े ने पुलिस थाना लांजी में एक आवेदन प्रस्तुत किया की वार्ड क्रमांक 10 भिलाई रोड़ लांजी में मेरे नव निर्मित मकान मे चोरों के द्वारा चोरी की नियत से गेट से कुदकर घर के उपरी हिस्से मे रसोई और बाथरूम में लगे कीमती नलों की चोरी हो गई है। रसोई घर से 4 नग नल एवं वाशरूम से 2 नग नल चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। तथा और भी नल चोरी करने जा रहे थे जो निकले नही लेकिन क्षतिग्रस्त कर दिये गये है चोरों के द्वारा इस तरह चोरों के अब हौसले बुलंद है अभी ये नलों की चोरी कर रहे कल घर के अन्य सामग्री की चोरी करेंगे। पार्षद श्रीमती खोबरागड़े ने उक्त संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर शिघ्रता से चोरों को पकड़कर कार्यवाही की मांग लांजी पुलिस से की है। वहीं बतादे कि इसके पूर्व भी भिलाई रोड़ मे सुने मकान मे चोरी हो चुकी है लेकिन पुलिस के द्वारा अब तक उस चोरी का भी खुलासा नही किया गया है।

# बाबा साहब जयंती पर स्वीप आइकॉन घोडेश्वर ने मतदाताओं को किया जागरूक

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंति के अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्री जीआर घोडेश्वर को नियुक्त किया गया है। रविवार को नगर के अम्बेडकर चौक पर बाबा साहेब के असंख्य अनुयायियों को मतदान करने के लिए घोडेश्वर द्वारा प्रेरित किया गया। उनके द्वारा मतदाताओ को 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। उनके साथ श्रीधर मेश्राम, प्रमोद घोड़ेश्वर, सुधीर घोड़ेश्वर आदि का विशेष सहयोग रहा।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के द्वारा वारी में किया गया वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन





लांजी (पद्मेश न्यूज)।लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आते जा रही है वैसे ही पार्टीयों के द्वारा अपने प्रचार प्रसार तेज कर दिये गये है।इसी कड़ी में लांजी विधानसभा अन्तर्गत भाडरा अंचल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के द्वारा एक वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ऋषि पटेल के निवास स्थान पर आयोजित किया गया।13 अप्रैल को आयोजित इस सम्मेलन में प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार, पूर्व विधायक हिना कावरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ऋषि पटेल, देवेन्द्र खोंगल, अर्चना खोंगल, अजय अवसरे, भरत कालबेले, ओंकार रहांगडाले, ललीत कबीरे, खेमचंद दानी, लिखेन्द्र उपराड़े सैकड़ो कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बालाघाट सिवनी लोकसभा प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरस्वार द्वारा हजारों कार्यकर्ता व आमजनों के साथ बैठक व जन-संपर्क किया।लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सरस्वार ने मोदी सरकार में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को खत्म करने आम जनमानस से आशीर्वाद मांगा है इस दौरान सैकडों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सम्राट अशोक सिंह सरस्वार ने कार्यकताओं व क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपाईयों की जनसभा में पूछों उनसे 3100 की धान कहा है? 2700 रुपए का गेहूं कहां है? 450 रुपए का गैस सिलेण्डर कहा है और महिलाओं से 3000 रूपये देने का जो वादा किया था वो 3 हजार रूपये कहा है? उन्होने क्षेत्र की जनता से कहा कि अगर यह सवाल उनकी नुक्कड सभा में करोंगे तो सभा छोड़ कर भाग जायेगे। उन्होने क्षेत्र की मतदाताओं से अपील की है आपको अपनी जागरूकता इनकी नुक्कड सभा में दिखानी होगी हर समाज मेरा है, मेरा पहला कर्तव्य है कि मै सभी समाज के लोगों की समस्या को दूर करूंगा। सम्राट ने कहा कि भाजपा राममंदिर की बात करती है राम भगवान सिर्फ भाजपा का नहीं है राममंदिर निर्माण के लिए मैंने भी 1 लाख रुपए सहयोग राशि दिया है। इसके अतिरिक्त आपने भाजपा के अनेको खामिया भी कार्यकर्ताओ के समक्ष रखी जिनको लेकर आपको जनता के बीच जाना है और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करनी है। इसी क्रम में पूर्व विधायक हिना कावरे के द्वारा भी उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किये की इस चुनाव में हमे कैसे जनता के बीच जाकर कांग्रेस की गारंटी की बात रखनी है कांग्रेस के घोषणा पत्र, न्याय पत्र की बात करनी है।कार्यकर्ता सम्मेलन के अंत कुछ ग्रामीणो के द्वारा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की जिनमें भागवत कटरे, लक्ष्मीचंद कटरे, शैलेंद्र नागोसे, इंदु सोनवाने अमेडा ब,अनिता सोनवानेअमेड़ा ब,अनिता भोसारे बहेला, उषा राउत बहेला, चोलेश्वेर नवगड़े मनेरी, राजकुमार मण्डले ओटेकशा के द्वारा कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की जिन्हे पूर्व विधायक हिना कावरे, सम्राट सरस्वार, ऋषि पटेल के द्वारा कांग्रेस का गमछा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत वंदन कर कांग्रेस परिवार में शामिल किया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आज

लांजी (पद्मेश न्यूज)। हिन्दू नववर्ष के आगमन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड लांजी द्वारा आज 15 अप्रैल को लांजी नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया है। पथ संचलन कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार शाम 4 बजे सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में एकत्रीकरण होने के उपरांत पूर्ण गणवेश के साथ 4.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर लांजी से पथ संचलन प्रारंभ होगा जो कि गुजरी चौक, मरार मोहल्ला दुर्गा मंदिर से किला रोड़ होते हुए लंजकाई मंदिर से मेन रोड़ होते हुए मनेरी फाटक से भिलाई रोड़ होते हुए बस स्टैंड से सालेटेकरी रोड़ होते हुए वापस सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पहुंचकर पथ संचलन सम्पन्न होगा। यहां मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक सुरेन्द्र सिंह का बौद्धिक उद्बोधन होगा। पथ संचलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं हिन्दू एकता को प्रदर्शित करने के लिए संघ नगर कार्यवाह, खण्ड कारवाह एवं खण्ड संघ चालक द्वारा अपील की गई है।

दुकान किराये से देना है
सर्किट हाऊस रोड बालाघाट होटल कलश के नीचे चार दुकाने किराये से देना है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल 9425448043

आवश्यकता है
होटल कलश में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल 9425448043

आवश्यकता है
• मैनेजर - 02 पद
• सुपरवाईजर - 02 पद
लड़के/लड़की की आवश्यकता है, दिन-रात
संपर्क करें- होटल गौरव
काली पुतली चौक, बालाघाट

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# प्रस्फुटन समितियों ने मतदाताओं को किया जागरूक

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। लोकतंत्र के महापर्व पर जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटंगी मधुवंत राव धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कर्पे के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लिंगापौनार ने गांव में ग्रामीणों के सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को शत्-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया. वहीं ग्रामीणों को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई. 'पहले




करेंगे मतदान-फिर करेंगे जलपान', 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो' के साथ विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत ने मतदाताओं को शपथ दिलाई. वहीं नवीन मतदाताओं को सबसे पहले मतदान करने के लिए आग्रह किया गया. समन्वयक सुरेन्द्र भगत ने कहा कि हम सभी को लोकसभा निर्वाचन के लिए जाति ,भाषा ,पंथ से ऊपर उठकर बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष मतदान करना चाहिए. प्रस्फुटन समिति ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली, रैली, मेहंदी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया। इस दौरान परामर्शदाता सुश्री अंजू डोंगरे, राज ब्योत्रा, अवलेश पारधी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष, सचिव सदस्य व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कोडमी जांच नाका के पास पुलिस ने की कार्रवाई

# गोवंश की तस्करी 5 आरोपी गिरफ्तार दो पिकअप जब्त



कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी पुलिस ने कटंगी सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर कोड़मी जांच नाका के पास गोवंश की तस्करी करते हुए दो पिकअप वाहनों को जप्त किया है। पुलिस ने गोवंश की तस्करी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिन्हें माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपियों को उप जेल वारासिवनी भिजवा दिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 4133 में रविंद्र पिता रंगलाल पटले उम्र 40 वर्ष निवासी कांछना थाना बरघाट, रंजीत पिता रामदास चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी जेवनारा थाना बरघाट और अरुण पिता पांडुरंग राऊत उम्र 50 वर्ष निवासी खैरी पन्नासे थाना हिंगना नागपुर को अवैध तरीके से 4 नग गोवंश की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 22 जेडबी 1207 में पिता पुत्र को गोवंश की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अक्षय पिता कुसना उम्र 20 वर्ष और कुसना पिता सुखचंद बोपचे उम्र 45 वर्ष दोनों निवासी घूरवाड़ा थाना कान्हीवाड़ा जिला सिवनी को 4 नग गौ वंश की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों ही पिकअप वाहन को जब्त कर अपराधियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4,6,9 और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (घ), मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 ए की कार्रवाई की है. वहीं गौवंश को कटेधरा स्थित कामधेनु गौशाला भिजवा दिया गया है. थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

# वृहद रैली एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से दिया जाएगा जागरूकता का संदेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी डीएस रणदा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी के अंतगत आज दोपहर 2 बजे उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में वृहद रैली एवं मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# निशा बांगरे ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

## भाजपा में शामिल हो सकती हैं पूर्व डिप्टी कलेक्टर

भोपाल। मध्यप्रदेश का विधानसभा चुनाव लडऩे के लिए डिप्टी कलेक्टर पद छोडऩे वाली निशा बांगरे ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वे जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकती है। निशा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र भेजकर पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त करने को कहा है। उन्होंने कांग्रेस पर धोखा देने और षड्यंत्र कर चुनाव लडऩे से रोकने का आरोप भी लगाया है। दो पन्नों के पत्र में उन्होंने लिखा, मैं समझती थी कि कांग्रेस पार्टी से चुनाव लडक़र समाज के शोषित, पीडि़त और वंचित लोगों का प्रतिनिधित्व करूंगी। बाबा साहब के सपनों को साकार



कर सकूंगी। लेकिन पिछले 6 महीने से कांग्रेस की नीयत को करीब से आंकलन कर मैंने यह पाया कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे धोखा दिया।

पूर्व डिप्टी कलेक्टर ने लिखा कि कांग्रेस में नारी सम्मान के लिए कोई स्थान नहीं है। जिसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव 2024 में मध्यप्रदेश में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व न मिलना भी है। मैं राजनीति में व्यापक स्तर पर कार्य करना चाहती थी लेकिन कांग्रेस ने मेरी योग्यता को ही अयोग्यता बना दिया। अत: मैं कांग्रेस पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त होना चाहती हूं। अपना पूरा जीवन बाबा साहब के विचारों के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित करती रहूंगी।

### सरकारी नौकरी में वापसी की भी जता चुकी इच्छा

कांग्रेस ने निशा बांगरे को प्रदेश महामंत्री और मुख्य प्रवक्ता बनाया था। इससे पहले उन्होंने सरकारी नौकरी में वापस आने की इच्छा जताई थी। इसके लिए उन्होंने 3 महीने पहले मुख्य सचिव वीरा राणा को आवेदन भेजा था। अभी तक विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। बांगरे छतरपुर जिले में बतौर डिप्टी कलेक्टर पोस्टेड थीं। छतरपुर जिले के लवकुश नगर में एसडीएम रहते उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। वे बैतूल जिले की आमला सीट से विधानसभा चुनाव लडऩा चाहती थीं। इसी वजह से सरकारी नौकरी से इस्तीफा दिया था। उनका इस्तीफा शासन की ओर से जब तक स्वीकार किया गया, तब तक कांग्रेस ने मनोज मालवे को उम्मीदवार घोषित कर दिया था। ऐसे में वे चुनाव नहीं लड़ पाई थीं।

# युवा स्वयंसेवक मतदान का प्रतिशत बढ़ाएंगे

भोपाल। लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को घर से निकालना बड़ा टास्क रहा है, जिसके लिए अब युवा स्वयंसेवक बन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की पहल करेंगे। ऐसे मतदान केन्द्र, जहां अब तक मतदान 50 प्रतिशत से कम दर्ज हुआ है, उन पर विशेष निगाह रहेगी। शहरी क्षेत्र में मतदाताओं की उदासीनता को देखते हुए युवा वालेंटियर अपनी कमर कस रहे हैं। न केवल युवाओं को मतदान केन्द्रों तक लाने की पहल की जाएगी, बल्कि बूथ लेवल अधिकारियों के साथ मिलकर घर-घर जागरूकता भी फैलाई जाएगी। कलेक्टर के निर्देश पर कम मतदान वाले केन्द्रों पर वालेंटियर की तैनाती की जानी है। उनके अनुसार कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में पढऩे वाले छात्रों को जनजागरूकता फैलाने के लिए वालेंटियर बनाने की तैयारी की गई है। उन्होंने कॉलेजों और कोचिंग सेंटरों से संपर्क कर एक हजार स्वयंसेवकों की टीम तैयार कर ली है। शहरी इलाकों में ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना अधिकारियों के लिए बड़ा टास्क रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के रहवासी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए केन्द्रों तक आसानी से पहुंच जाते हैं, वहीं अपने साथियों और परिवार वालों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ज्ञात हो कि पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं की संख्या मतदान में कम रही थी। अब ये वालेंटियर घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे।

# उच्च शिक्षा विभाग करा रहा प्रोफाइल अपडेट

## मई में शुरू होंगे सरकारी और निजी कॉलेजों में प्रवेश

भोपाल। मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा से संबंधित सभी 1300 से अधिक शासकीय और निजी महाविद्यालयों में अकादमिक-सत्र 2024-25 में प्रवेश मई माह में प्रारंभ होंगे। खास बात ये है कि इस बार उच्च शिक्षा विभाग यूजी, पीजी और बीएड क़ॉलेजों में प्रोफाइल अपडेट करने का काम प्रवेश से पहले करवा रहा है। महाविद्यालय को 16 अप्रैल तक ई-प्रवेश के पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करना होगा और 20 अप्रैल तक सत्यापन कराना होगा। पिछले साल निजी महाविद्यालयों ने प्रोफाइल अपडेशन सहित अन्य जानकारी प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण में अपडेट की थी, जिससे बाद में सीटें बढ़ गई थी। इस कारण इस सत्र में पहले ही सीटें निर्धारित कर ली जाएगी।

### महाविद्यालयों से ले रहे ये जानकारी

प्रोफाइल अपडेशन में उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालयों को प्रोफाइल में पाठ्यक्रम, फैकल्टी सहित अन्य जानकारी जैसे प्राचार्य

स्कूल शिक्षा विभाग
मध्य प्रदेश शासन

संबंधी, स्थान संबंधी, मोबाइल नंबर, बैंक संबंधी जानकारी सहित अन्य जानकारी ले रहा है। इसमें महाविद्यालयों को सत्र 2024-25 में स्वीकृत किए गए नए संकाय, विषय, डिप्लोमा व सिर्टिफकेट आदि पाठ्यक्रमों की पूरी जानकारी देनी है। सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के बीएड, एमएड, बीपीएड, बीएडएमएड, बीएबीएड, बीएससीबीएड व बीएलएड सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। प्रवेश प्रक्रिया में एक मुख्य चरण और तीन सीएलसी राउंड होंगे। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। विद्यार्थियों को अपने दस्तावेज के सत्यापन के लिए महाविद्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है।

### प्रवेश प्रक्रिया को किया गया है सरल

पिछले सत्र से प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने के प्रयास किए गए हैं। विद्यार्थी त्रुटि होने पर ऑनलाइन शुल्क जमा कर पूर्व महाविद्यालय के हेल्प सेंटर से सुधार कर सकेंगे और पुन: विकल्प का चयन कर सत्यापन की प्रक्रिया कर सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्तीकरण पर प्रवेश शुल्क राशि खाते में वापस ट्रांसफर की जाएगी। पीजी की सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन ई-सत्यापन प्रक्रिया की जाएगी। नामांकन के आधार पर प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों से संबंधित विद्यार्थियों का डाटा सीधे पोर्टल पर प्राप्त होगा। इस प्रक्रिया में दस्तावेजों का सत्यापन आसान होगा। प्रदेश के बाहर या अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी जिनका डाटा एमपीऑनलाइन पर डाटा उपलब्ध नहीं है, सिर्फ वे ही अपने दस्तावेज अपलोड करेंगे।

**भाजपा के संकल्प पत्र पर पीसी शर्मा ने साधा निशाना, पूछा -**

# 15 लाख काला धन, 2 करोड़ रोजगार का क्या हुआ

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। वहीं मध्य प्रदेश में इसे लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने कहा कि 15 लाख, काला धान, 2 करोड़ रोजगार का क्या हुआ? यह कोई संकल्प पत्र नहीं है। देश को कैसे गुलाम बनाया जाए, यहीं काम भाजपा कर रही है।



एमपी के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि भाजपा को एक ही चीज आती है। हिंदू, मुसलमान, पाकिस्तान, मंदिर और मस्जिद और कुछ नहीं आता। मोदी गारंटी की बात की जाए तो सबके खातों में 15 लाख कहा है, काला धन कहा है। 2 करोड़ को रोजगार की बात का क्या हुआ ? डीजल पेट्रोल के आसमान छूते दाम को कम करने के वादे का क्या हुआ ? यह कोई संकल्प पत्र नहीं है। देश को और कैसे गुलाम बनाया जाए, वहीं काम भाजपा कर रही है।

सीएम के बयान पर पीसी शर्मा का पलटवार

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बयान पर भी पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सीएम कैसे कह रहे हैं कि कांग्रेस ने बाबा साहब का अपमान किया। अंबेडकर ने संविधान बनाया कांग्रेस पार्टी ने लागू किया। कांग्रेस की सरकार में बाबा साहब अंबेडकर मंत्री थे। अपमान भाजपा कर रही है, जो कहती है 400 पार लेकर आओ और बाबा साहब अंबेडकर का संविधान बदल देंगे। कांग्रेस नेता पीसी शर्मा ने कहा कि मोदी की सिर्फ एक गारंटी है, संविधान बदलो। आज संकल्प लेने का दिन है, संविधान नहीं बदलने देंगे। भाजपा की सरकार नहीं आनी चाहिए। इंडिया गठबंधन से ही बाबा साहब अंबेडकर का संविधान सुरक्षित है, नहीं तो सब प्राइवेट हो जाएगा और रिजर्वेशन से लेकर गरीबों का हक सब खत्म कर दिया जाएगा।

# किसानों से धोखेबाजी की अभियुक्त है भाजपा

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने घोषणा पत्र पर पीसीसी चीफ बोले

भोपाल । लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। इसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मेनिफेस्टो रिलीज किया। भाजपा के मेनिफेस्टो जारी होने के बाद पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने पलटवार किया। पटवारी ने कहा- चाहे किसानों के ऋण माफी की बात हो। चाहे उनकी बीमा की सहायता राशि की बात हो। या उनके ऊपर ओला-पाला का प्रहार हो या गेहूं की खरीदी का धोखा हो, चाहे धान की खरीदी का धोखा हो। सबका एक अभियुक्त है भारतीय जनता पार्टी।

### मोदी की गारंटी मतलब झूठ की गारंटी

भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मीडिया से चर्चा में कहा - दुनिया में अगर सबसे ज्यादा महंगाई



की मार कहीं है तो हमारे देश में है। रुपए के मुकाबले डॉलर का अवमूल्यन किया। ये मोदी जी का सबसे बड़ा अचीवमेंट है। नरेंद्र मोदी यह बताने में असमर्थ हैं कि दुनिया में सबसे बड़ा कर्जदार देश हमारा क्यों है? हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों को दुनिया में क्रिटिसिज्म किया जा रहा है। इसके लिए दोषी कौन है? पटवारी ने कहा- भाजपा यह बताने में भी असमर्थ रही कि मोदी गारंटी की जब बात करते हैं तो वह जो बोलते हैं वह करते ही नहीं हैं। यह मोदी की गारंटी है। 3100 धान का समर्थन मूल्य देने का बोला था नहीं हुआ। 2700 का गेहूं बोला था नहीं हुआ। मोदी ने गारंटी दी थी की बहनों को 3000 रुपए प्रतिमाह देंगे, नहीं हुआ। किसानों की आय दोगुनी होगी, नहीं हुई। इस देश में मोदी ने जो बोला झूठ बोला मोदी की गारंटी झूठ की गारंटी।

### भाजपा ने 80 करोड़ को गरीब बना दिया


पटवारी ने कहा कि भाजपा जिनको राशन दे रही है। उन 80 करोड़ लोगों को गरीब बना दिया। 84 प्रतिशत बच्चों को बेरोजगार बना दिया जो आज घरों में नशा कर रहे हैं। इस देश में पाकिस्तान और बांग्लादेश से ज्यादा महंगाई कर दी। हमारे देश में डॉलर और रुपए का जो अवमूल्यन हुआ है आज तक के इतिहास में सबसे ज्यादा है। देश में 10 प्रतिशत लोगों के पास 90 प्रतिशत संपत्ति पहुंच गई है। और 90 प्रतिशत लोगों के पास 10त्न संपत्ति बची। मौलिक अधिकारों का हनन करने में देश नंबर वन हो गया। विश्व में इसका नाम घटा है।

**पीसीसी में कांग्रेस और सपा ने संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस में कहा**

# खजुराहो में कैंडिडेट समर्थन का ऐलान करेगा इंडिया गठबंधन

भोपाल। खजुराहो सीट पर समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन फार्म निरस्त होने के बाद अब इंडिया गठबंधन सोमवार को दूसरे दल के उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान करेगा। पीसीसी में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने कहा- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खजुराहो से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या की है। एक महिला का पर्चा निरस्त कर दिया। भाजपा महिलाओं की सुरक्षा की बात करती है लेकिन, भाजपा पूरे देश में ऐसे हालात पैदा कर रही है हम चाहे झारखंड में देखें या दिल्ली में... लोकतंत्र और न्याय की बात ही नहीं हो रही है। चुनाव आयोग भी भारतीय जनता पार्टी का एजेंट बनकर काम कर रहा है।

खजुराहो में गठबंधन की उम्मीदवार का पर्चा केवल साइन ना होने की बात कह कर निरस्त कर दिया जाता है। कलेक्टर जब पर्चा लेता है तब वह बिना साइन के ले ही नहीं सकता। ये उनकी जिम्मेदारी होती है। यह जानबूझकर साजिश की जा रही है। इससे पहले विधानसभा चुनाव में इन्होंने बड़ी-बड़ी बातें की थीं। महिलाओं को तीन हजार रुपए देंगे। किसी को रुपए नहीं मिले। 450 रुपए में सिलेंडर देने की बात की थी, लेकिन आज



तक किसी को 450 में सिलेंडर नहीं मिला है। जो मोदी जी की गारंटी बताते हैं, वह झूठ की गारंटी है।

### भर्ती परीक्षाओं के पर्चे हो जाते हैं लीक

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- उत्तर प्रदेश की बात करें या मध्य प्रदेश की कोई भी भर्ती निकलती है तो इसका पर्चा पूरा लीक हो जाता है। आज भारत में न्याय नहीं मिल रहा है चंडीगढ़ में जो चुनाव में कैद हुआ वह लोकतंत्र की सीधी हत्या है सबके सामने आया है चुनाव आयोग ने फटकार भी लगे, लेकिन यह घबराए हुए हैं जो इनका पहले फूल अच्छा चलता था। यह लोग डरे हुए हैं कि खजुराहो में क्या हो सकता है पूरे मध्य प्रदेश में इंडिया गठबंधन अच्छी स्थिति में है हम लोग खजुराहो सीट पर मंथन कर रहे हैं पूरी तरह से इंडिया गठबंधन मिलकर पूरे देश में हर आएगी।

### भाजपा शासित राज्यों में रोकी जा रही जातिगत जनगणना

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां जानबूझकर जाति का जनगणना रोकी जा रही है। यह केवल धर्म के नाम पर जनता को बहलाते रहते हैं मोदी जी के जाने का समय हो गया है अगर हिटलर के शासन को देखें तो हिटलर का शासन 10 साल तक ही रहा था। हिटलर की विदाई हुई थी उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन उनकी विदाई करने वाला है। 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

### कांग्रेस ने बीजेपी के घोषणा पत्र को बताया झूठ

पूर्व मंत्री और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा- भाजपा ने पिछले घोषणा पत्र में किये गए वादे पूरे नहीं किए। हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजग़ार देने का वादा किया था। हम चाहते है 10 सालों में 20 करोड़ लोगों को रोजग़ार दिया है तो पोर्टल पर डाल दें हमे विश्वास हो जाएगा। कितने लोगो को रसोई गैस कनेक्शन दिए? पहले 500 रुपये में सिलेंडर आता था अब 1200 रुपए का आता है। गांव में सिलेंडर कचरे में डले हैं वो रिफिलिंग नहीं करा पाए। कृषि उत्पादन के भाव बढ़ गए किसान घाटे में हैं। किसानों की फसलें खराब होने पर किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका। मुकेश नायक ने कहा- मप्र में महिलाओं के खातों 1200 रूपए डाले लेकिन, 3 हज़ार डालने का वादा किया गया था अब तक महिलाओं के खाते में 3 हज़ार नहीं आए। महंगाई बढ़ी है। सिंचाई पेयजल को लेकर जो योजनाएं बनाई गई हैं वो अधूरी पड़ी हैं। नल जल योजना में भ्रष्टाचार हुआ है जमीन पर काम नहीं हुआ। आज भी गांव में शौचालय नहीं है। लोग खुले में शौच कर रहे हैं।

### भाजपा चुनाव जीतने का कारखाना बन गई है

भाजपा ने आर्थिक जनगणना को नकारा है। भारतीय जनता पार्टी ने आर्थिक सर्वेक्षण की इस योजना को यह कहकर खारिज कर दिया कि इससे जातिवाद देश में बढ़ेगा। इस देश में जातिवाद तो भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा कर दिया है कि आज जातिवाद से पूरा देश जला जा रहा है। क्षेत्रीय जरूरतों को अनदेखा करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने आर्थिक जनगणना को नकार दिया है। इससे पता लगता है कि भारतीय जनता पार्टी केवल शिगूफा और आर्थिक सामाजिक न्याय की आड़ में केवल देश में चुनाव जीतने का कारखाना बन गई है।

# 160 फीट गहरे बोरवेल में गिरा मासूम हार गया जिंदगी की जंग

भोपाल। जनेह थाना क्षेत्र के मनिका गांव में 160 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 6 बरस के बालक मयंक को नहीं बचाया जा सका। मशक्कत के बाद बालक तक रेस्क्यू टीम पहुंची और उसके शव को बाहर निकाला गया। त्यौंथर एसडीएम संजय कुमार जैन ने मयंक की मौत की पुष्टि की। उसका शव त्यौंथर में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बच्चे के लिए ऑपरेशन करीब 42 घंटे चला। बच्चा करीब 42 फीट की गहराई में मिला। मयंक तक एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम पहुंच गई थी, लेकिन को उसका शव ही मिला। शव निकालने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उसका परीक्षण किया। घटना को लेकर पीटीसी कर रहे एक पत्रकार के साथ पीड़ित के परिजन द्वारा की झूमाझटकी और मारपीट करने की कोशिश की गई। परिजन को मौके पर उपस्थित पुलिस बल ने रोका। घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बन गई थी। इससे पहले खुले बोरवेल में फंसे हुए मयंक को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन बचाव टीम देर रात तक इस 6 वर्ष के बच्चे तक नहीं पहुंच सकी थी। बच्चे की लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा था। रीवा जिले के जनेह थाना क्षेत्र में ग्राम मनिका में बोरवेल के गड्ढे में गिरे 6 वर्षीय मासूम का 30 घंटे बाद भी पता नहीं चल पाया था। इसके बाद लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर रहे। बच्चे तक पहुंचने के प्रयास में रेस्क्यू टीम लगी रही। खुदाई के दौरान जलस्तर बढ़ गया था। पंप लगाकर पानी निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन बच्चे को नहीं बचाया जा सका।

### दो रातों से नहीं सोए अधिकारी व रेस्क्यू टीम

बोर में फंसी जिंदगी को बचाने दो रातों से नही सोए थे अधिकारी व रेस्क्यू टीम के लोग, लेकिन ये प्रयास नाकाफी रहे।कलेक्टर प्रतिभा पाल, एसपी विवेक सिंह, जिप सीईओ सौरभ सोनवाड़े, एएसपी अनिल सोनकर, एसडीएम संजीव जैन, एसडीओपी उदित मिश्रा, थाना प्रभारी कन्हैया बघेल, जनपद सीईओ राहुल पाण्डेय मौके पर मोर्चा संभाले हुए रहे। तीसरे दिन भी रेस्कयू ऑपरेशन चला।

# 10वीं-12वीं का रिजल्ट 24 अप्रैल के बाद

भोपाल । दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट अप्रैल के आखरी सप्ताह में आ सकता है। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के सचिव डॉक्टर कृष्ण देव त्रिपाठी ने बताया कि अप्रैल के आखिरी सप्ताह में 10वीं-12वीं का रिजल्ट आ सकता है। इसकी डेट हालांकि अभी फाइनल नहीं हुई है मगर कॉपियों का वैल्यूएशन पूरा हो चुका है। सभी जगह से मार्क्स कलेक्ट किए जा रहे हैं। रिजल्ट्स इन दिनों कंपाइल हो रहे हैं, संभावना है कि 24 अप्रैल तक यह रिजल्ट आ सकता है। बोर्ड पिछले डेढ़ महीने से लगातार रिजल्ट्स को लेकर तैयारियां कर रहा है। मध्यप्रदेश में 10वीं बोर्ड परीक्षा 5 फरवरी से और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से शुरू हुई थीं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित इस परीक्षा में ??9,92,101 छात्र एवं 7,48,238 छात्राएं शामिल हुए। पूरे प्रदेश में कुल 7,501 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। भोपाल में दोनों कक्षाओं की परीक्षा 103 केंद्रों पर होगी।

# मप्र में कांग्रेस के लिए वोट मांगेंगे सपा प्रमुख अखिलेश यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कांग्रेस के लिए वोट मांगेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुना और ग्वालियर में अखिलेश यादव की सभा करने का प्रस्ताव केंद्रीय संगठन को भेजा है। गुना से कांग्रेस ने राव यादवेंद्र सिंह यादव और ग्वालियर से प्रवीण पाठक को प्रत्याशी बनाया है। गुना लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुछ विधानसभा क्षेत्रों में यादव मतदाता प्रभावी भूमिका में हैं।

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी को समझौते के तहत खजुराहो लोकसभा सीट दी थी। पार्टी ने पहले यहां से डा. मनोज यादव को प्रत्याशी बनाया और 48 घंटे के भीतर उनके स्थान पर मीरा यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। नामांकन पत्र में त्रुटियां होने के कारण रिटर्निंग ऑफिसर ने उसे निरस्त कर दिया। अब सपा को प्रदेश में कोई प्रत्याशी नहीं है पर पार्टी के कार्यकर्ता गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस के पक्ष में काम करेंगे। कांग्रेस ने जातीय समीकरणों को देखते हुए अखिलेश यादव का गुना और ग्वालियर में कार्यक्रम प्रस्तावित किया है। दोनों सीटों पर चुनाव तीसरे चरण में होना है। गुना से भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया और ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाहा मैदान में हैं। सिंधिया की घेराबंदी के लिए पार्टी ने अखिलेश यादव की सभा गुना कराना प्रस्तावित किया है। इसी तरह

### गुना-ग्वालियर में होगी सभा

ग्वालियर के लिए भी प्रस्ताव दिया है। सपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र निरस्त होने के बाद अब पार्टी वहां उपलब्ध उम्मीदवारों में से किसे अपना समर्थन देगी, यह एक-दो दिन में तय हो जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी सेवा प्राप्त आइएएस अधिकारी आरबी प्रजापति समेत अन्य उम्मीदवारों से चर्चा कर चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता कुणाल चौधरी का कहना है कि कई नेताओं के दौरा कार्यक्रम बन रहे हैं। सचिन पायलट मुरैना, रतलाम सहित अन्य क्षेत्रों में प्रचार के लिए आ सकते हैं।

**भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर बोले सीएम मोहन यादव**

# हम जो संकल्प लेते हैं उसे पूरा करते हैं

भोपाल। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी किया तो सीएम डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. आंबेडकर जयंती के अवसर पर संकल्प पत्र समाज के सामने लाने का निर्णय किया। मैं संकल्प समिति में सदस्य भी हूं। प्रधानमंत्री जी, गृहमंत्री जी, राजनाथ जी और नड्डा जी के साथ हमारा अपना संकल्प पत्र सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला है। हम कल उसके बारे में विस्तृत बातचीत करेंगे। मैं आज भाजपा द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना करता हूं। भाजपा ने देश के सामने अपनी बात रखी है। आज हमने विजन डॉक्यूमेंट को सामने रखा है अगर हम कोई संकल्प लेते हैं तो उसे लागू भी करते हैं।

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा आज का दिन हमारे लिए सौभाग्यशाली



दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प पत्र 14 अप्रैल बाबा साहब की जन्म जयंती के अवसर पर जारी किया है। इस बात से अंदाजा ही नहीं लगा सकते बल्कि एक संकल्प ले सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगामी 5 साल भी गरीब कल्याण सेवा और सुशासन के लिए समर्पित रहेंगे। 2047 का विकसित भारत का संकल्प इस संकल्प पत्र में निहित है। कल हम सब लोग इसकी विस्तृत बातचीत करेंगे। मैं प्रधानमंत्री जी का, घोषणा पत्र समिति का, जिसमें हमारे मुख्यमंत्री भी सदस्य थे। एक ऐसा संकल्प पत्र जो गरीब के जीवन में बदलाव लाने का काम हुआ है। आगामी समय में या भारत विकसित भारत बनेगा यह संकल्प पत्र के रूप में जनता के सामने प्रस्तुत हुआ है।

### जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति का संकल्प पत्र

भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डॉ बाबासाहेब अंबेडकर हमारे संविधान निर्माता की जन्मदिन पर जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति का यह संकल्प पत्र है। जिसको केवल कुछ लोगों ने बैठकर नहीं बनाया, प्रधानमंत्री के आह्वान पर 15 लाख से ज्यादा सुझाव आए हैं, व्यक्तियों ने संस्थाओं ने सुझाव दिए हैं। सही अर्थों में यह जनता का जनता के लिए और जनता के द्वारा बनाया गया संकल्प पत्र है। जिसमें 2047 का भारत कैसा होगा इसका रोडमैप बनाया गया है। विकसित भारत यह हमारा लक्ष्य और इसकी पूर्ति के लिए हर संभव उपाय समाज के हर वर्ग का कल्याण इस पर निहित है। पूर्व सीएम ने कहा कि एक तरफ इंफ्रा का विकास टूरिज्म को आगे बढऩे से लेकर अनंत रोजगार की संभावना वाला संकल्प है। यह गरीबी से पूर्णत: मुक्ति का संकल्प पत्र है यह नारी सशक्तिकरण का संकल्प पत्र है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनेंगे यह किसानों की आय बढ़ाने का संकल्प पत्र है। इसमें जनता की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी पूर्ति के लिए ठोस रोड मैप है और मैं समझता हूं कि सारा देश इसका स्वागत करेगा।

# आरसीबी और सनराइजर्स का मुकाबला आज

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी। आरसीबी की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल एक मैच ही जीत पायी है। इससे टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। ऐसे में उसका लक्ष्य घरेलू मैदान पर इस मैच में जीत दर्ज कर अपनी लय हासिल करना रहेगा। टीम की विफलता का कारण बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोर प्रदर्शन रहा है। बल्लेबाजी के दौरान अब तक केवल विराट कोहली ही रन बना पाये हैं जबकि अन्य बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। वहीं गेंदबाजी भी प्रभावहीन रही है। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स का प्रदर्शन उसके मुकाबले कहीं अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल





दावेदार मानी जा रही है। सनराइजर्स ने अब तक 5 में से 3 मैच जीते हैं। सनराइजर्स पिछले 2 मैच जीती है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसने इस सत्र में आईपीएल का सबसे बड़ स्कोर भी बनाया है। ऐस में बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर उसे रोकना आरसीबी के लिए बेहद कठिन रहेगा। इस मैदान पर गेंदबाजों को खासा संघर्ष करना पड़ता है। गेंद बल्ले पर आसानी से आती है वहीं मैदान भी काफी छोटा है, जिसके कारण जमकर चौके और छक्के लगते हैं। स्पिनर्स को हालांकि यहां कुछ सहायता मिलती है। जिसका लाभ दोनो ही टीमों के स्पिनर उठाना चाहेंगे। इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन का टारगेट भी जीत के लिए पर्याप्त नहीं होता।

आईपीएल के इतिहास में इस मैदान पर अब तक कुल 91 मैच खेले गए हैं, जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 38 जबकि दूसरी बार बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 49 में जीत दर्ज की है। ऐसे में आरसीबी को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो विराट के अलावा उसके कप्तान फाफ डु प्लेसी और अन्य बल्लेबाजोंको भी रन बनाने होंगे। वहीं सनराइजर्स के पास ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को धवस्त कर सकते हैं।

**दोनों टीमें इस प्रकार है-**

**सनराइजर्स हैदराबाद-** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

## सोशल मीडिया में शेयर करें मतदाता जागरूकता वाली सेल्फी

### और जीतें 51, 31 और 21 सौ रुपये का इनाम

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी और जिपं सीईओ डीएस रणदा द्वारा शनिवार को स्थानीय मोती गार्डन में मेरा वोट मेरी ताकत सेल्फी स्टैंड का उद्घाटन किया गया। अब ये सेल्फी स्टैंड आपको अच्छा सा पुरस्कार प्रदान कर सकती है। इसके लिए आपको मेरा वोट मेरी ताकत सेल्फी स्टैंड के साथ फोटो और वीडियो बनाकर अच्छा सा संदेश बनाकर सोशल मीडिया में प्रसारित करना होगा। अगर आपका संदेश मतदाताओ से मतदान की बेहतर अपील करता है तो आप पुरुस्कृत हो सकते है। इस सम्बंध में जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए प्रभावशाली सन्देश वाली सेल्फी व वीडियो को पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें सेल्फी व वीडियो एक ही श्रेणी है। इस प्रतियोगिता में उम्र व वर्ग का कोई बंधन नही है। साथ ही सेल्फी व वीडियो को सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा शेयर व लाइक्स मिलने पर निर्धारण में पॉइंट्स दिए जाएंगे। स्वीप नोडल अधिकारी श्री रणदा ने बताया कि जागरुकता वाला प्रभावशाली जागरुकता संदेश के साथ फोटोग्राफ्स एवं विडियों क्लिप बना कर सोशल मीडिया में शेयर करना होगा। प्रतिभागियो के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की एक विशेष फोटोग्राफी प्रतियोगिता है। इसके लिए 17 अप्रैल शाम 5 बजे तक अच्छे गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स एवं विडियों क्लिप बनाकर परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नेत्रा उइके के व्हाट्सप्प नम्बर 9424028150 पर या ईमेंल sveep-bal@gmail.com पर प्रेषित कर सकते है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रुपए 5100 द्वितीय स्थान रुपए 3100 एवं तृतीय स्थान रुपए 2100 का पुरस्कार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान किया जाएगा। किसी भी प्रकार कि विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय प्रशासन का होगा ।

## धवन के कंधे में चोट के कारण करेन ने कप्तानी की - बांगड़

मल्लांपुर। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा है कि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे में चोट के कारण इस मैच में नहीं उतर सके। इसके अलावा इस मैच में तेज गेंदबाज सैम करेन के कप्तानी करने को लेकर हुए विवाद को बांगड़ ने आधारहीन बताते हुए कहा है कि ये पहले ही



तय था कि करेन कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभाएंगे। इस मैच में सभी का अनुमान था कि उपकप्तान जितेश शर्मा टीम की कमान संभालेंगे पर ऐसा नहीं हुआ। जिसे देखकर टीम के प्रशंसक भड़ गये। उनका मानना था कि जितेश को उप कप्तान होने के नाते कप्तानी मिलनी चाहिये थी पर इस मैच में ऐसा नहीं हुआ। बांगड़ ने रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच के बाद कहा कि जितेश को टीम का उपकप्तान नहीं बनाया गया था। बांगड़ ने जितेश को कप्तानों के फोटोशूट में पंजाब की ओर से भेज जाने का भी कारण बताया है। उन्होंने कहा, ' जितेश नामित उप कप्तान नहीं थे। हम बिल्कुल स्पष्ट थे कि यदि जरूरत पड़ी तो करेन कार्यवाहक कप्तान होंगे। उन्होंने पहले भी हमारे लिए ये काम किया है। उन्हें भारत पहुंचने में देरी हो गई थी इस कारण जितेश को भेजा गया था।' बांगड़ ने कहा, ' आईपीएल का नियम कहता है कि आप केवल एक खिलाड़ी को नामित कर सकते हैं. इसलिए हमने उनकी जगह जितेश को कप्तानों के फोटोशूट सेमिनार में भेजा था।

## नेपाल के दीपेंद्र एक ही ओवर में छह छक्के लगाने वाले विश्व के तीसरे क्रिकेट बने

नई दिल्ली। नेपाल के क्रिकेटर दीपेंद्र सिंह ऐरी ने कतर के खिलाफ एक मुकाबले में छह गेंदों पर छह छक्के लगाकर एक अहम रिकार्ड बनाया है। इसके साथ ही दीपेंद्र ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप में एक ओवर में लगातार 6 छक्के लगाने वाले तीसरे क्रिकेटर बन गये हैं। इससे पहले भारत के युवराज सिंह और विंडीज के कीरोन पोलार्ड के नाम एक ओवर में छक्के छक्के का रिकार्ड है। दीपेंद्र ने एसीसी मेंस टी20 प्रीमियर कप में कतर के खिलाफ मुकाबले के अंतिम ओवर में ये अहम उपलब्धि हासिल की।

दाएं हाथ के बल्लेबाज दीपेंद्र ने नीदरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2018 में डेब्यू किया था। वह नेपाल के उभरते हुए ऑलराउंडर हैं। बल्लेबाजी के साथ ही वह ऑफ ब्रेक गेंदबाजी भी करते हैं। पिछले साल 2023 सितंबर और अक्टूबर में चीन




के हांगझोउ में आयोजित एशियाई खेलों में केवल 9 गेंदों पर अर्धशतक लगाकर दीपेंद्र ने सभी का ध्यान खींचा था। इस प्रकार उन्होंने युवराज के 2007 के विश्व कप में 12 गेंदों पर अर्धशतक लगाने के रिकार्ड को तोड़ा था।

दीपेंद्र एक मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हैं। 17 साल की उम्र में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। दीपेंद्र 2016 अंडर 19 विश्व कप में भी खेल चुके हैं। उन्हें आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। वह पहली गेंद से ही प्रहार करना शुरू कर देते हैं। वह बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों क्षेत्रों में टीम के लिए अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कतर के खिलाफ मैच में नाबाद 64 रन बनाए। नेपाल ने इस मैच को 32 रन जीता। दीपेंद्र को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला। उन्होंने गेंदबाजी में भी 2 विकेट लिए थे। दीपेंद्र ने 55 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 896 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 3 अर्धशतक बनाये थे। उनका एकदिवसीय में सबसे अधिक स्कोर 105 रन रहा है. गेंदबाजी में दीपेंद्र ने अपनी स्पिन बॉलिंग से 38 विकेट लिए हैं। उनके नाम 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 1560 रन हैं।

## यशस्वी की नेटवर्थ 16 करोड़ से अधिक पहुंची

नई दिल्ली । आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का बल्ला अब तक खामोश है पर जहां तक उनकी कमाई की बात है। वह तेजी से बढ़ती जा रही है। अपने करियर के शुरुआत दौर में कमजोर आर्थिक हालात के कारण संघर्ष करने वाले यशस्वी के पास आज करोड़ों की संपत्ति है। यशस्वी की नेटवर्थ आज लगभग 16 करोड़ से अधिक है जबकि पिछले साल ये करीब 12 करोड़ रुपये थी जबकि साल 2019 में उनका नेटवर्थ लगभग 2 करोड़ था जो साल 2020 में बढ़कर 5 करोड़ पहुंच गयी। वहीं 2021 में यह 8 करोड़ जबकि 2023 तक यह बढ़कर यह 12 करोड़ से ज्यादा हो गयी थी। पिछले साल यशस्वी जायसवाल ने मुंबई में एक आलीशन फ्लैट भी खरीदा था।



यशस्वी को घरेलू क्रिकेट से भी अच्छी कमाई होती है। बीसीसीआई 21 प्रथम श्रेणी मैचों से कम खेलने वाले खिलाड़ियों को 40000 रुपये प्रति दिन देती है। इसके अलावा वह लिस्ट ए और टी20 मैचों से भी अच्छी खासी रकम हासिल करते हैं। वह विज्ञापन से भी लगभग एक करोड़ रुपये हर साल कमाते हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट से ही वह लगभग 24 लाख से ज्यादा कमा चुके हैं। उन्हें साल 2020 में राजस्थान रॉयल्स ने 2 करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं साल 2021 में भी उन्हें यही रकम मिली पर साल 2022 में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 4 करोड़ में बरकरार रखा।

## पंजाब की हार से निराश नजर आयीं प्रीति जिंटा

मल्लांपुर। पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग के 27वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अंतिम ओवर में हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में एक समय पंजाव एक समय जीत रही थी जिससे टीम की मालकिन प्रीति जिंटा खुशी थी पर शिमोन हेटमायर ने दो छक्के लगाकर पास पलटते हुए राजस्थान टीम को जीत दिला दी। इस मैच में प्रीति जिंटा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 147 रन बनाये थे। इसके बाद हेटमायर ने अंतिम ओवर में दो छक्के लगाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। पंजाब टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन के चोटिल होने से इस मैच में सैम कुरेन ने कप्तानी की। धवन के नहीं होने से टीम तेज शुरुआत नहीं कर पायी। आशुतोष सिंह ने अच्छी बल्लेबाजी कर टीम को 147 रन तक पहुंचाया।

## हेटमायर की आतिशी बल्लेबाजी से रॉयल्स जीती

मल्लांपुर। शिमरोन हेटमायर के अंतिम ओवरों में लगाये गये दो छक्कों की सहायता से राजस्थान रॉयल्स ने यहां हुए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही रॉयल ने अपनी पांचवीं जीत दर्ज की है। हेटमायर का इस मुकाबले में स्ट्राइक रेट 270 रन रहा। उन्होंने 10 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर मैच को बेहद रोमांचक बनाया। इसी कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला। हेटमायर ने अपनी इस बल्लेबाजी पर खुशी जतायी है।

इस मैच में रॉयल्स को जीत के लिए अंतिम 14 गेंद में 30 रन की जरूरत थी। ऐसे में हेटमायर और रोवमैन पोवेल ने पांच गेंद में ही 11 रन बना दिये। इस प्रकार उनकी टीम को 6 मैच में 5वीं जीत मिली। हेटमायर ने अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए। इससे पंजाब से मिले 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाकर जीत हासिल की।



हेटमायर ने जीत के बाद कहा, 'यह पारी केवल अभ्यास के कारण संभव हुई है, मैं नेट सत्र पर बड़े शॉट खेलने का प्रयास करता हूं। मैं छक्के मारने के पूरे प्रयास करता हूं। मुझे खुशी है कि मैंने आज अपनी टीम की सहायता की है। 'राजस्थान रॉयल्स को अंतिम ओवर में जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी पर अर्शदीप ने शुरुआती दो गेंद में एक भी रन नहीं दिया जिसके बाद रायल्स की हार तय हो गयी थी।

इसी को लेकर हेटमायर ने कहा, 'शुरुआती दो गेंद के बाद दबाव बन गया था पर फिर मैंने गेंद को तेजी से मारने का प्रयास किया।' उन्होंने तीसरी गेंद पर छक्का और चौथी गेंद पर दो रन लेने के बाद छक्का लगा दिया।

## जेक फ्रेजर ये सिर्फ ट्रेलर...संकट में आया गिल का रिकॉर्ड

लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स के लिए 22 साल के जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया। जेक फ्रेजर को आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को रूप में दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा था। अपने आईपीएल करियर की दूसरी ही गेंद पर जेक फ्रेजर ने छक्के से अपना खाता खोला। उनका दूसरा स्कोरिंग शॉट भी छक्का था। उनका दूसरा छक्का 96 मीटर लंबा था।

युवा विदेशी बल्लेबाजों के लिए भारतीय सरजमीन पर में आकर रन बनाना इतना आसान नहीं होता। कई बल्लेबाज आते हैं लेकिन स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ



सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट जाते हैं। लेकिन जेक फ्रेजर के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने आईपीएल के सबसे कंजूस गेंदबाजों में शामिल क्रुणाल पंड्या की ही खबर ले ली। क्रुणाल के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ने के साथ ही उन्होंने सिर्फ 31 गेंदों पर डेब्यू मैच में ही फिफ्टी ठोक दी।

जेक फ्रेजर ने 35 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेली, जिसकी हर जगह चर्चा हो रही है। लेकिन यह सिर्फ ट्रेलर है। मैकगर्क इससे कहीं ज्यादा खतरनाक बैटिंग कर सकते हैं। प्रोफेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड मैकगर्क के ही नाम है। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में शतक ठोका था। उसके पहले सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने आईपीएल में 30 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी थी। अब उनके आईपीएल में आने यह यह रिकॉर्ड भी खतरे में है। लखनऊ की पिच पर गेंदबाजों के लिए भी मदद थी। इसके बाद भी मैकगर्क ने तेजी से रन बनाए।

## टी20 विश्व कप के लिए टीम में कौन होगा विकेटकीपर..इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने दी राय

मुंबई। आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज जगह बनाने के लिए छह खिलाड़ी दावेदार हैं। फिलहाल मौजूदा आईपीएल में सभी दावेदार फॉर्म दिखा रहे हैं, उस हिसाब से ऋषभ पंत, संजू सैमसन और इशान किशन के बीच बड़ी प्रतिस्पर्धा खड़ी हो गई है। बीसीसीआई ने अप्रैल के अंत तक आईसीसी प्रतियोगिता के लिए15 सदस्यीय टीम की घोषणा करनी है। इसके बाद माना जा रहा है कि इन तीनों में से किसी एक को ही टीम में जगह मिलेगी। वहां किस्मत वाला प्लेयर कौन हो सकता है, इस पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने अपनी राय रखी है।

गिलक्रिस्ट का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत को विश्व कप टीम में निश्चित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पंत निश्चित रूप से टीम में होगा। और मैं संजू सैमसन को भी लूंगा। किशन बहुत अच्छे मामले को आगे बढ़ा रहे हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है।



लेकिन मुझे लगता है कि पंत, अगर वह लॉक इन नहीं हैं, तब उन्हें लॉक इन किया जाना चाहिए।

बता दें कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन 157.69 की स्ट्राइक रेट से 246 रन और तीन अर्द्धशतक के साथ इन संभावित खिलाड़ियों में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। गिलक्रिस्ट ने स्वीकार किया कि ईशान 182.39 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाकर मजबूत दावा पेश कर रहे हैं, जिसमें गुरुवार को आरसीबी के खिलाफ 34 गेंदों में 69 रन की पारी भी शामिल है।

इन तीनों के अलावा केएल राहुल, जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल सभी विश्व कप टीम में दो कीपिंग पोजीशन के लिए दावेदार थे। जितेश आगे थे क्योंकि वह नवंबर के बाद से 11 में से 7 टी20 खेल चुके हैं। लेकिन आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए वह प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसी तरह ज्यूरेल को राजस्थान रॉयल्स में लगातार खराब बल्लेबाजी के कारण आलोचना का शिकार होना पड़ा। केएल राहुल भी खराब स्ट्राइक रेट के कारण निशाने पर है।

## बडोनी ने अपनी अच्छी बल्लेबाजी का श्रेय कप्तान और कोच को दिया

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी अच्छी पारी का श्रेय कप्तान केएल राहुल और कोच जस्टिन लैंगर को दिया है। बडोनी ने कहा कि राहुल और लैंगर ने जिस प्रकार से खराब दौर में उनका साथ दिया। उससे उनका हौंसला बढ़ा है। बडोनी ने इस मैच में 35 गेंद में 55 रन बनाए जिसकी



सहायता से लखनऊ ने सात विकेट पर 167 रन बनाए हालांकि दिल्ली ने ये मैच जीत लिया। बडोनी ने कहा, 'सत्र की शुरूआत अच्छी नहीं हुई पर मैं नेट पर अच्छा खेल रहा था। मैं राहुल और लैंगर का अभारी हूं जिन्होंने लगातार मेरा हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, 'मैं बल्लेबाजी करते समय देर तक टिककर खेलने के बारे में सोच रहा था। इसके बाद भी मुझे लगता है कि हम 20 रन पीछे रह गए। उन्होंने कहा, 'मैने राहुल से काफी बात की और उन्होंने हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाया है। वह कहते हैं कि तुम सर्वश्रेष्ठ हो और फिनिशर की भूमिका निभा सकते हो। इसके अलावा कोच ने भी मेरा अच्छा तालमेल है। मैं पिछले साल ऑस्ट्रेलिया गया था और वहां भी कई चीजें सीखीं थीं। मैं वहां जस्टिन के साथ दस दिन के एक शिविर में रहा जिससे भी मुझे सहायता मिली।


दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आम्रे का मानना है कि पहली बार आईपीएल में खेल रहे जैक फ्रेसर मैकगुर्क की पारी से टीम को लाभ मिला। मैकगुर्क ने 35 गेंद में ही 55 रन बना दिये। आम्रे ने कहा, 'जैक ने शानदार पारी खेली। साथ ही कहा कि उसकी पारी से इस मैच में अंतर आया।

## तीसरे शतक से चूके दुनिया के दो महान बल्लेबाज

### - एक 199 पर अटका तो दूसरा 199 पर हुआ आउट

नई दिल्ली। इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट के 146 साल के इतिहास में अब तक दो बैटर ही 299 के स्कोर पर पहुंचने के बावजूद तिहरे शतक से वंचित रहे हैं, इसमें से एक बैटर को पूरी टीम के आउट होने के कारण नाबाद पवेलियन लौटना पड़ा था जबकि दूसरा 299 रन के स्कोर पर आउट हुआ था। ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रेडमैन 1932 में 299 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे थे जबकि न्यूजीलैंड के मार्टिन क्रो को 1992 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में 299 के स्कोर पर आउट हो गए थे।

तिहरा शतक चूकने वाले पहले बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रेडमैन थे जिन्होंने वर्ष 1932 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में 23 चौकों की मदद से 299 रन बनाए थे और पूरी टीम के आउट होने से वह नाबाद रहे थे। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 308 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई पारी 513 रनों पर खत्म हुई। डॉन ब्रेडमैन ने 299 (नाबाद) रन बनाए थे जबकि ओपनर बिल वुडफुल ने 82 रन बनाए। बिल पांसफोर्ड (5) के रूप में पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद ब्रेडमैन और वुडफुल के बीच दूसरे विकेट के लिए 186 रन की साझेदारी



खेली और दूसरे दिन स्टंप्स के समय ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का स्कोर चार विकेट पर 302 रन था और ब्रेडमैन 170 तथा कीथ रिग 32 रन पर खेल रहे थे।

टेस्ट के तीसरे दिन एक छोर से विकेट गिरते रहे और दूसरी तरफ से डॉन ब्रेडमैन रन बनाते रहे। ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट 499 पर गिर गए थे और सभी को उत्सुकता यही थी कि डॉन ब्रेडमैन तिहरा शतक पूरा कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए पड थर्लो के साथ 14 रन बनाए इस समय ब्रेडमैन 299 रन बना चुके थे। दुर्भाग्यवश 513 के स्कोर पर थर्लो रन आउट हो गए और ब्रेडमैन 299 रन ही बना पाए। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 205 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीकी 274 रन ही बना गई। जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया को 70 रन बना थे जो टीम ने बिना विकेट खोए हासिल कर लिया था। वैसे 1932 के एडिलेड टेस्ट में 299 पर नाबाद रहने से पहले 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ ब्रेडमैन तिहरा शतक बना चुके थे।

ब्रेडमैन के 299 रन पर के बाद 58 साल बाद एक और टेस्ट क्रिकेट में एक अंक से तिहरा शतक चूका। यह बल्लेबाज थे न्यूजीलैंड के मार्टिन क्रो 1991 में श्रीलंका के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में मार्टिन दूसरी पारी में 299 के स्कोर पर आउट हो गए। उन्हें नॉन रेगुलर बॉलर अर्जुन रणतुंगा की गेंद पर विकेटकीपर तिलकरत्ने ने कैच किया। मार्टिन क्रो जब अब इस दुनिया में नहीं है उनका यही टेस्ट में सर्वोच्च स्कोर रहा। मैच में न्यूजीलैंड टीम ने पहली पारी में 174 और दूसरी पारी में चार विकेट खोकर 671 रन कर पारी घोषित कर दी थी जबकि श्रीलंका की पहली पारी 497 रन पर समाप्त हुई थी। ड्रॉ रहे इस टेस्ट में क्रो प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किए गए थे। मार्टिन क्रो के बाद इंग्लैंड के एलिस्टर कुक (294), भारत के वीरेंद्र सहवाग (293), वेस्टइंडीज के विव रिचर्ड्स और रामनरेश सरवन (291-291 रन) और न्यूजीलैंड के रॉस टेलर (290) भी 290 से 300 के बीच के स्कोर पर आउट हो चुके हैं।

टेस्ट क्रिकेट में अब तक 12 बेस्टमैन 199 रन पर आउट हो चुके हैं. इसमें भारत के मोहम्मद अजहरुद्दीन व केएल राहुल भी शामिल है और दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी व डीन एल्गर शामिल हैं। खास बात यह है कि इन चारों बेस्टमैनों का टेस्ट करियर टॉप स्कोर 199 ही है और ये दोहरा शतक नहीं बना सके। अजहर, डुप्लेसी और एल्गर रिटायर हो चुके हैं लेकिन राहुल के पास अभी भी 199 के 'बैरियर' को तोड़कर दोहरा शतक बनाने का मौका है। इन चार बेस्टमैनों के अलावा श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज और सनथ जयसूर्या.पाकिस्तान के मुदस्सर नजर और यूनिस खान, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव वॉ, स्टीव स्मिथ और मैथ्यू इलियट तथा इंग्लैंड के इयान बेल भी 199 के स्कोर पर आउट हो चुके हैं।

## अब करीब 10 दिनों तक नहीं खेल पायें धवन

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन चोटिल होने के कारण अब करीब 10 दिनों तक नहीं खेल पायें। धवन का नहीं खेलना पंजाव के लिए करारा झटका है क्योंकि अब तक इस सत्र में धवन ने टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये हैं। धवन चोटिल होने के कारण ही राजस्थान रॉयल्स से खिलाफ मुकाबल में भी नहीं उतरे थे। इसी के बाद टीम के मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा कि धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन खेल से बाहर रहेंगे। धवन इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल पाये थे और उनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, 'उसके कंधे में चोट लगी है और इस कारण वह अभी कुछ दिन तक बाहर रहेगा। धवन जैसे अनुभवी सलामी बल्लेबाज की कमी टीम को खेलेगी।

# भाजपा के संकल्प पत्र का संकल्प ही मोदी की गारंटी- भारती पारधी

## ओबीसी, एससी, एसटी को हर क्षेत्र में सम्मान : संविधान जनक डां बाबा साहब को शत-शत नमन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भारती पारधी ने रविवार को सर्व प्रथम स्थानीय आंबेडकर चौंक में संविधान जनक डां बाबा साहब आंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर श्री चरणों में शत-शत नमन किया। बाबा अमर रहे का जयघोष करते हुए जनकल्याण और सर्वांगीण विकास का आशीर्वाद लिया। बाद विधानसभा- सिवनी में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद डां ढालसिंह बिसेन, विधायक दिनेश राय मुनमुन के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में गांव-गांव, वार्ड, वार्ड सघन जनसंपर्क किया। जिसके तहत भाजपा ने पाथरफोडी, करकोटी, चीजबंद, डुंगरिया, जनता नगर, पिपरीया, सुकवाह, सिंघोडी, गांधी चौक मे शुकवारी सभा, गोपालगंज, मरझोर, बम्होडी, लखनवाड़ा, कारीरात, कातलबोडी, पिपरडाही, कोहका, सुकरी, कमकासुर, जैतपुर कला, खैरी कला, पुसेरा, घोटी, दिघोरी, गंगई, गरठिया, राहीवाड़ा, बंडोल, कुकलाह, बीसाबाडी, पौडी, कलारबाकी में जन आशीर्वाद मांगा।



### आपके सपने हमारी जिम्मेदारी

यहां भारती पारधी ने कहा, भाजपा के संकल्प पत्र का संकल्प ही मोदी की गारंटी है। इसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास शामिल है। हमारा संकल्प वादा का पटारा नहीं है। इसके मायने इससे कहीं अलग हैं। आपने पिछले 10 साल में देखा है कि क हर वादा पूरा करना मोदी की गारंटी है। 2014 में हमें आपका आशीर्वाद और समथर्न मिला तो हम इन बड़े बदलाओं को कर पाए। 2019 में पहली बार से बड़ा जनादेश मिला तो विकास की गति और तेजी से आगे बड़ी। बड़े-बड़े निणर्य लिए गये। आपकी आशा-आकांक्षा को पूरा करना हमारा मिशन है। आपके सपने हमारी जिम्मेदारी है। आइये हम सब मिलकर मलकर ऐसा देश बनाएं जिस पर हमारी भावी पीढ़ी को गौरव हो।

### जीरो बिजली बिल

भारती पारधी ने कहा, संकल्प पत्र का संकल्प हैं कि, आने वाले पांच साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी। मुफ्त राशन, पानी और गैस कनेक्शन और पीएम सूर्यघर से जीरो बिजली बिल। आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा। अब हर 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग का निःशुल्क उपचार होगा। मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर, स्वास्थ सेवाओं का विस्तार। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होगी, हर नागरिक को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त होगी। 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करेंगे। युवाओं के लिए लाखों रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### 3 करोड़ लखपति दीदी

भारती पारधी ने कहा, नारी तू नारायणी के तहत आगे 3 करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। महिला स्व सहायता समूह को सर्विस सेक्टर से जोड़कर नए अवसर देंगे। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर पर विशेष ध्यान देंगे। महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाए जाएंगे। नारी वंदन अधिनियम को लागू करेंगे। बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश करेंगे। श्री अन्न को सुपर फूड की तरफ स्थापित करेंगे। नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा करेंगे। कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे। मछुआरों के लिए नाव का बीमा।

### 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष

भारती पारधी ने कहा, टैक्सी ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, कुली और घर में काम करने वाले श्रमिकों ई-श्रम पर जोड़ कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देंगे। हाईवे पर ट्रक चालकों के लिए आधुनिक सुविधाएं बनवाएंगे। भारत की सांस्कृतिक भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था उच्च शिक्षण संस्थाओं में करेंगे। 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करेंगे। एकलव्य स्कूल, पीएम जनमन, वन उत्पादों में वैल्यू एडिशन एवं ईको टूरिज्म को बढ़ावा देंगे। ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों को जीवन के हर क्षेत्र में सम्मान देंगे।

### भारतीय न्याय संहिता होगी लागू

भारती पारधी ने कहा, विश्वभर में रामायण उत्सव मनाएंगे। अयोध्या का विकास होगा। 5 जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी का विस्तार करेंगे, 6 जी पर काम करेंगे। भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक सख्त कार्रवाई होगी। भारतीय न्याय संहिता लागू होगी। वन नेशन, वन इलेक्शन। भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की गारंटी। रेलवे में नई पटरियां जुड़ेंगी। नई वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनें आएंगी। वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनेंगे, आने वाले वर्षों में वेटिंग लिस्ट की समस्या खत्म होगी। 2047 तक उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करेंगे। पेट्रोल आयात को कम करेंगे।

## भाजपा संविधान को समाप्त करना चाहती है - सम्राट सरस्वार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र क्रमांक 15 से कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरस्वार ने रविवार को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर नगर के अम्बेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके सम्मान में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही मीडिया के साथ एक अनौपचारिक चर्चा में उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान को बदलना चाहती है यह बात हम नहीं भाजपा के सांसद भी सार्वजनिक सभाओं में खुलकर बोल रहे है। भाजपा का बाबा साहब प्रेम केवल दिखावा है।



सम्राट के अनुसार अस्पृश्य दलित व शोषित वर्ग का उत्थान ही डॉ. अम्बेडकर का सामाजिक चिंतन था। जिसके लिये वे सदैव लड़ाई लड़ते रहे। संविधान में सभी वर्गो के अधिकार, सम्मान की शुचिता का समावेश करके दलितों, वंचितों वर्ग में क्रांतिकारी बदलाव लाने का उन्होंने प्रयास किया और सामाजिक न्याय की रक्षा की। अम्बेडकर जी सामाजिक न्याय के पुरोधा थे, जिसके फलस्वरूप गरीब व असहाय लोगों के लिये क्रांतिकारी बदलाव लाया। समाज के निचले स्तर के लोगों को समाज में चलने, शिक्षा ग्रहण करने में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिये उन्होंने जो योगदान दिया वह सदा चिरस्मरणीय रहेगा।

## भारती पारधी ने बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा क्षेत्र बालाघाट -सिवनी लोकप्रिय प्रत्याशी भारती पारधी ने अपनी भावभीनी शब्दांजलि में कहा, पूज्य बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा हैं। उन्होंने स्थानीय अंबेडकर चौक पहुंचकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भारती पारधी ने कहा कि डॉ. बी आर आंबेडकर के संघर्षों ने लाखों लोगों के भीतर उम्मीद जगाई।



जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्हें मेरा सादर नमन। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। हमें महामना, शिक्षा रत्न के बताएं मार्गों पर चलकर जनकल्याण के कार्यों को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करना होगा। येही हमारे गर्व और गौरव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## भरवेली में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई आम्बेडकर जयंती

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भरवेली में भी संविधान रचयिता डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जहां सामाजिक बंधुओ ने रैली निकाल कर बाबा साहेब आम्बेडकर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया। इस दौरान भरवेली हीरापुर सहित अन्य आसपास के ग्रामो में जगह-जगह बाबा साहेब आम्बेडकर और विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका जय घोष किया गया। तो वही जगह-जगह सभा का आयोजन कर बाबा साहब आम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। जहां प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी भरवेली में सुबह से लेकर देर रात तक विभिन्न कार्यक्रमों के




आयोजन किए गए तो वही इस रैली में शामिल युवा भीम गीतों पर झूमते नाचते नजर आए । इसी दौरान अंजुमन इस्लामिया कमेटी मुस्लिम समाज द्वारा इस रैली में शामिल बौद्ध अनुयायियों को स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस दौरान अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर हाजी इसराइल साहब, रहीम खान, मुबीन खान, इमरान खान ,रियाज उल हक, सलमान खान, हाजी आबिद खान, डॉ फिरोज खान और शाहिद खान सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व मुस्लिम सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## थाईलैंड से आई बुद्ध प्रतिमा का हुआ अनावरण

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। भारत रत्न संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती पर कटंगी के प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में थाईलैंड देश से प्राप्त बुद्ध प्रतिमा का अनावरण और विहार का लोकार्पण किया गया। अंबेडकर जयंती के मौके पर सुबह 11 बजे सर्वप्रथम बस स्टैंड स्थित अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष भिक्खु संघ, अंबेडकर और बौद्ध उपासक-उपासिकाओं ने माल्यार्पण कर बुद्ध-धम्म वंदना की। जिसके बाद नगर में पैदल रैली निकाली गई। जिसने पूरे शहर का भ्रमण किया। दोपहर में अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े के निवास से श्रामणेर शांति रैली निकाली गई। रैली प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार पहुंचकर कार्यक्रम के रूप में तब्दील हुई। जयंती समारोह में पहुंचे भदंत लोबझांग तेम्पा (तिब्बत), भदंत धम्म शिखर (बालाघाट), भदंत जीनानंद (म्यांमार), क्रांतिकारी भंते विनाचार्य (लखनऊ), बौद्ध अंबेडकर मिशन के प्रखर वक्ता अधिवक्ता गुरूप्रसाद मदन (इलाहाबाद), एस.एल.गेड़ाम (सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी) और इंजीनियर अजय रावतकर, जयंती समारोह कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े जिलाध्यक्ष जिला बौद्ध संघ बालाघाट के हस्ते विहार को लोकार्पण और प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां वक्ताओं ने डॉ बाबा साहब अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और समाज के आज के परिदृश्य को लेकर अपने-अपने विचार रखें। सार्वजनिक जयंती समारोह, जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा, नगर शाखा, प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार समिति, महिला समिति कटंगी के संयुक्त तत्वाधान में जयंती समारोह का आयोजन करवाया गया था। समारोह में बड़ी संख्या में शहर और ग्रामीण अंचलों से अंबेडकर और बौद्ध अनुयाई शामिल हुए।

उक्त जयंती समारोह में तिब्बत से आए भदंत लोबझांग तेम्पा ने तिब्बती भाषा में बुद्ध और धम्म वंदना की। वहीं भंदत धम्म शिखर ने जगत विख्यात धम्मदूत भदंत संघरत्न मानके (जापान) की गैरमौजूदगी में उनके आदेशानुसार जापानी में बुद्ध और धम्म वंदना की। जिसका उपासक-उपासिकाओं ने अनुसार किया। वहीं पहली बार अंबेडकर जयंती समारोह में श्रामणेरों के द्वारा शांति रैली भी निकाली गई। बस स्टैंड स्थित बी.आर. अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष वंदना के बाद श्रामणेरों ने शांति रैली निकाली। जिसका नेतृत्व भंते धम्म शिखर ने किया। भदंत लोबझांग तेम्पा, क्रांतिकारी भंते विनाचार्य रथ पर सवार थे।



अंबेडकर जयंती पर मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बौद्ध अंबेडकर मिशन के प्रखर वक्ता अधिवक्ता गुरूप्रसाद मदन ने कहा कि अम्बेडकर की सामाजिक न्याय की अवधारणा सभी मनुष्यों की स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के लिए है. वह एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था के पक्ष में थे जो सभी क्षेत्रों में मनुष्य-मनुष्य के बीच सही संबंधों पर आधारित हो. उसकी जिंदगी। एक बुद्धिवादी और मानवतावादी के रूप में वे किसी भी प्रकार के पाखंड, अन्याय और शोषण को स्वीकार नहीं करते थे। बाबा साहब शोषण मुक्त समाज की रचना करना चाहते थे। अंबेडकर आंदोलन के आधार है। डॉ बाबासाहेब अंबेडकर का जो सपना था वह शोषण मुक्त समाज की रचना करना था। गुरुप्रसाद मदन ने कार्यक्रम के मंच से महिलाओं को संविधान एवं आधुनिक कानून और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करने की सफल कोशिश की। उन्होंने यह भी कहा कि कोई समाज या देश तभी प्रगतिशील माना जाएगा, जब तक समाज की अंतिम सीड़ी पर खड़ा अंतिम व्यक्ति गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत करने लगे।

अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को सदैव सर्वोपरि रखा। बाबा साहब अंबेडकर ने गलत को गलत और सही को सही कहा चाहे फिर उसका अंजाम जो भी हो। महिलाओं के हक अधिकारों, जातिविहीन समाज की स्थापना करना उनका सपना था। बाबा साहब अंबेडकर ने कमजोर वर्ग, निचले तबके के लोग, मजदूर और महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समानता का अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका मकसद था समाज से जात-पात, छुआछूत और वर्ण व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म करना। लेकिन उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया, जब उन्होंने हिंदू धर्म को छोड़ बौद्ध धर्म अपना लिया. हिंदू धर्म छोड़ने का निर्णय किया। उन्होंने कहा कि, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व ये तीनों ही चीजें विकास के लिए बहुत जरूरी है और मुझे वह धर्म पसंद है, जो ये तीनों चीजें सिखाता हो। बाबा साहेब का मानना था कि, धर्म मनुष्य के लिए है ना कि मनुष्य धर्म के लिए। बाबा साहेब के मतानुसार, हिंदू धर्म में इन तीनों चीजों का अभाव था, इसलिए भीमराव अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म अपना लिया।

## आज होगी निर्वाचन से सम्बंधित विभिन्न बैठके

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। **कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न बैठके आयोजित होगी। इसमें लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक सुबह 10 से 12 तक कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में, निर्वाचन संबंधी तैयारियों के संबंध में बैठक जिपं सभागार में 3 से 4 बजे तक तथा सामग्री वितरण प्लानिंग पर चर्चा के लिए समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक जिपं सभागार में शाम 4 बजे से 5 बजे शामिल है।**

## डहरवाल समाज संगठन की अर्जुन टोला में हुई बैठक

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। हिंदू नव वर्ष नवरात्रि के उपलक्ष्य में डहरवाल समाज संगठन की विशेष बैठक तिरोड़ी तहसील के ग्राम अर्जुनटोला में आयोजित की गई. बैठक की शुरुआत में सर्वप्रथम आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद सामाजिक विषय और मंदिर निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। सोमवार को मंदिर भूमि पूजन करने पर चर्चा हुई। इसके पूर्व जिले से निर्धारित एजेंडा के अनुसार डहरवाल समाज में अंतरजातीय विवाह पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सभी प्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए। डहरवाल समाज ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अंतरजातीय विवाह करता है तो उसे समाज से दंडित किया जाएगा साथ ही कुछ समय के लिए उन्हें समाज से बाहर रखा जाएगा। अंतर्जातीय विवाह के दौरान यदि समाज के कोई भी व्यक्ति या रिश्तेदार उनके कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं तो उन्हें भी समाज संगठन के द्वारा सामाजिक परंपरा के अनुसार दंडित किए जाने पर विचार किया गया। वहीं बैठक के दौरान अंतिम निर्णय समाज संगठन के प्रांतीय और जिला कार्यकारिणी के भरोसे छोड़ दिया गया।



## परसवाड़ा में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब अम्बेडकर की 134 वी जयंती

परसवाडा (पद्मेश न्यूज़)। 14 अप्रैल को युग प्रवर्तक, शिल्पकार और समाज सुधारक संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर मुख्यालय परसवाड़ा में बौद्ध समाज, एसटी एससी ओबीसी एकता मंच एवं आदिवासी व स्वजातीय बंधुओं सर्व समाज द्वारा बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ जयंती मनायी गई। इस अवसर पर परसवाड़ा विश्राम गृह मे एकत्रित होकर संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये लिंगा बस स्टैंड पर बाबा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया साथ ही बौद्ध विहार मे दीप प्रज्ज्वलित किया गया । इस दौरान परसवाडा से बिजाटोला से लिंगा तक जय भीम के नारे के साथ रैली निकाली गई है जिसके पश्चात सभी पुन विश्राम गृह के समीप भवन पहुँचे ! इस दौरान सभा का आयोजन किया गया, नन्हे नौनिहालो के सांस्कृतिक कार्यक्रम समपन्न हुये ! कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि अतिथि लघुवनोपज समिति जिलाध्यक्ष अशोक मंडलेकर सहित क्षेत्र के नागरिकों की मौजूदगी रही।



## अंबेडकर की जयंती पर बौद्ध समाज ने निकाली रैली

उकवा (पद्मेश न्यूज़)। 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. बी. आर . अंबेडकर की जयंती पर बौद्ध समाज उकवा द्वारा रैली निकाली गई । रैली उकवा का भ्रमण करते हुये गुदमा केम्प पहुंची, यहां पर रैली का



स्वागत उकवा सोशल कम्युनिटी पदाधिकारी एवं सदस्यो द्वारा पुष्प गुच्छो से किया गया एवं शीतल पेय शरबत का वितरण किया गया । इस प्रकार ग्राम गुदमा , समनापुर, सोनपूरी , जगनटोला में बड़े ही धूमधाम से डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की जयंति मनाई गई । आयोजन को सफल बनाने के लिए कमेटी के सदस्य दिलीप मरकाम ,विजय सहारे ,अरमान खान, फिरोज आलम, आशीष चौहान, राजेश भारद्वाज , अनिल सावनकर , विक्की घरडे , रुद्र मरकाम, वंश धुर्वे % सम्प्रज्ञान सहारे आदि समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यो का सराहनीय योगदान रहा । इसी तरह कमेटी द्वारा विगत दिनो खजूर पर्व पर शरबत पेयजल का वितरण किया गया था। जिसकी आम ग्रामीण जनता द्वारा भूरी- भूरी प्रशंसा की गई । समिति द्वारा आगे आयोजित पर्वो पर इसी तरह के आयोजन निरंतर करती रहेगी।

## कांग्रेस उम्मीदवार के लिये वर्तमान, पूर्व विधायक और सांसद लगा रहे पूरी ताकत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र क्रमांक 15 के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार का चुनाव प्रचार अभियान जैसे-जैसे मतदान की तिथि निकट आते जा रही है उसी तरह से प्रचार प्रसार कार्य भी घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई व सेवादल के जो पदाधिकारी है वह भी अपनी अपनी तरह से योगदान देने का कार्य कर रहे है। वहीं दूसरी तरफ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं बैहर के विधायक संजय उइके ने आदिवासी क्षेत्रों की कमांड अपने हाथों में संभाली है, परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत भी अपने क्षेत्र के ग्रामों के साथ बाजारों में जाकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आव्हान कर रहे है। वहीं लांजी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक सुश्री हीना कावरे भी अपने क्षेत्र की पूरी कमांड संभालते हुए प्रतिदिन जनसम्पर्क व नुक्कड़ सभा लेकर सक्रियता को बनाये हुए है।



जबकि बालाघाट विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे द्वारा लगातार बालाघाट, लालबर्रा क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण करके नुक्कड़ सभा के माध्यम से कांग्रेस के प्रचार प्रसार को धार देने का प्रयास कर रही है। जबकि विधायक विक्की पटेल, वारासिवनी, खैरलांजी, रामपायली क्षेत्र में गांव-गांव घूमकर जनसम्पर्क और नुक्कड़ सभा के माध्यम से अपनी बात रख रहे है। वहीं बालाघाट जिले के पूर्व सांसद बोधसिंह भगत एवं पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत भी खैरलांजी, कटंगी विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क करने के साथ उम्मीदवार के साथ वह नुक्कड़ सभी आदि कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जनता के बीच बने हुए है। इन सब के बीच उम्मीदवार सम्राट सरस्वार के पिता एवं बालाघाट विधानसभा क्षेत्र से 8 वर्षो तक विधायक रहने वाले अशोक सिंह सरस्वार भी लगातार अपने संबंधों को जीवित करते हुए दूरभाष के माध्यम से पूरे जिले में अपने लोगों से सम्पर्क स्थापित करके कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आव्हान करते हुए सहयोग की अपील कर रहे है। उल्लेखित है कि सरस्वार परिवार से जुड़े दानवीर राणा हनुमान सिंह जिनका जिले के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी दुहाई देकर भी कांग्रेस नेता जनता से समर्थन मांग रहे है। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिकूल राजनीतिक परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता उम्मीदवार सम्राट सरस्वार के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करते हुए भाजपा सरकार की कमियों से जनता को अवगत कराते हुए यह बता रहे है कि किस तरह से भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। चुनाव प्रचार के इसी क्रम में बरघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अर्जुन काकोडिया भी इस आदिवासी बाहुल्य विधानसभा सीट पर कांग्रेस के प्रचार को गति प्रदान करने में पीछे नहीं है जबकि सिवनी की कमांड जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने संभाला हुआ है जो जनसम्पर्क व नुक्कड़ सभा व संगठन के लोगों के साथ बैठक करके प्रचार अभियान को गति प्रदान करने के लिये कार्य कर रहे है। प्रारंभिक क्षणों में लग रहा था कि कांग्रेस को चुनाव प्रचार में अनेक तरह की दिक्कतें आ सकती है परन्तु वर्तमान समय कांग्रेस के नेता एकजुटता के साथ कार्य करते हुए जनता से सीधा संवाद स्थापित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आव्हान जनता से कर रहे है। हालांकि भाजपा की तरह कांग्रेस की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को छोडकर कोई बड़ा नेता प्रचार अभियान में भाग लेने के लिये जिले में नहीं आया, इसके बावजूद कांग्रेस का प्रचार कार्य तीव्र गति से आगे बड़ रहा है। मुकाबला भाजपा के साथ बराबरी का नजर आ रहा है। उम्मीदवार सम्राट सरस्वार भी प्रयास कर रहे है कि वह अधिक से अधिक पार्टी कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराये।

## पुलिस ने ग्राम मोहगांव के छतरपुरटोला में दबिश देकर पकड़ी शराब

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना रामपायली अंतर्गत १४ अप्रैल को ग्राम मोहगांव के छतरपुर टोला में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर ६ नग खाकी कोर्टून में ३०० पाव शराब जप्त की गयी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन में लोकसभा चुनाव २०२४ के परिपेक्ष्य में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव रामपायली पुलिस के द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम मोहगांव के छतरपुरटोला में दबिश देकर दशेन्द्र पिता स्व. भेजनलाल जैतवार उम्र ३७ वर्ष निवासी मोहगांव छतरपुरटोला के कब्जे से ६ नग खाकी कलर के कार्टून में १८० एमएल सफेद प्लेन देशी मंदिरा शराब की प्रत्येक कॉर्टून में ५०-५० पाव कुल ३०० पाव यानी ५४ लीटर शराब जिसकी अनुमानित किमती करीब २१००० रुपये की शराब बरामद की गई। जो बिक्री करने के उद्देश्य से लेकर जाना आरोपी बताया। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट की धारा ३४ के तहत अपराध पंजीबध्द कर उसे न्यायालय पेश कर जेल निरुद्ध किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपायली चन्द्रजीत यादव ,उपनिरीक्षक प्रीतकुमार पांडे ,सहायक उपनिरीक्षक राजीव जाचक, प्रधान आरक्षक विवेक ठाकरे ,आलोक बिसेन ,राकेश लोधी का सराहनीय योगदान रहा है।

## महिलाओं से जुड़ी कोई भी योजना नहीं होगी बंद

# कांग्रेस संविधान को बदलने का झूठ फैला रही है-डॉ मोहन यादव






लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शिव की धर्मनगरी लांजी में प्रथम नगर आगमन 14 अप्रैल को नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में दोपहर 3 बजे हुआ जहां उन्होने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार किया। सीएम यादव हैलीकाप्टर के माध्यम से लांजी पंहुचे जहां हैली पैड पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे, विधायक राजकुमार करहिे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे एवं सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया गया। इसके उपरांत सीएम श्री यादव सबसे पहले भगवान कोटेश्वर नाथ के दरबार पंहुचकर पूर्ण आस्था के साथ कोटेश्वर नाथ का अभिषेक पूजन किया तथा प्रदेश की खुशहाली के लिये प्रार्थना की। पुजारी उदित गोस्वामी के द्वारा अभिषेक पूजन करवाया गया। इसके उपरांत सीएम श्री यादव सभा स्थल पंहुचे जहां भाजपा मण्डल लांजी, भाडरा, किरनापुर, भानेगांव के पदाधिकारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस दौरान मंचासीन पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, विधानसभा प्रभारी अभय सेठिया, विस्तारक ओम बिरला, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, रेखा ताराचंद कालबेले, राणा कल्याण सिंह, अविनाश रैंच, हिराचंद आसटकर, गोपाल आडवाणी, शिव दशहरे, सीताराम रावते, महेन्द्र पटले, कपिल अग्रवाल, सोहन उपराड़े, दुलीचंद राजनीरे, विजय मस्करे, अशोक बापुरे, सुशीला दुग्गड़, उषा पशीने, वनिता रामटेक्कर, मोना कौर, मीना बिलगौर, दुर्गा रामटेक्कर सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंचासीन रहें।

मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव ने चुनावी सभा का संबोधन कोटेश्वर नाथ एवं मॉ दुर्गा के श्री चरणों में नमन करते हुये कहा कि वर्ष में दो बार नवरात्र आती है। हम इस दौरान शक्ति का संचय करते है। हम नवरात्र में मातृशक्ति की जय-जयकार करते है। हमारा विश्वास, आस्था और भावना ऐसी है,कि हमने 29 में 6 लोकसभा सीटों पर माता-बहनों को टिकिट दिया है। माताएं बहने सभी आश्वस्त रहे यह भाजपा की सरकार हैं महिलाओं से जुड़ी कोई भी योजना हमारी सरकार बंद नहीं करने वाली हैं। जिन योजनाओं का लाभ हमारे देश की माताओं बहनों को मिल रहा है वह निरंतर मिलता रहेगा। सीएम डॉ मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि पड़ोस में एक नेता है, जिनका बेटा चुनाव लड़ रहा है, जिनके घर में हेलीकॉप्टर है, जो उसका उपयोग अपने मौज-मजे के लिए करते है। उसे गरीबी क्या मालूम होगी। हमने गरीबी देखी है, इसलिए हम गरीबी का दर्द समझते है, इसलिए हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि यदि प्रदेश के कोई गरीब को बाहर उपचार के लिए ले जाने की जरूरत पड़े तो उसे सरकार अपने खर्च से एयर एम्बुलेंस उपलब्ध कराएगी। उन्होने कहा गरीबों को प्रधानमंत्री आवास बनाकर दिया है, माता-बहनों को चूल्हे से मुक्ति दिलाकर उज्जवला गैस कनेक्शन दिलाया, यह गरीबों का सम्मान है। केन्द्र सरकार की कई योजनाओं ने गरीबों की तकदीर बदलने का काम किया है। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश में परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा दिया हैं, और अपने पूर्वजों से लेकर नाती-पोतो तक को देश में राज करने का अवसर दिया और देश की जनता को धोखा देने का कार्य किया है जिससे हमारा देश सिर्फ और सिर्फ गर्त में गया है। कांग्रेस सिर्फ परिवार वाद की राजनीति जानती है। उन्होने कहा कांग्रेस संविधान को बदलने का झूठ फैला रही है। भाजपा के लिए हमेशा अंबेडकर जी आदर्श रहे है। यदि बाबा साहब का संविधान नहीं होता तो नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं बनते। हम उनका कैसे अपमान कर सकते है और कैसे उनके संविधान को बदल सकते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर देश की जनता को गुमराह कर रही है। कांग्रेस के समय किसी भी आदिवासी, एससी और ओबीसी के व्यक्ति को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया। पहले जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री बने, उसके बाद उनकी बेटी इंदिरा गांधी और उनका बेटा राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। अब उनके भैया पैदल-पैदल घूम रहे है, उन्हें नहीं पता कि क्या कर रहे। कांग्रेस ने हमेशा रिमोर्ट से सरकार को चलाया है।

### ये मोदी जी की गारंटी है

कांग्रेसी हिन्दुओं को सम्मान की निगाहे से नहीं देखते है। हमारा देश भगवान राम, भगवान कृष्ण के नाम से दुनिया में जाना जाता है। उन्होंने जनता से कहा कि फिर देश में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है, सुशासन लाना है, गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं की जिंदगी बदलना है तो हमें भाजपा को आशीर्वाद देना है। इस दौरान उन्होंने साथ खड़े होकर सबको संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का नया बजट आएगा तो धान का भी बोनस दिया जाएगा, यह भाजपा और मोदी की गारंटी है, वह पूरी होगी। महिलाओं से संबधी कोई भी योजना बंद नही होगी। मुख्य मंत्री मोहन यादव के द्वारा अपना संबोधन समाप्ती की ओर था इसी दौरान विधायक राजकुमार करहिे के द्वारा किसानों के लिये एवं कोटेश्वर धाम के संबंध में बात की तो उनकी बात को तव्वजो देते हुये सीएम श्री यादव के द्वारा कहा गया कि निश्चित ही हम महाकाल लोक की तरह कोटेश्वर धाम को भी विकसीत करेंगे तथा मेरे किसान भाई बिल्कुल भी चिन्ता ना करे हम जुलाई के बजट के बाद किसानों को बोनस राशि अवश्य प्रदान करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

भुवनभाऊ रहांगडाले, बलिराम शिवणकर, निलचंद हरिनखेड़े, महेन्द्र उमरे, विजय खेरे, लीलाधर रावते, डॉ अमृत मेश्राम, केशव बिसेन, रामकुमार राणा, गोविन्द्र उमरे, सोहन नगपुरे, तारांचद कालबेले, शीशा गोस्वामी, कैलाश गोस्वामी, दिनेश कचवाहे, देवेश ऐडे, दुर्गा रामटेक्कर, वीणा उपराडे, चुमेश लिल्हारे, योगेश कुर्राहे, मुकेश गौतम, सुलोचना सोनवाने, गौरी उपवंशी, किरण कचवाहे, राजा लिल्हारे, केशर बिसेन, अनुराम चतुरमोहता, सुनैना नगपुरे सरिता जोशी, लक्ष्मण भाजीपाले, सुलभ किरनापुरे, श्यामा मुरकुटे, माया रहमतकर, सुनीता रॉय, खुर्शीदा बानो, सुमन परिहार, डिलेश्वरी पारधी, सपना मस्करे, पदमा कबीरे, मीरा लिल्हारे, भुवनेश्वरी कबीरे, सरस्वती बारेकर, भारती चुटे, कस्तुरा वाकड़े, तेजेश्वरी गोदुले, सहित हजारो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लामता थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम डोंगरबोड़ी मैं इसी ग्राम के एक व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत हो गई । 13 अप्रैल को यह घटना उसे समय हुई जब यह व्यक्ति अपने घर की बकरी चराने के लिए अपने गांव के तालाब तरफ लाया था। लामता पुलिस ने मृतक फन्दूलाल पिता स्व,. सूडन मड़ावी 56 वर्ष की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फन्दूलाल मड़ावी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में बेटा दिनेश मड़ावी 36 वर्ष के अलावा पत्नी और अन्य लोग हैं। यह भी बताया गया है कि फन्दूलाल अपने घर की बकरी चराता था और बकरी लेकर 12 बजे घर लौट जाता था। रोज की तरह 13 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे फन्दूलाल ने अपने घर की बकरी को चराने के लिए गांव के सरकारी तालाब तरफ ले गया था। 12:00 बजे बकरी घर वापस लौट गई। किंतु फन्दूलाल घर नहीं लौटा था। तब उसके बेटे दिनेश मड़ावी ने गांव केअन्य लोगों के साथ अपने पिता फन्दुलाल की आसपास खोजबीन किये किंतु फन्दूलाल नहीं मिला। शाम 6:00 बजे तालाब किनारे तलाश करने पर तालाब किनारे फन्दूलाल की लाश पड़ी हुई थी। जिसकी सूचना दिनेश मड़ावी ने डायल 100 को दी। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक नीरज मिश्रा ग्राम डोंगरबोड़ी पहुंचे और सरकारी तालाब से मृतक फन्दूलाल की लाश बाहर निकलवाई । 14 अप्रैल को फन्दूलाल की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की गई है कि तालाब में बकरी को पानी पिलाते समय अचानक पैर फिसलने से फन्दूलाल तालाब में गिर गया जिससे उसकी तालाब में डूबने से मौत हो गई। आगे मर्ग जांच उप निरीक्षक नीरज मिश्रा द्वारा की जा रही है।

## मोटरसाइकिल की ठोकर से एक व्यक्ति घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। वारासिवनी थाना अंतर्गत कटंगी रोड ग्राम आगरी के पास मोटरसाइकिल की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया घायल व्यक्ति नरवरसिंह पिता राखडू परते 35 वर्ष ग्राम मैंदाटोला शेरपार थाना वारासिवनी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरवरसिंह परते अपने परिवार के साथ मजदूरी करता है। 13 अप्रैल की रात्रि 8:00 बजे करीब नरवरसिंह परते अपने गांव के अमर टेकाम ललित टेकाम के साथ पैदल रोड से ग्राम आगरी तरफ जा रहे थे। तभी वारासिवनी की ओर आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलाकर नरवर सिंह परते को ठोस मार दिया। मोटरसाइकिल की ठोकर से नरवरसिंह परते घायल हो गया। जिसे उसके परिवार वालों ने 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। नरवरसिंह को ठोस मारकर फरार मोटरसाइकिल का नंबर एमपी 50 एम ए 4402 बताया गया है।

ANJUMAN URDU SCHOOL
(ENGLISH MEDIUM)
Needed a Principal and teachers
Teachers for all main subjects
Preference - B.ed, D.ed, bachelor's degree
Office time - 9am to 1pm
Classes from NURSERY to 6th
Add-Ward No.09, Jama Masjid Chowk, Baihar Road, Balaghat
Mo. 9407314594




# बारात में जाने से सूने हुए मकान को चोरों ने बनाया निशाना

## 1 लाख 60 हजार रुपये के नगदी, सोने चांदी की जेवरात चोरी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम कान्द्रीखुर्द में चोरों ने सुने मकान को निशाना बनाते हुए, मकान का ताला तोड़कर करीब 1 लाख 60हजार रुपए कीमत के नगदी, सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली गुरुवार की रात्रि यह चोरी उस समय हुई जब इस मकान के रहवासी परिवार ग्राम सेवती बारात में गए हुए थे। किरनापुर पुलिस ने सुभाष बारबुदे 35 वर्ष ग्राम कान्द्रीखुर्द निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर जान शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष बारबूदे राजमिस्त्री का काम करते हैं। 11 अप्रैल को उनके काका भाई मोहन बारबूदे की शादी होने से 7:30 बजे सुभाष अपने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ ग्राम सेवती बारात में चले गए थे। शादी का कार्यक्रम होने के बाद सुभाष की पत्नी नीलिमा, बहु पायल, रीमा, ब और मां इमला बाई अपने घर कान्द्रीखुर्द वापस आ गए थे। सुभाष और उनका मंझला भाई विकास शादी वाले के यहां ही रुक गए थे। जब सुभाष की पत्नी नीलिमा अपने घर पहुंची तब उसने अपने घर के सामने के दरवाजा का ताला टूटा हुआ देखा और उसने अपने पति सुभाष को फोन करके बताई। घर में चोरी होने की खबर मिलते ही सुभाष अपने भाई विकास के साथ तुरंत वापस अपने गांव कान्द्रीखुर्द आ गए। जिन्होंने घर के अंदर जाकर देखें कमरे में रखी गोदरेज की अलमारी एवं लकड़ी की अलमारी का ताला टूटा हुआ था ।दोनों के पल्ले खुले हुए थे। चेक करने पर उनमें रखे पुराने इस्तेमाली सोने चांदी के जेवरात नहीं थे। चोरी गये जेवरातो में दो जोड़ी सोने के झाले, एक जोड़ी सोने की कनछड़ी, सुभाष के मंझले भाई विकास के कमरे को चेक करने पर उसके कमरे की अलमारी का भी लॉक टूटा हुआ था। चेक करने पर विकास की पत्नी के दो जोड़ी सोने के कान के झाले, तीन नग सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल, सोने की एक नथ, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया, तीन नग चांदी की चेन, सोने की एक हाय, तीन जोड़ी चांदी के मनघट, एक जोड़ी चांदी के कड़े, एक जोड़ी सोने की मनी, एक चेक बुक, नगद 10 हजार रुपए के अलावा घर में लगा सीपी प्लस कंपनी का सीसीटीवी कैमरे का डी वी आर अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में घर का ताला तोड़कर और घर के अंदर घुसकर चोरी कर लिए। चोरी गए नगदी सोने चांदी के जेवरात्तों की कीमत 1 लाख 60 हजार रुपये बताई गई है। किरनापुर पुलिस ने सुभाष पिता योगराज बारबुदे 35 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

